राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

# दैनिक बुलन्द संदेश

R.N.I No. UPHIN/2013/57267

आपकी आवाज करे बुलन्द

ईदुल अज़हा की दिली मुबारकबाद

गाजियाबाद, सोमवार 17 जून 2024 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्ष: 11 अंक: 103, मूल्य: 2 रुपये, पृष्ठ -12













Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

# गंगा दशहरा स्नान पर लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई गंगा में आस्था की डुबकी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**अनूपशहर।** जेष्ठ गंगा दशहरा स्नान पर लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई गंगा में आस्था की डुबकी जाम में फंसे रहे यात्री। भीषण गर्मी के बावजूद भी श्रद्धालुओं का सैलाब उमरपडा श्रद्धालु छोटी काशी वर्णित अनूपशहर के बाबा मस्तराम घाट कुंज घाट परशुराम घाट त्रिवेणी घाट जाह्नवी घाट दिनेश घाट लाल महादेव घाट मंसूरी घाट क्षेत्र के मां अवंतिका मंदिर घाट सिद्ध बाबा घाट करनवास घाटों पर जेष्ठ गंगा दशहरा स्नान पर लाखों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई और बाबा मस्तराम समाधि हर हर महादेव मंदिर के दर्शन कर सुख समृद्धि की कामना की घाटों पर मुंडन संस्कार सत्यनारायण की कथा धार्मिक आयोजन किए सामाजिक कार्यकताओं ने मीठे शरबत की जगह-जगह प्याऊ लगाई भंडारे के आयोजन भी किए गए नगर पालिका अध्यक्ष बृजेश गोयल के नेतृत्व में पालिका ने घाटों पर विद्युत व्यवस्था मोबाइल शौचालय गोताखोर नाव स्टीमर बैरिकेडिंग पार्किंग महिला चेंजिंग रूम आदि व्यवस्था की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के द्वारा घाटों पर मेडिकल कैंप लगाया गया दशहरा मेले में उपजिलाधिकारी नवीन कुमार पुलिस क्षेत्राधिकार डॉ. अनूप सिंह ने मेले का पल पल का निरीक्षण करते रहे पुलिस प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह राठौड़ ने मेले में चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात रही जाम में फंसे यात्रीओं को पुलिस ने बड़ी मशक्कत से जाम से मुक्ति दिलाई।

# केरल के राज्यपाल मोहम्मद आरिफ खान ने दी भारतीय संस्कृति के गुण महत्व की जानकारी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**शिकारपुर।** केरल के राज्यपाल महामहिम आरिफ मोहम्मद खान ग्राम सरगांव में भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष कुलदीप शर्मा आवास पर आयोजित देवी मां के जागरण में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ शनिवार की डेढ़ साल दीप प्रज्वलित करके द्वितीय विशाल मां भगवती जागरण का शुभारंभ किया। बड़ी संख्या में सभी ने राज्यपाल का माल्यार्पण व बुके देखकर स्वागत किया। अपने उद्बोधन में समावेशी विचारधारा पर बल दिया। ईश्वर को शब्दों और आकृति में बांधा नहीं जा सकता ,न ही तीर्थ स्थलों में ढूंढा जा सकता है। वह उनसे परे है। वह तो एक चेतना के रूप में हर प्राणी के अंदर मौजूद है । ईश्वर एक है। देवियां दुर्गा, लक्ष्मी, और सरस्वती के रूप में पूजी जाती है ,वह नारी स्वरूप है जो नारी के प्रति सम्मान का भाव प्रकट करता है। जो राष्ट्र, जो समाज नारी का सम्मान करता है उसे प्रगति से कोई रोक नहीं सकता । उन्होंने हिंदू और मुस्लिम दोनों धर्मो में एक समावेशी विचारधारा का आह्वान किया।

# डंपिंग ग्राउंड में लगी दम घोटू आग से मोहलेवासियों का सांस लेना हुआ मुश्किल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**गुलावठी (सैय्यद मजहर)।** पीर खा में रहने वाले लोग इस समय दमघोंटू हवा में सांस लेने को मजबूर हैं। धुआं पूरे आसमान में फैल गया। देखते ही देखते आसपास के पूरे इलाके में आसमान काला पड़ गया।
नगर के पीर खा डंपिंग ग्राउंड में एक बार फिर आगे लगी है नगर पालिका के कर्मचारी की लापरवाही से आसपास के क्षेत्र में रहने वाली लगभग 10 हजार आबादी के लोगो को परेशान उठानी पड़ रही है नगर पालिका परिषद का डंपिंग ग्राउंड शहर के अंदर बना हुआ है इस पूरे में डंपिंग ग्राउंड में अक्सर आग से लगती रहती है जिससे आसपास के लोगों को भारी की दिक्कत का सामना करना पड़ता है। शहर से निकलने वाला तमाम कूड़ा यहां डाला जाता है जिस के कारण यहां आए दिन आग लगती रहती है बस्ती में रहने वाले लोग इस समय दमघोंटू हवा में सांस लेने को मजबूर हैं। कई बार शिकायत के बाद कभी-कभी कर्मचारी आकर आग पर पानी डालते हैं जाते है तो कभी लापरवाही बरत जाते हैं तीन रोज से डंपिंग ग्राउंड में फिर से आग लगी गई है इस के धुएं से आसपास के लोगों का जीना मुश्किल हो गया है । लोगों का आरोप है कि शिकायत करने के बाद भी कर्मचारी आग बुझाने नहीं आ रहे हैं जिस के कारण आसपास की कई बस्ती में मोहल्ले के लोगो को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# योग मनुष्य को निरोगी बनाता है तथा संकल्प शक्ति में वृद्धि प्रदान करता है : प्राचार्य प्रो0 योगेश कुमार त्यागी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**गुलावठी (सैय्यद मजहर)।** देवनागरी महाविद्यालय में 21 जून को होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पृष्ठभूमि में राजभवन के निदेर्शानुसार विद्यार्थियों तथा शिक्षकों ने योग करने की सामूहिक शपथ ली। सांस्कृतिक परिषद के मुख्य संयोजक डॉ पुष्पेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि विश्व योग दिवस के अवसर पर भारत सरकार की ओर से गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में रिकॉर्ड बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके पालन में राजभवन के द्वारा प्रत्येक विश्वविद्यालय को आधिकाधिक संख्या में योग की शपथ दिलाने तथा योग को जीवन में आत्मसात करने के लक्ष्य दिए गए हैं जिनकी पूर्ति हेतु विद्यार्थियों को योग करने की शपथ दिलाई गई। प्राचार्य प्रोफेसर योगेश कुमार त्यागी ने अपने संदेश के माध्यम से कहा कि योग मनुष्य को निरोगी बनाता है तथा संकल्पशक्ति में वृद्धि करता है। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए संस्कृत विभाग के सहायक आचार्य हरित शर्मा ने कहा की योग का अर्थ जोड़ना है यह मन को शरीर से तथा अंतस को बाह्य से जोड़ता है। अर्थशास्त्र के सहायक अध्यापक भवानी सिंह बत्रा ने कहा कि स्वस्थ रहने से देश के आर्थिक संसाधनों का प्रयोग क्षमता निर्माण में किया जा सकेगा। डॉ महेंद्र कुमार ने कहा कि भारत योग का अंतरराष्ट्रीय ब्रांड बन चुका है। डॉ संदीप कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को विद्यार्थियों को किसी शारीरिक गतिविधि में सक्रिय रहने की सलाह दी। अतुल तोमर ने कहा की योग करने से मानसिक विकास होता है। नरेश कुमार तथा श्याम प्रकाश ने नए विद्यार्थियों से अपील की के प्रत्यक्ष छात्र गूगल लिंक के माध्यम से विश्व रिकार्ड बनाने में अपना योगदान दे।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में आई 16 शिकायतें,सिर्फ दो निस्तारित

# शिकारपुर तहसील सभागार में एसडीएम प्रियंका गोयल की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का किया गया आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**शिकारपुर।** तहसील सभागार में एसडीएम प्रियंका गोयल, की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में 16 फरियादी शिकायत लेकर पहुंचे। इनमें से दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर शेष शिकायतों का गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण करने के निर्देश विभागीय अफसरों को दिए। शिकारपुर तहसील में एसडीएम प्रियंका गोयल की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 16 फरियादी अपनी फरियाद को लेकर पहुंचे । फरियादियों ने एसडीएम के समक्ष अपनी शिकायत रखकर निस्तारण कराने की मांग की । एसडीएम ने दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण करा दिया। अफसरों को शेष शिकायतों का गुणवत्ता पूर्वक त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार बेपरवाही नहीं की जाए ।
तहसील दिवस में बिजली पंखा से लेकर पानी तक के लिए अधिकारी और फरियादी परेशान रहे ।तहसील दिवस के दौरान सीओ. शोभित कुमार , तहसीलदार, तथा सम्बन्धित थाना प्रभारी, व अन्य विभागों के अधिकारी व प्रतिनिधि कर्मचारी आदि मौजूद रहे ।

# भीषण गर्मी सड़क पर जाम आम जनता है परेशान : संजय गोयल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**शिकारपुर ।** इतना अधिक टेंपरेचर इतनी भीषण गर्मी की मौसम विभाग को भी रेड अलर्ट जारी करना पड़ा सिर पर सूर्य की इतनी तपिश की बर्दाश्त से बाहर लेकिन फिर भी आम जनता की मजबूरी होती है कि जरूरी काम से बाहर भी निकालना पड़ता है और यदि हमारा टू व्हीलर सड़क पर जाम में फंस जाए तो हमें कैसा महसूस होता है जहां सड़क पर भीषण गर्मी में चलना भी मुश्किल हो वहां सूर्य की तपिश में सड़क पर खड़ा होना जैसे कोई सजा मिल जाने के बराबर लगता है यह कहना है समाजसेवी संजय गोयल का, संजय गोयल ने कहा कि देवीपुरा फर्स्ट छज्जू राम धर्मशाला के निकट ट्रांसफार्मर बिजली घर के क्षेत्र की बात करूं तो एक तो सड़क पर रोड़ी बिछी हुई है जो काफी समय से सड़क बनने के इंतजार में है उसके बाद दुकानदारों का नाले से आगे सामान रख अतिक्रमण करना सामान के आगे गाड़ी लोड अनलोड करना , उस पर भी खड़े हो जाते हैं ई-रिक्शा वाले मानो सड़क का रास्ता ही बंद हो जाता है और जब आम आदमी ऐसी स्थिति में सड़क पर जाम में फंसता है तो उसकी तकलीफ वही जानता है जबकि अधिक टेंपरेचर के कारण ट्रांसफार्मर में भी आग लगने की दुर्घटनाएं सुनने में आती रहती हैं ट्रांसफार्मर के निकट जाम लगना तो जनता के लिए खतरे से खाली नहीं प्रशासन भी मौन रहता है ना जाने उस पर ऐसा क्या दबाव है या क्या लालच है या क्या लाचारी जिसका इस तरफ कोई ध्यान नहीं जातो संजय गोयल ने कहा कि मैं ऐसे अपने व्यापारी साथियों से कहना चाहता हूं कि नाले से आगे अपनी दुकान का सामान रखने से बचें व दुकान के आगे टेंपो ई-रिक्शा ठेली आदि भी ज्यादा समय ना रुकने दें।

# ट्रेनिंग समाप्ति के उपरांत एसपी का हुआ भव्य विदाई समारोह

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सिकंदराबाद (सैय्यद मजहर)।** नगर कोतवाली में ट्रेनिंग पर चल रहे राजकुमार मीणा का कार्यकाल समाप्त हो गया ! वह एसपी के लिए ट्रेनिंग पर थे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने 3 महीने के लिए कोतवाली सिकंदराबाद में राजकुमार मीणा को ट्रेनर के रूप में नियुक्त किया था इसी क्रम में कुछ सब इंस्पेक्टर भी ट्रेनिंग पर नियुक्त किए गए थे राजकुमार मीणा का कार्यकाल समाप्त होने के उपलक्ष में बीती रात नगर कोतवाली में धूमधाम से विदाई समारोह का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में सभी पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे सभी ने राजकुमार मीणा को फूलमाला पहनकर वह प्रतीक चिन्ह देकर बड़े ही धूमधाम से उनका विदाई समारोह मनाया। इस अवसर पर पुलिस के आलाधिकारी भी मौजूद रहे।



# खुलासा: प्रेमी ने की थी मुनेश देवी की हत्या, हत्यारोपी गिरफ्तार भेजा जेल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**शिकारपुर ।** थाना सलेमपुर पुलिस ने मुनेश देवी की हत्याकाड का सनसनीखेज राजा करते हुए प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया। महिला प्रेमी के साथ रहने के लिए गई थी जिसे देखकर सहमे प्रेमी ने गला दबाकर जान ले ली थी। थाना प्रभारी पम्मी चौधरी ने पत्रकारों को बताया कि गत दिनांक 05.06.2024 को एक महिला का शव जनपद गौतमबुद्धनगर के थाना कसाना के ग्राम घंघोला के पास एक भूस के कमरे मे मिला था जिसका थाना कसाना पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कराकर अन्तिम संस्कार करा दिया गया था। मृतका के बेटे द्वारा शव के फोटो से महिला की शिनाख्त की गयी। मृतका की शिनाख्त मुनेश देवी पत्नी स्व0 जसवीर सिंह निवासी ग्राम रसूलपुर थाना सलेमपुर जनपद बुलन्दशहर के रूप मे हुई। उक्त के सम्बन्ध मे प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना सलेमपुर पर मुअसं- 139/24 धारा 302/201 भादवि पंजीकृत किया गया।
उक्त के क्रम मे आज दिनांक 15.06.2024 को थाना सलेमपुर पुलिस द्वारा घटना मे संलिप्त ऋषिपाल को ग्राम रसूलपुर गेट के पास गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी के सम्बन्ध मे थाना सलेमपुर पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। पुलिस पूछताछ में

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता–**
ऋषिपाल पुत्र नेतराम निवासी ग्राम बिलसूरी थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर बताया। अभियुक्त ऋषिपाल ने पूछताछ पर बताया गया कि उसके व मृतका के प्रेम सम्बन्ध थे दिनांक 04.06.2024 को मृतका अभियुक्त के पास रहने के लिए आ गयी तथा वापस जाने के लिए मना करने लगी।
अभियुक्त मृतका को अपने साथ नहीं रखना चहाता था इसलिए अभियुक्त अपने साथ मृतका को गौतमबुद्धनगर के थाना कासना के ग्राम घंघोला के एक भूस के कमरे मे ले गया तथा गला दबाकर उसकी हत्या कर दी और वहा से फरार हो गया।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–** मैपम्मी चौधरी थानाध्यक्ष सलेमपुर. उ0नि0 रणवीर सिंह, है0का0 जितेन्द्र यादव, का0 अमित कुमार, का0 अभिषेक कुमार शामिल रहे।

## पर्व की तैयारियां पूरी

## सुबह 7 बजे ईदगाह में होगी नमाज,गुलजार हुए बाजार

# आज ईदगाह के साथ मस्जिदों में भी अदा होगी नमाज,तैयारियां पूरी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** ईद उल अजहा का त्यौहार आज पूरे देश में मनाया जाएगा। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी हो गई है। पशुओं की खरीद-फरोख्त देर रात तक होती रही। बाजारों में भी काफी चहल-पहल

- **ईद उल अजहा आज, जमकर खरीदारी**
- **अफसरो ने ईदगाह पर तैयारी का जायजा लिया**

दिखाई थी। लोग खरीदारी के लिए उमड़े। ईद के पर्व को लेकर बाजारों में भी काफी हलचल देखने को मिली। मुख्यतः गवर्नमेंट्स व किराना की दुकानों सहित इमली बाजार में काफी भीड़ रही। नगर के सभी स्थानों पर बाजारों में रौनक देखी जा सकती है। गर्मी होने के बाद ही बाजारों में रौनक छाई हुई है। देर रात के समय बाजार में काफी चहल-पहल दिखाई दे रही है। बाजार में महंगाई का असर देखने को मिला है। पिछले वर्ष के मुकाबले इस बार हर चीज महंगी है। सुरक्षा की दृष्टि से नगर के मुख्य बाजार में पुलिस तैनात कर दी गई है। सोमवार की सुबह 7:00 बजे ईदगाह में ईद की नमाज अदा की जाएगी। बुलंदशहर रोड स्थित ईदगाह पर मौलाना मुफ्ती मोहम्मद आरिफ साहब नमाज अदा कर कराएंगे। करीरा वाली रोड स्थित ईदगाह पर मौलाना अकील अहमद साहब नमाज अदा कराएंगे। लोगों की भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। इसके अलावा रोड पर विभिन्न राजनीतिक दलो नगरपालिका के कैंप लगाए गए हैं। नगर पालिका परिषद अपने नगर की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। ईदगाह और मस्जिदों के आसपास




सफाई और चूना लगाने के निर्देश दिए। नगर पालिका ने ईद के मौके पर अधिक पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था की है। इसके अलावा पशुओं के अपशिटो के निस्तारण के लिए भी सफाई कर्मियों को लगाया गया है। सोमवार की सुबह इमली बाजार सरार्फा बाजार सहित अन्य स्थानों पर ईद के त्यौहार के लिए वाहनों का आवागमन बढ़ गया। बाजारों में रेडीमेड की दुकानों पर लोगों की कतारें लगी रही। वही परचून की दुकानों पर भी लोग खरीदारी करते दिखाई दिए। ईद पर बनने वाले विशेष शीर के लिए लोगों ने बाजार में सूखे मेवों की काफी बिक्री रही। ईद उल अजहा का त्यौहार 17 जून को पूरे देश में एक साथ हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इसके लिए लोगों ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। **ईदगाह में 7: बजे अदा होगी नमाज** शिकारपुर में मौलाना मुफ्ती मोहम्मद आरिफ ने लोगों से अपील की है कि सड़कों पर नमाज अदा नहीं होगी। नगर की बड़ी मस्जिदों में नमाज अदा होगी। ईदगाह में सुबह 7:00 बजे ईद उल अजहा की नमाज होगी। साथ ही अन्य मस्जिदों में भी नमाज का समय अलग-अलग निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि खुशी और भाईचारे के साथ ईद उल अजहा का पर्व मनाए।

अफसरों ने ईदगाह पर तैयारी का लिया जायजा
ईद उल अजहा की नमाज को लेकर सीओ शोभित कुमार, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश चतुवेर्दी ने ईदगाह कमेटी के पदाधिकारी के साथ ईदगाहो का निरीक्षण किया। सीओ मी नमाज को लेकर की गई व्यवस्थाओं को देखा और आसपास साफ सफाई करने की निर्देश दिए।

# वाइरल आडियो पर चेयरमैन पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पहासू ।** सोशल मीडिया पर वायरल आडियो पर संज्ञान लेते हुए पहासू थाने पर चेयरमैन पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पहासू के चेयरमैन पति अजमल खां उर्फ छोटे ने ऑडियो में एक धर्म विशेष के लिए भड़काऊ भाषा का प्रयोग करते हुए समाज मे द्वेष फैलाने की बात कही बताई जा रही है। हालांकि बुलंद सन्देश अखबार इस आडियो की पुष्टि नहीं करता। आडियो में अजमल उर्फ छोटे द्वारा कहा जा रहा है कि मै दबंग हूँ और इसी दबंगई पर लोगों ने मुझे वोट दिया है।आडियो में यह भी कहा गया कि ईओ को एक महीने तक मैने नगर पंचायत कार्यालय में घुसने नहीं दिया तथा कार्यालय का ताला लगा कर रखा।
मैने अपने सरकारी नम्बर .वाट्सअप पर सोशल मीडिया सेल द्वारा आवश्यक कार्यवाही हेतु भेजी आडियो क्लिप देखी। वाइरल क्लिप के आधार चेयरमैन पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



10 कुंडली भाग्य फेम अंजुम फकीह...



बीजेपी पर मल्लिकार्जुन खड़गे का हमला... 11

गाजियाबाद, सोमवार 17 जून 2024 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 11 अंकः 103, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

## न्यूज डायरी

### पटना में गंगा दशहरा के मौके पर बड़ा हादसा, श्रद्धालुओं से भरी नाव पलटी, 6 लोग लापता

**पटना (आरएनएस)।** बिहार की राजधानी पटना में गंगा दशहरा के मौके पर एक बड़ा हादसा हो गया. दरअसल, पटना के बाढ़ क्षेत्र में गंगा दशहरा के मौके पर गंगा स्नान के जा रहे श्रद्धालुओं की नाव पलट गई. नाव के पलटते ही वहां चीख पुकार मच गई. जानकारी के मुताबिक, ये हादसा बाढ़ क्षेत्र में उमानाथ घाट के पास हुआ. जहां श्रद्धालुओं से भरी नाव अचानक से गंगा में पटल गई. बताया जा रहा है कि जब नाव गंगा में पलटी तब उसमें 17 लोग सवार थे। नाव पलटते ही 11 लोग तो तैरकर बाहर निकल आए, लेकिन 6 लोग लापता हो गए. तैरना न आने की वजह से वह पानी से बाहर नहीं आ पाए. सभी लापता लोगों की गोताखोर खोज में लगे हैं लेकिन अभी तक उनकी कोई पता नहीं चला है. कई



अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए हैं. इसके साथ ही एसडीआरएफ की टीम भी बचाव अभियान में लगी हुई है। जानकारी के मुताबिक, उमानाथ घाट पर गंगा दशहरा के दिन जो नाव पलटी, उसमें एक ही परिवार के 17 लोग सवार थे. सभी नाव में बैठकर दियारा की ओर स्नान करने जा रहे थे. इससे पहले कि वह घाट पर पहुंचते नाव बीच में ही पलट गई. नाव पलटने की सूचना पर एसडीएम शुभम कुमार दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए. उसके बाद तलाशी अभियान चलाया गया। एसडीआरएफ की टीम डूबे हुए लोगों की तलाश में कर रही है. एसडीएम शुभम कुमार के मुताबिक, एक ही परिवार के 17 लोग नाव पर सवार थे, तभी ये घटना हो गई. जिसमें 13 सुरक्षित हैं. बाकी 4 लोगों की तलाश की जारी है. सभी लोग नालंदा के आस्थावा के रहने वाले हैं।

### कई राज्यों में बारिश के साथ आंधी की चेतावनी, जारी हुआ रेड अलर्ट

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** उत्तर भारत के कई राज्य गर्मी की चपेट में हैं. जून का दूसरा हफ्ता आ चुका है और मानसून की आगमन तो दूर की बात गर्मी का पारा चढ़ता ही जा रहा है. राजधानी दिल्ली समेत उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश में गर्मी का प्रकोप जारी है. हीटवेव और प्रचंड गर्मी की वजह से अब तक कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं. राहत के लिए सभी बस मानसून का इंतजार कर रहे हैं. इस साल मानसून कमजोर होने की वजह से अब तक इन राज्यों तक नहीं पहुंच पाया है. मौसम विभाग की मानें तो अभी मानसून के लिए कुछ दिन और इंतजार करना पड़ेगा. इस हफ्ते तो गर्मी से राहत मिलने के आसार नजर नहीं आ रहे




हैं. वहीं, तापमान फिलहला कुछ दिनों तक 45 डिग्री के आसपास बना रहेगा. कुछ जगहों पर 19 जून के बाद लू से राहत मिल सकती है, लेकिन कई जगहों पर लू का अलर्ट भी जारी किया गया है। बता दें कि पंजाब, दिल्ली, हरियाणा, बिहार, झारखंड, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में हीटवेव का अलर्ट जारी किया गया है. इन राज्यों में फिलहाल गर्मी की सितम जारी रहेगा. 20 जून के बाद दिल्ली वासियों को थोड़ी राहत मिलने की संभावना है. जून के अंत तक प्रदेश में मानसून की एंट्री हो जाएगी, जिसके बाद प्रचंड गर्मी से उत्तर भारत के लोगों को भी गर्मी से राहत मिलेगी. एक तरफ कुछ राज्यों में गर्मी और लू को लेकर ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया गया है. तो वहीं आईएमडी ने कुछ राज्यों में बारिश और आंधी का रेड अलर्ट जारी कर दिया है. इन राज्यों में सिक्किम, असम, पश्चिम बंगाल, अरुणाचल प्रदेश और मेघालय शामिल है. सिक्किम में तो भूस्खलन से शुक्रवार को 9 लोगों की जान चली गई. वहीं प्रदेश में 1200-1500 पर्यटक फंसे हुए हैं. जिन्हें राज्य सरकार बाहर निकालने में जुटी हुई है।

# अमित शाह के साथ अजीत डोभाल-सेना प्रमुखों की हाई प्रोफाइल बैठक

## कश्मीर में दहशतगर्दों की अब नहीं रहेगी खैर

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जम्मू- कश्मीर में हाल ही में हुए आतंकी हमलों के चलते दिल्ली में हाई प्रोफाइल बैठक कर रहे हैं। इस बैठक में वह घाटी में आतंकवाद विरोधी अभियानों को तेज करने के लिए सुरक्षाबलों और सैन्य अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दे सकते हैं। इसी महीने की 29 जून से शुरू होने वाली अमरनाथ तीर्थयात्रा की तैयारियों और श्रद्धालुओं को दी जाने वाली सुरक्षा व्यवस्था की भी केंद्रीय गृह मंत्री समीक्षा कर रहे हैं। गृह मंत्रालय में आज जो बैठक चल रही है। उस जगह टेबल के पीछे स्पेशल फोकस ऑन जम्मू रीजन का पोस्टर लगा हुआ है। इस पोस्टर से यह जाहिर होता है की जम्मू रीजन को ध्यान में रखते हुए यह अहम बैठक गृह मंत्रालय में अमित शाह की अध्यक्षता में की जा रही है। जम्मू-कश्मीर में आतंकियों ने किस तरीके से अपनी रणनीति बदली है? वह जम्मू को निशाना बना रहे हैं। उस हिसाब से सुरक्षा और खुफिया एजेंसी के अधिकारी इस बैठक में मंथन कर रहे हैं। इस बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी शामिल हुए हैं। इसके साथ ही इस बैठक में केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला, खुफिया ब्यूरो के




निदेशक तपन डेका, सीआरपीएफ के महानिदेशक अनीश दयाल सिंह, जम्मू-कश्मीर पुलिस के महानिदेशक आरआर स्वैन और अन्य शीर्ष सुरक्षा अधिकारी भाग ले रहे हैं। सेना के चीफ, वाईस चीफ, सेना के 15 और 16 कोर कमांडर भी बैठक में मौजूद हैं। अमित शाह जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति, अंतर्राष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा पर बलों की तैनाती व घुसपैठ के प्रयासों पर लगाम लगाने के लिए शीर्ष अधिकारियों से विस्तृत रूप से चर्चा करेंगे। पिछले सप्ताह आतंकवादियों ने जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में एक बस पर हमला कर दिया था। इस आतंकी हमले में 10 लोगों की जान चली गई थी। रियासी के साथ ही आतंकियों ने कठुआ और डोडा जिले के अलग-अलग चार स्थानों पर भी हमले किए थे।

कठुआ जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकवादी भी मारे गए थे। उनके पास से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया गया था। इस बीच घाटी में आतंकी घटनाएं जून के अंत में शुरू हो रही अमरनाथ तीर्थयात्रा से पहले सामने आई हैं। अमरनाथ तीर्थ यात्रा 29 जून से शुरू होकर और 19 अगस्त तक चलेगी।

# दिल्ली मेट्रो के रिठाला-नरेला-कुंडली कॉरिडोर को मिली केंद्र की मंजूरी

## 26.5 किलोमीटर लंबे इस कॉरिडोर पर कुल 21 स्टेशन होंगे

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली के नरेला और आसपास के इलाकों में रहनेवालों के लिए अच्छी खबर है। केंद्र सरकार ने रिठाला-नरेला-कुंडली मेट्रो कॉरिडोर के निर्माण के लिए आवास और शहरी कार्य मंत्रालय-डीडीए के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। दिल्ली के



राजभवन ने यह जानकारी दी है। 26.5 किलोमीटर लंबे इस कॉरिडोर पर कुल 21 स्टेशन होंगे। इसे कुल चार साल की अवधि में पूरा किया जाएगा।

राजभवन की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के सक्सेना ने विभिन्न अवसरों पर केंद्र के समक्ष इस मेट्रो कॉरिडोर के निर्माण का मुद्दा उठाया था। बयान में कहा गया है कि रिठाला-नरेला-कुंडली मेट्रो कॉरिडोर का निर्माण 6,231 करोड़ रुपए की लागत से किया जाएगा, जिसमें दिल्ली में पड़ने वाले भाग पर 5,685.22 करोड़ रुपये और हरियाणा के हिस्से पर 545.77 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। योजना के मुताबिक, इस कॉरिडोर का निर्माण मौजूदा रेड लाइन के विस्तार के रूप में किया जाएगा। दिल्ली में पड़ने वाले भाग की लागत का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा केंद्र सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। बयान में कहा गया है कि दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) शेष लागत में 1,000 करोड़ रुपये का योगदान देगा, जबकि 37. 5 प्रतिशत पूंजी द्विपक्षीय/बहुपक्षीय ऋणों से आएगी और लगभग 20 प्रतिशत खर्च दिल्ली सरकार वहन करेगी जाएगी। हरियाणा में पड़ने वाले हिस्से को लेकर राज्य सरकार 80 प्रतिशत अनुदान देगी, जबकि शेष 20 फीसदी राशि केन्द्र सरकार देगी। इससे नरेला, बवाना और अलीपुर इलाकों का शहर के बाकी हिस्से से सम्पर्क में काफी सुधार आएगा और बुनियादी ढांचा मजबूत होगा।

यह कॉरिडोर तीन राज्यों उत्तर प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली के बीच बेहतकर कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। एक अनुमान के मुताबिक वर्ष 2028 में इस परियोजना के पूरा होने पर इससे हर रोज 1.26 लाख लोग सफर कर सकेंगे और वर्ष 2055 तक इससे करीबह 3.8 लाख लोग सफर कर सकेंगे। वहीं इस परियोजना से नरेला के डीडीए फ्लैटों की बिक्री में बंपर उछाल आने के आसार हैं।

रिठाला से शुरू होकर यह मेट्रो लाइन रोहिणी के कई सेक्टर और बवाना इंडस्ट्रीयल एरिया से गुजरते हुए हरियाणा के कुंडली तक जाएगी। रोहिणी के कुल सात सेक्टर से यह मेट्रो लाइन गुजरेगी। इसके अलावा बरवाला, सनोठ गांव, न्यू सनोठ गांव, नरेला, जेजे कॉलोनी, बवाना आद्योगिक क्षेत्र में दो स्टेशन, नरेला क्षेत्र में पांच स्टेशनों का निर्माण होगा।

# भारत में ईवीएम एक ब्लैक बॉक्स, किसी को भी जांच की इजाजत नहीं

## राहुल गांधी ने जताई चिंता

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस नेता और उत्तर प्रदेश के रायबरेली से सांसद राहुल गांधी ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर सवाल उठाए हैं. राहुल गांधी ने इसको लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पहले ट्विटर) पर एक पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने ईवीएम को ब्लैक बॉक्स करार दिया है, जिसकी किसी को भी जांच करने की इजाजत नहीं है. साथ ही उन्होंने इस मामले को लेकर चिंता भी जताई है. कांग्रेस नेता का यह पोस्ट ऐसे समय पर आया है जब उनकी पार्टी ने हाल में संपन्न हुए लोकसभा चुनावों में अच्छा प्रदर्शन किया और उनके अलायंस सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को कड़ी टक्कर दी है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी एक्स पर आगे लिखते हैं कि हमारी चुनाव प्रकिया में पारदर्शिता को लेकर गंभीर चिंताए जताई जा रही हैं. साथ ही उन्होंने कहा कि जब संस्थाओं में जवाबदेही की कमी होती है तो लोकतंत्र एक दिखावा बन जाता है और धोखाधड़ी की संभावनाएं बढ़ जाती हैं. राहुल गांधी ने अपने पोस्ट में लिखा, भारत में ईवीएम एक ब्लैक बॉक्स है और किसी को भी उनकी जांच करने की अनुमति नहीं है. हमारी चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर गंभीर चिंताएं जताई जा रही हैं. जब



संस्थाओं में जवाबदेही की कमी होती है तो लोकतंत्र एक दिखावा बन जाता है और धोखाधड़ी की संभावना बढ़ जाती है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ये बात अमेरिकी टेक दिग्गज एलन मस्क की पोस्ट को रिपोस्ट करते हुए लिखी है. एक दिन पहले ही एलन मस्क ने एक्स पर लिखा, हमें इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को खत्म कर देना चाहिए. इनको इंसानों या आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) द्वारा हैक किए जाने का जोखिम, हालांकि कम है, लेकिन फिर भी बहुत अधिक है. एलन मस्क ने अमेरिकी चुनाव में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को हटाने की मांग की।



**गोरखपुर :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ श्री गोरक्षनाथ मन्दिर परिसर, गोरखपुर में लोगों की समस्याओं को सुनते हुए।

# बॉम्बे हाई कोर्ट ने बकरीद पर विशालगढ़ किले में पशु बलि की इजाजत दी

**मुंबई (आरएनएस)।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने महाराष्ट्र के कोल्हापुर में विशालगढ़ किले में स्थित एक दरगाह पर बकरीद और उर्स के लिए पारंपरिक पशु बलि जारी रखने के पक्ष में फैसला सुनाया है। कोर्ट ने संरक्षित क्षेत्र और संरक्षित स्मारक के बीच अंतर स्पष्ट किया और इस प्रथा पर प्रतिबंध लगाने के राज्य सरकार के फैसले को बेतुका करार दिया है।जस्टिस बीपी कोलाबावाला और फिरदोश पूनीवाला ने हजरत पीर मलिक रेहान मीरा साहेब दरगाह की याचिका पर यह फैसला सुनाया।




मामले में सरकारी वकीलों ने तर्क दिया कि पशु बलि पर प्रतिबंध महाराष्ट्र प्राचीन स्मारक और पुरातत्व स्थल और अवशेष अधिनियम और नियमों के अनुरूप लगाया गया था।उन्होंने कहा कि पशु बलि अनिवार्य रूप से संरक्षित स्मारकों मांसाहार के सेवन को बढ़ावा देगा।हालांकि, याचिकाकर्ता के वकील एसबी तालेकर और माधवी अय्यपन ने तर्क दिया कि अधिनियम संरक्षित क्षेत्र को विशिष्ट पुरातात्विक स्थलों के रूप में परिभाषित करता है न कि पूरे क्षेत्र को।

सरकारी प्रतिनिधियों ने जोर देकर कहा कि संपूर्ण विशालगढ़ किला एक संरक्षित स्मारक था और वहां पशु बलि की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।कोर्ट ने इस पर असहमति जताते हुए कहा कि अधिनियम संरक्षित क्षेत्र और संरक्षित स्मारक के बीच अंतर करता है। सरकार की व्याख्या के अनुसार, 107 परिवारों को या तो भूखा रहना होगा या संरक्षित क्षेत्र (333 एकड़) से बाहर जाकर अपना खाना पकाना होगा। यह व्याख्या बिल्कुल बेतुकी है। कोर्ट ने माना कि 1999 में विशालगढ़ को संरक्षित स्मारक घोषित किए जाने के बाद से फरवरी 2023 तक पशु बलि की परंपरा बिना की किसी परेशानी के जारी थी। ऐसे में 24 सालों तक अधिकारियों को अधिनियम के उल्लंघन का पता ही नहीं था। ऐसे में अब इसे आगे भी जारी रखा जा सकता है।हालांकि, कोर्ट ने याचिकाकताओं को खुले स्थान की जगह निजी क्षेत्र में ही पशु बलि देने के लिए पाबंद भी किया है।

**बदलाव** | अयोध्या विवाद सामग्री भी घटाई

# एनसीईआरटी ने 12वीं की किताब से हटाया बाबरी मस्जिद का नाम

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने 12वीं कक्षा की सामाजिक विज्ञान की किताब में बड़े बदलाव किए हैं। इस किताब में से बाबरी मस्जिद का नाम हटा दिया गया है और इसकी जगह 3 गुंबद वाला ढांचा लिखा गया है।इसी तरह अयोध्या विवाद वाले अध्याय में भी छंटनी की गई है और कई जानकारी हटा दी गई है। पहले ये अध्याय 4 पेज का था, जिसे अब 2 पेज का कर दिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, किताब से गुजरात के सोमनाथ से अयोध्या तक भाजपा की रथयात्रा, कारसेवकों की भूमिका, 6 दिसंबर, 1992 को बाबरी मस्जिद के विध्वंस के बाद सांप्रदायिक हिंसा, भाजपा शासित राज्यों में राष्ट्रपति शासन, और भाजपा द्वारा अयोध्या की घटनाओं पर खेद व्यक्त करना जैसे अध्यायों को हटा दिया गया है।इससे पहले खबर थी कि किताबों से विध्वंस के कम से कम 3 संदर्भ और राम जन्मभूमि आंदोलन से जुड़े अध्याय में बदलाव किए गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, पुरानी किताब में बताया गया था कि 16वीं शताब्दी में मुगल बादशाह बाबर के सेनापति मीर बाकी ने बाबरी मस्जिद बनवाई थी।अब इसमें बदलाव कर लिखा गया है कि 1528 में श्रीराम के जन्मस्थान पर 3 गुंबद वाला ढांचा बना दिया गया है। हालांकि, इस ढांचे में कई हिंदू चिह्न बने हुए थे।नई किताब में लिखा गया है कि ढांचे की आंतरिक और बाहरी दीवारों पर मूर्तियां बनी हुई थीं। नई किताब में फैजाबाद जिला कोर्ट के आदेश से जुड़े बदलाव भी किए गए हैं।इसमें लिखा है, 1986 में 3 गुंबद वाली संरचना के संबंध में स्थिति ने एक महत्वपूर्ण मोड़ लिया, जब फैजाबाद जिला कोर्ट ने संरचना को खोलने का



फैसला सुनाया, जिससे लोगों को पूजा करने की अनुमति मिल गई। यह विवाद दशकों पुराना था, क्योंकि माना जाता था कि 3 गुंबद वाली संरचना श्रीराम के जन्मस्थान पर मंदिर के विध्वंस के बाद बनाई गई थी।नई किताब में अयोध्या विवाद पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर नई सामग्री जोड़ी गई है।इसमें कहा गया है, किसी भी समाज में संघर्ष होना तय है, लेकिन एक बहु-धार्मिक और बहुसांस्कृतिक लोकतांत्रिक समाज में ऐसे संघर्षों को कानून की उचित प्रक्रिया के बाद हल किया जाता है।इसके बाद किताब में अयोध्या विवाद पर 9 नवंबर, 2019 को सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक पीठ के 5-0 के फैसले का जिक्र किया गया है। पुरानी किताब में अखबारों के लेखों की कई तस्वीरें थीं। इनमें 7 दिसंबर, 1992 को छपा एक लेख भी शामिल था, जिसका शीर्षक था बाबरी मस्जिद ढहाई गई, केंद्र ने कल्याण सरकार को बर्खास्त किया।।13 दिसंबर, 1992 को छपे एक और लेख की तस्वीर थी, जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के हवाले से कहा गया था कि अयोध्या भाजपा की सबसे बड़ी गलती थी। नई किताब में सभी अखबारों की कतरनें हटा दी गई हैं।

### अभी भी नहीं टूटा है हमास का हौसला, दक्षिण गाजा के घातक हमले में 8 इजरायली सैनिकों को उतार दिया मौत के घाट

**यरूशलम ।** गाजा में लगातार इजरायली सेना के हमले में पूरी तरह तबाह हो जाने के बाद भी हमास आतंकियों का हौसला नहीं टूटा है। इस बार दक्षिण गाजा में हमास ने इजरायल के 8 सैनिकों को मौत की नींद सुला दिया है। इजरायली सेना ने शनिवार को कहा कि दक्षिणी गाजा में किये गए एक विस्फोट में उसके आठ सैनिकों की मौत हो गई। यह पिछले कई महीनों में किये गये अब तक का सबसे घातक हमला था। शनिवार का यह धमाका दक्षिण रफह शहर में हुआ। इजरायल रफह को हमास की मजबूत पकड़ वाला आखिरी बड़ा गढ़ मानता है। इस हमले से इजराइली प्रदर्शनकारियों द्वारा की जा रही संघर्ष विराम की मांग को संभवतः बढ़ावा मिलेगा । यह हमला ऐसे समय हुआ है जब अति रूढ़िवादी युवाओं को सैन्य सेवा से छूट देने को लेकर सरकार को व्यापाक नाराजगी का सामना करना पड़ रहा है। इजराइल और फलस्तीन में आठ महीने से अधिक समय से लड़ाई चल रही है।

# श्रीकांत त्यागी ने पार्टी के प्रदेश महासचिव से 50 लाख रुपए की ठगी के आरोप

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** नवनिर्माण दल के पूर्व प्रदेश महासचिव डॉक्टर बीपी त्यागी ने एक प्रेस कांफ्रेंस करके पूरे शहर को चौंका दिया। राष्ट्रवादी नवनिर्माण दल के संस्थापक भाजपा से निष्कासित श्रीकांत त्यागी ने पार्टी के प्रदेश महासचिव से 50 लाख रुपए की ठगी के आरोप अब तूल पकड़ते जा रहे हैं,डॉक्टर बी०पी० त्यागी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि श्रीकांत त्यागी पार्टी की समाजसेवा के नाम कर्ज.के रूप में समय-समय पर पिछले 6 महीने के अंतर आल में उनसे 50 लाख रूपए लिए।
पार्टी में चल रही अनुशासनहीनता के कारण डॉक्टर बी०पी० त्यागी ने अपना इस्तीफा पहले ही पार्टी अध्यक्ष श्रीकांत त्यागी को सौंप दिया था, जिसे कुछ दिन बाद श्रीकांत त्यागी द्वारा स्वीकृत कर लिया था। श्रीकांत त्यागी ने अपने जवाब में बताया कि डॉक्टर बी०पी० त्यागी को पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण पार्टी से अलग किया गया है, वही उसके उलट डॉक्टर बी०पी० त्यागी ने बताया कि पार्टी में चल रही अनुशासनहीनता व उनके द्वारा पार्टी उपाध्यक्ष श्रीमति अन्नू त्यागी को पार्टी अध्यक्ष के रूप में आगे लाने के चलते उनकी मांगों को श्रीकांत त्यागी द्वारा दरकिनार कर दिया था, वही जब डाक्टर त्यागी ने अपने 50 लाख रूपए वापस मांगे तो श्रीकांत त्यागी ने रकम वापसी के लिए मना कर दिया।
बता दे यह वही श्रीकांत त्यागी है जो नोएडा की सोसाइटी में महिला पड़ोसी से गाली गलौज करने के मामले में पहले ही जेल काट चुके हैं, श्रीकांत त्यागी से पहले ही भारतीय जनता पार्टी ने बहार का रास्ता दिखा चुकी है, और उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया था।

## कमिश्नरेट पुलिस का अभियान प्रथम चरण में दो दिन के भीतर पुलिस के वाहनों से हटेंगे प्रेशर हॉर्न सोमवार से अन्य विभागों व आम वाहनों से हटाए जाएंगे हॉर्न

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** गाजियाबादसोमवार से अन्य विभागों व आम वाहनों से हटाए जाएंगे हॉर्न प्रेशर हॉर्न के खिलाफ अभियान की शुरूआत की गई है। प्रथम चरण में पुलिस के वाहनों से हॉर्न उतरवाए जा रहे हैं। दो दिन में पुलिस के सभी वाहनों से प्रेशर हॉर्न उतारने के निर्देश दिए गए हैं। इसके बाद अन्य वाहनों से प्रेशर हॉर्न उतारने के लिए अभियान चलाया जाएगा। प्रेशर हॉर्न वाहनों पर लगाना गैर कानूनी है, अजय कुमार मिश्रा, पुलिस कमिश्नर गाज़ियाबाद। पुलिस में बहुत पहले से प्रेशर हॉर्न लगाने की परंपरा चली आई है। पुलिस के वाहनों में नियमों के विपरीत प्रेशर हॉर्न लगे हुए हैं। नियमों के मुताबिक पुलिस के वाहनों में फ्लैशिंग लाइट और हूटर तो लगाया जा सकता है लेकिन प्रेशर हॉर्न लगाना गैर कानूनी है। प्रेशर हॉर्न हटाने की शुरूआत पुलिस ने अपने विभाग से ही की है। पुलिस कमिश्नर अजय कुमार मिश्र ने शुक्रवार को आदेश दिया है कि पुलिस के सभी 400 से अधिक वाहनों से प्रेशर हॉर्न हटाए जाएं। प्रेशर हॉर्न हटने वाले वाहनों की पूरी जानकारी उन्हें लिखित में उपलब्ध कराई जाए और किसी वाहन से प्रेशर हॉर्न हटा है, उसका सर्टिफिकेट भी उनके समक्ष प्रस्तुत किया जाए। इसके बाद इस अभियान की शुरूआत अपने ही विभाग से कर दी गई।

## उत्तर प्रदेश में अबकी बार तापमान अपने चरम पर है सोचने वाली बात हैलेकिन ढाक के तीन पात !

# कहाँ हैं ये तालाब, कहाँ है ये पौधे ,कहाँ गडया ट्री गार्ड, जहाँ की देखरेख करनी थी इनको हरा-भरा रखना था ,न तालाब में पानी है, न पौधे हैं, न ही ट्री गार्ड है

बुलन्द संदेश ब्यूरो



गाजियाबाद (आशा चौधरी)। पूरे भारत के स्थिति समूचे जनपद के लगभग सभी ग्राम पंचायतों की है कि हर साल लांखो ,लाख पौधे लगाये जाते हैं लेकिन ढाक के तीन पात ! कहाँ हैं ये तालाब , कहाँ है ये पौधे ,कहाँ गडया ट्री गार्ड, जहाँ की देखरेख करनी थी इनको हरा-भरा रखना था , न तालाब में पानी है , न पौधे हैं , न ही ट्री गार्ड है , अगर कुछ है तो पौधारोपण के नाम पर सिर्फ और सिर्फ भुगतान स्लिप ! भला जनता का हो या न हो लेकिन भला उन लोगों का जरुर हुआ जिन अधिकरियों कर्मचारियों या पदासीन लोग जिनकी जिम्मेदारी और जबाबदेही थी लेकिन उनका क्या फिर से बारिश फिर से पौधरोपण फिर से पैसा निकासी मतलब वो साल दूसरा था ये साल दूसरा है ? बताते चलें कि हर साल बारिश के दिनों में सरकार की ओर से पर्यावरण को अनुकूल बनाने के लिए एक सार्थक जनहित योजनाबद्ध तरीके से प्रत्येक ग्राम पंचायतवार पौधारोपण का कार्यक्रम चलाया जाता है और तालाब तथा सार्वजानिक स्थानों पर पौधे लगाने का निर्देश दिया जाता है, साथ ही महत्वपूर्ण स्थानों पर पौधे के साथ ट्री गार्ड की भी व्यवस्था सरकार ने बनायीं जिससे पौधे सुरक्षित रहें और उन पौधों को हरा-भरा रखने के लिए मनरेगा तहत बजट भी बनाया ।लेकिन इन पौधों के नाम पर पैसा निकासी तो होती है लेकिन जिम्मेदार अधिकरियों की नजर इन पौधों पर नहीं पडती कि आखिर पौधे गए कहाँ लाखों रुपये के पौधे कहाँ में गए , कहा गया वह ट्री गार्ड , कहा है वह तालाब जहाँ पौधारोपण भुगतान स्लिप में दिखाया गया था` जिसके नाम पर मनरेगा से आईडी जारी की गयी थी।

# जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह के नेतृत्व में जनपद की तीनों तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंहजन शिकायतों के निस्तारण को दें प्राथमिकताः जिलाधिकारी के नेतृत्व में जनपद की तीनों तहसील में प्रत्येक प्रथम और तृतीय शनिवार को मनाये जाने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस मनाया गया। जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता सदर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 45 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 07 का मौके पर निस्तारण किया गया। जिसमें सर्वाधिक 24 शिकायतें राजस्व विभाग की थी। वहीं लोनी तहसील में एसडीएम डॉ.पूजा गुप्ता की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस मनाया गया जिसमें 53 शिकायतें आई जिनमें से 02 का मौके पर निस्तारण हुआ। लोनी तहसील में एसडीएम निखिल चक्रवर्ती की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस मनाया गया जिसमें 46 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 04 का मौके पर निस्तारण किया गया, जिसमें सर्वाधिक शिकायतें नगर पालिका की 16 व राजस्व विभाग की 13 शिकायतें थी। जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि अब चुनाव खत्म हो चुके है, जिससे की सभी अधिकारी,कर्मचारी निर्वाचन कार्य से मुक्त हो चुके हैं इसलिए सभी लोग अपने कार्यों पर ध्यान आकर्षित करें और हर विभाग को अपना कार्य शत,प्रतिशत पूर्ण करना चाहिए। कहा कि जन शिकायतों के निस्तारण की प्राथमिकता रखें।
सदर तहसील में सीएमओ डॉ.भवतोष शंखधर, एसडीएम सदर अरूण दीक्षित, तहसीलदार रवि कुमार सहित अन्य विभाग के अधिकारगण उपस्थित रहे।

**शत,प्रतिशत कार्य पूर्ण करें हर विभाग: जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह**



# उत्तर प्रदेश से रेल यात्रियों के लिए खुशखबरी सीधे घर पहुंचेगी ट्रेन,आईआरसीटीसी ने ओला कैब के साथ समझौता किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** उत्तर प्रदेश में रेलवे ने किया सफर आसान एक सप्ताह पहले कैब बुक करने की संभावना घर से फ्री में ट्रेन छोड़ने के लिए रेल यात्रियों के लिए रेलवे ने एक बड़ी खबर दी है.जिन यात्रियों ने आईआरसीटीसी से टिकट खरीदा है उन्हें सीधे उनके घर तक पहुंचाया जाएगा।काफी हद तक मुफ़्त. इसके लिए आईआरसीटीसी ने सोमवार को ओला कैब के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। समझौते के हिस्से के रूप में, ये सेवाएं छह महीने के लिए परीक्षण के आधार पर पेश की जाएंगी। यात्री यात्रा से सात दिन पहले तक अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए कैब बुक कर सकते हैं। इसमें अपनी पसंद की कार बुक करने की सुविधा भी है।माइक्रो, मिनी, प्राइम सेडान, प्राइम प्ले, ऑटो, शेयर हम जो चाहें उसे बुक करने की सुविधा हमारे पास है।इसके लिए अतिरिक्त पैसे देने की जरूरत नहीं है.यात्री आईआरसीटीसी ऐप और वेबसाइट पर लॉग इन करके 'बुक ए कैब' विकल्प पर क्लिक करके इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। स्टेशन पर उतरते ही कैब तैयार हो जाएगी आईआरसीटीसी ने कहा कि उसने ओला कैब्स के साथ यह समझौता यह सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया है कि यात्री सुरक्षित और आरामदायक तरीके से अपने घर पहुंचें। https:// www. businesstoday. in/amp/latest/economy-politics/story/irctc-ties-up-ola-train-passengers-book-cab-railways-app-247241-2018-03-20
वरिष्ठ नागरिकों की सुविधा के लिए भारतीय रेलवे ने जारी किये सेंट्रलाइज्ड नंबर!! 9760534983 : टीटीआई, आरक्षण और भोजन 9760500000 : सफाई। 9760534057 : कोच में समस्या 9760534060 : बिजली की समस्यया 9920142151 : पूछताछ समस्या 9760534063 : आरपीएफ एवं सुरक्षा 9760534069 : पेयजल व्यवस्था 9760534073 : मेडिकल।

# थाना कवि नगर पीड़ित महिलाओं कि नहीं हुई एफआईआर एसीपीके आश्वासन के बाद भी महिलाएं भटक रही हैं दर-बदर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** एक अजब ही मामला सुने मैं आ रहा है महिलाओं ने आरोप लगाया है की थाने वाले हमारी कोई बात नहीं सुनते और हमें भगा दिया जाता है। महिलाओं ने यह भी आरोप लगाया कि प्रशासन यशपाल ऋषिपाल नेपाल व बबलू को पूरा सपोर्ट कर रहा है। जब हमने पूछा आप को ऐसा क्यों लगता है कि उन्हें सपोर्ट किया जा रहा है। प्रशासन खोदन की पर भी कर रहा है।तो महिलाओं ने बताया कि उनके सामने ही हम को गाली गलौज व मारने की धमकी देते हैं एक महिला जिसका नाम सरोज है और घास काटने वाली धारदार हथियार से गला काटने के लिए भागती है। यशपाल का लड़का कटा लेकर फायर भी करता है महिलाओं ने बताया कि पिस्टल भी है इनके पास हवा में घूमकर हमें डराते हैं या गोली मार देंगे लेकिन प्रशासन चुप खड़ा उनकी इन बातों पर खाने वाले पुलिस प्रशासन हंसता रहता है सोसायटी की महिलाओं ने कवि नगर थाना इंचार्ज रत्नड पर भी आरोप लगाया है रत्नड के पास जब हम अपनी फरियाद लेकर जाते हैं। तो कहते हैं तुम पर मुकदमा कर दिया जाएगा और तुम्हें अंदर डाल दिया जाएगा और संगीन धाराओं में मुकदमे लगा दिए जाएंगे वरना चुपचाप अपने घर बैठी रहो थाना कवि नगर एसएचओ पर आरोप लगाया कि और उल्टे सीधे तरीके से सवाल पूछते हैं। उनकी बातों से ऐसा लगता है जैसे उन्होंने कसम खा रखी है उन्हें महिलाओं की कोई बात नहीं सुनी है सिर्फ उन्हें दूसरे पक्ष की ही बात को पानी देना है? सोचने वाली बात यह है कोई साजिश तो नहीं कोई मिली भगत तो नहीं जो महिलाओं की कोई बात नहीं सुनी जा रही एक तरफा ही जजमेंट दिया जा रहा है पुलिस प्रशासन ऐसा क्यों कर रहा है क्या कारण है कुछ तो है कवि नगर एसएचओ ने महिलाओं से सवाल किया कि क्या तुमने वीडियो बनाई है अब सोचने वाली बात यह है क्या कोई पेंट खोलकर खड़ा हो और अपनी वीडियो बनवा लेगा तब तक वह फोन लेकर आएगी या कैमरा लगाएगी तो वह सारे काम सीधे कर लेगा सोचने वाली बात यह है अगर कोई इंसान किसी से बदतमीजी कर रहा हो तो क्या वह अपनी वीडियो बनवा लेगा? एसएचओ साहब ने यह सवाल क्यों किया समझ नहीं आ रहा? अपने इसी दुख को लेकर महिलाएं एसीपी कवि नगर के पास पहुंची एसीपी कवि नगर को अपनी आप बीती सुनाई और अपने साथ हो रहे उत्पीड़न का जिक्र किया एसीपी अभिषेक ने महिलाओं को आश्वासन दिया है। की इन पर जल्द ही कराई की जाएगी अब देखना यह है। एसीपी महिलाओं की मदद करते हैं या फिर इन्हें सिर्फ आश्वासन देकर ही शांत कर दिया जाएगा? अब देखना यह है इनकी एफआईआर होती है या नहीं ? महिलाओं से पूछा गया कौन है तो उन्होंने नामो का खुलासा करते हुए अपनी आप बीती सुनाई यशपाल 2- ऋषिपाल 3- बबलू 4 नेपाल पेंट खोलकर पेशाब करने लगते है यही अपने गुप्त अंग को हिला हिला कर दिखाते हैं और बहन बेटियों का पीछा करते हैं और कहते हैं कि जिस दिन तुम्हारा रेप हम सारे भाई मिलकर कर देगे उस दिन तुम कहीं मुंह दिखाने के लायक नहीं रहोगी और किसी से शिकायत करने लायक भी नहीं रहोगी यशपाल ऋषिपाल बबलू नेपाल का कहा कि हम रजापुर वाले हैं और हम तो यही लोकल के रहने वाले हैं तुम बहार के हो तुम्हारी कोई सुनवाई नहीं होगी और पेंट खोलकर खड़े हो जाते हैं सरोज और उसके देवरानी रानी कहती है कि या तो तुम चुपचाप हमें मकान बना लेने दो इस जमीन पर नहीं तो खून खच्चर हो जाएंगे सरोज ने कहा कि अगर पुलिस प्रशासन तुम्हारी कोई बात नहीं सुनेगा क्या अब तक उन्होंने कभी तुम्हारी बात सुनी है। पुलिस प्रशासन को पैसा चाहिए जो पैसे हम दे रहे हैं ।इसलिए पुलिस प्रशासन हमें नहीं रोक रहा देखो हमारा घर भी नहीं है। यहां दूसरे की जमीन पर हमने बाउंड्री भी कर ली और यहां आकर बैठने भी हैं कोई हमें रोक पाया अभी तक और तुम रोज पुलिस के पास जाती हो लेकिन पुलिस प्रशासन तुम्हारी एक भी बात नहीं सुन रहा क्योंकि हमने 10 लाख रुपए थाने में दिए हैं अब सिर्फ वह होगा जो हम चाहेंगे अब यह कितना सच है कितना झूठ ।

- **थाना कवि नगर एसीपी के आश्वासन के बाद भी नहीं हुई कोई सुनवाई प्रशासन क्यों है चुप क्यों नहीं कर रहा कार्यवाही किया कोई झोल है या फिर प्रशासन का डबल रोल है**
- **योगी सरकार मे महिलाओं पर क्यों हो रहा हैं अत्याचार नहीं सुन रहा प्रशासन और सरकार**




# वेस्ट बंगाल के दो युवक कर रहे थे धंधा, ऑनर सहित 4 गिरफ्तार, तीन महिलाएं रेस्क्यू में फ्लैट में सेक्स रैकेट पकड़ा

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** इंदिरापुरम इलाके में पुलिस ने शुक्रवार को एक फ्लैट पर छापा मारकर सेक्स रैकेट पकड़ा है। पुलिस ने यहां से तीन महिलाओं को रेस्क्यू करते हुए चार युवकों को गिरफ्तार किया है। इसमें दो फ्लैट ऑनर और दो कस्टमर हैं। इन सभी के खिलाफ अनैतिक देह व्यापार अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। कार्यवाहक अउढ रितेश त्रिपाठी ने बताया, इंदिरापुरम पुलिस को सूचना मिली कि ज्ञानखंड-एक के एक फ्लैट में सेक्स रैकेट चल रहा है। इस सूचना पर शुक्रवार को छापा मारा गया। मौके से फ्लैट ऑनर गौरांगो मंडल व उत्तम प्रमाणिक निवासी मालदा ,पश्चिम बंगाल, व कस्टमर पीयूष जैन और नासिर अली की गिरफ्तारी हुई है। यहां से एक स्कैनर भी बरामद हुआ है, जिसमें आरोपी ऑनलाइन पैसा लेते थे। इसके अलावा फ्लैट से कुछ आपत्तिजनक वस्तुएं भी मिली हैं।पूछताछ में आरोपियों ने कुबूला कि ज्यादा पैसा कमाने के लालच में वो इस फ्लैट मे सेक्स रैकेट चलवा रहे थे। पुलिस ने बताया कि मौके पर तीन महिलाएं मिली हैं, जिनसे जबरन ये काम कराया जा रहा था। इसलिए तीनों महिलाओं को पीड़ित,गवाह मानकर उनके परिजनों के सुपुर्द किया जा रहा है, ताकि उचि रिहेबिटेशन हो सके। जबकि अन्य चार पुरुषों पर थाना इंदिरापुरम में मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

## घर में रखी नगदी और जेवरात लेकर महिला हुई फरार, पुलिस तलाश में जुटी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला खेल से एक विवाहिता संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई, महिला के परिजनों ने महिला पर घर से हजारों की नगदी एवं जेवरात ले जाने के साथ अज्ञात व्यक्ति के द्वारा बहला-फुसलाकर कर भगा ले जाने का शक जाहिर करते हुए थाने पर तहरीर दी है पुलिस महिला की तलाश में जुटी हुई है। कैराना कोतवाली क्षेत्र के गांव झाड खेड़ी निवासी व्यक्ति ने थाने पहुंच कर बताया कि उसने अपनी पुत्री की शादी एक वर्ष पूर्व कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी युवक के साथ की थी। उसका दामाद हरियाणा की एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता है। तभी उसकी पुत्री के संबंध किसी युवक के साथ हों गए, आरोप हैं,गत दिवस शनिवार को उसकी पुत्री घर से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई, उसकी पुत्री घर में रखी चालीस हजार रुपए की नगदी एवं जेवरात भी अपने साथ ले गई है।

## निर्देश
## गाजियाबाद, मेरठ, बागपत, हापुड़, गौतमबुद्धनगर से आए लोगों से मुलाकात भी की

# राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप ने जनता दरबार लगाया,जनता की परेशानियां सुनी अधिकारियों को दिए समाधान के निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो







**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने रविवार को अपने सेक्टर-23 स्थित आवास पर जनता दरबार के कार्यक्रम आयोजन किया इस दौरान उन्होंने अलग-अलग इलाकों से आई जनता की समस्याएं सुनी और तत्काल अधिकारियों को फोन करके समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करने के लिए निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने गाजियाबाद, मेरठ, बागपत, हापुड़, गौतम बुद्धनगर से आए लोगों से मुलाकात भी की। जनता दर्शन में लगभग 200 से अधिक लोग अपनी परेशानी और समस्याएं लेकर पहुंचे थे। साथ ही कुछ लोग उनसे मुलाकात करने भी पहुंचे थे। लोकसभा चुनाव समाप्ति के बाद एक बार फिर से नरेंद्र कश्यप ने जनता दरबार लगाना शुरू कर दिया है। आचार संहिता समाप्त होने के बाद यह उनका पहला जनता दरबार था नरेंद्र कश्यप ने कहा कि लोगों की समस्या का समाधान ही मेरा मकसद उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप का कहना है कि जनता की समस्याओं का समाधान करना ही उनका मकसद पहली प्राथमिकता रहेगी उन्होंने कहा कि रविवार को उनसे बड़ी संख्या में लोग मिले और अपनी समस्या रखी उन्होंने कई गंभीर विषयों पर तत्काल अधिकारियों को फोन करते हुए एक तय समय के भीतर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को गर्मी का मौसम होने की वजह से जनता के लिए बिजली, पानी की समस्याओं पर तत्काल हल निकालने का भी निर्देश दिया। अब देखना यह है। की अधिकारी गण स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप के फोन करने के बावजूद जनता की समस्याओं का नियमित हल निकलता है या नहीं क्योंकि अक्सर देखा गया है अगर प्रशासन अपना काम ईमानदारी से सही सीमा रहते करें तो मंत्रियों के पास जाने की आम नागरिक को जरूरत ही ना पड़े लेकिन जब आम इंसान परेशान हो जाता है।
प्रशासन से तब कहीं मंत्रियों का दरवाजा आम नागरिक खटखटाते हैं। अब देखना यह है कि प्रशासन जनता दरबार की कितनी समस्याओं का समाधान कर पता है या फिर फोन पर ही समस्याओं का समाधान होता है या नहीं क्योंकि अक्सर अधिकारी और प्रशासन मंत्री हो या आमजन नागरिक सभी के आवाज को अनसुना करते हुए कचरे के डब्बे में डाल दिया जाता है।

# ज्येष्ठ गंगा दशहरा पर्व: गढ़ व ब्रजघाट गंगा नदी में लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़/गढ़मुक्तेश्वर।** रविवार को ज्येष्ठ गंगा दशहरा पर्व पर गढ़मुक्तेश्वर, ब्रजघाट व पुष्पावती पूठ स्थित गंगा नदी में लाखों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाकर हर-हर गंगे का उद्घोष किया। पुलिस प्रशासन द्वारा तीनों स्थानों श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता प्रबन्ध किये गये थे। ब्रजघाट

- **गंगा में स्नान कर श्रद्धालुओं ने हर-हर गंगे का किया उद्घोष**
- **जि.पं.चेयरमैन ने गंगा किनारे हवन पूजन कर गंगा में स्नान किया**
- **श्रद्धालुओं ने गढ़,ब्रजघाट व पुष्पावती पूठ में गंगा नदी में किया स्नान**
- **मेला सकुशल संपन्न कराने को एसपी व एएसपी ने स्वयं संभाली कमान,दिये निर्देश**
- **गंगा में स्नान करने से मनुष्य 10 पापों से मुक्त होता है:पं.विनोद शास्त्री**








राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम की स्थिति उत्पन्न नहीं हो,इसके लिए पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक पुलिस कर्मियों व यातायात कर्मियों को दिशा निर्देश देते नजर आये।

आपको बता दें,कि ज्येष्ठ गंगा दशहरा पर्व पर गंगा स्नान करने के लिए शनिवार की शाम से ही उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों,दिल्ली व हरियाणा राज्य से श्रद्धालुओं ने अपने-अपने वाहनों से गढ़मुक्तेश्वर व ब्रजघाट स्थित गंगा किनारे अपना डेरा डाल लिया था।

रविवार की तड़के ज्येष्ठ गंगा दशहरा पर्व पर श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर हर-हर गंग का उद्घोष करते हुए अपने-अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गये। रविवार की शाम तक श्रद्धालुओं के आने का आने जाने का क्रम जारी था। ज्येष्ठ गंगा दशहरा पर्व पर गढ़मुक्तेश्वर व ब्रजघाट स्थित गंगा नदी में करीब तीन लाख श्रद्धालुओं ने स्नान किया।

पुलिस प्रशासन द्वारा ज्येष्ठ गंगा दशहरा पर्व पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। मेला स्थल पर ड्रोन कैमरे से कड़ी नजर रखी गयी। डॉग स्क्वायड से संदिग्ध स्थानों व लोगों की चेकिंग भी कराई गयी। मेला स्थल पर पुलिस अधिकारियों व पुलिस कर्मियों की तैनाती से ज्येष्ठ गंगा दशहरा मेला शांतिपूर्ण संपन्न होने जिला प्रशासन ने राहत की सांस ली है। ब्रजघाट नेशनल हाइवे पर जाम की स्थिति उत्पन्न नहीं हो इसके लिए पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा व अपर पुलिस अधीक्षक राजकुमार अग्रवाल पुलिसकर्मी कर्मियों व ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को दिशा निर्देश देते नजर आ रहे थे।

ज्येष्ठ गंगा दशहरा पर्व पर गढ़मुक्तेश्वर में गंगा किनारे जिला पंचायत चेयरमैन रेखा नागर ने हवन पूजन कर गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर देश प्रदेश में शांति बनाये रखने की प्रार्थना की। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी देवी सहाय,सागर हूण आदि मौजूद रहे।

गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र के पुष्पावती पूठ गंगा घाट पर ज्येष्ठ गंगा दशहरा मेले का उद्घाटन ग्राम प्रधान कलुवा केवट व भाकियू पदाधिकारी रामपाल सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। पंडित विनोद शास्त्री ने बताया गंगा सप्तमी को मां गंगा शिवजी की जटाओं में आई थी,तभी गंगा दशहरा को मां गंगा राजा भगीरथ की तपस्या से प्रसन्न होकर राजा सागर के 6000 पुत्र कपिल मुनि के श्राप से मुक्ति दिलाने के लिए राजा भगीरथ ने तपस्या की और मां गंगा पृथ्वी पर अवतरित हुई,तभी से ज्येष्ठ गंगा दशहरा मेला लगता आ रहा है। गंगा में स्नान करने से मनुष्य 10 पापों से मुक्त होता है।

वहीं ज्येष्ठ गंगा दशहरा पर पड़ रही भीषण गर्मी में लोगों को राहत देने के लिए जनपद में विभिन्न स्थानों पर लोगों ने शिविर लगाकर मीठी शरबत वितरित किया।

# क्षेत्रीय वन अधिकारी की मिलीभगत से काटे जा रहे हरे पेड़

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** जनपद के डिबाई रेंज क्षेत्र में वन विभाग की मिली भगत से बड़ी संख्या में नीम, जामुन, आम के हरे वृक्षों का कटान किया जा रहे है जहां क्षेत्रीय वन अधिकारी खुद इसकी सपोर्ट कर रहे है। भ्रष्ट अधिकारी और लकड़ी माफिया की मिलीभगत की चर्चा क्षेत्र में हो रही है। वन विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी फोन करने पर बात नहीं करते हैं। यह तस्वीरें जनपद बुलंदशहर के डिबाई रेंज में हो रहे अवैध कटान की। जहां वन विभाग की मिली भगत से नीम, जामुन, आम के हरे-भरे फलदार वृक्षों का कटान कराया जा रहा हैं। मिली सूचना के अनुसार डिबाई तहसील के पीछे दर्जनों नीम व अन्य पेड़ों का कटान किया गया था सूचना मिलने पर क्षेत्रीय वन अधिकारी मौके पर पहुंचे लेकिन किया कार्रवाई अमल में लाई गई इसकी कोई जानकारी नहीं हैं। वहीं राजघाट बदरपुर गांव में लगभग आधा दर्जन से अधिक आम व जामुन के पेड़ों को काटा गया लेकिन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वहां भी मौके पर क्षेत्रीय वन अधिकारी पहुंचे लेकिन किया कार्रवाई अमल में लाई गई कोई जानकारी नहीं हैं। जिले स्तर की सूचना के आधार पर डिबाई रेंज के गांव तलवार में भी अवैध जा रहा था मौके की सूचना पर टीम पहुंचने से पहले ही कटान को बंद कर दिया गया लेकिन जब तीन चार आम के पेड़ों को काट दिया गया था। क्षेत्र में अवैध कटान वन विभाग की मिलीभगत से चर्म पर हैं। जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर बड़ा प्रभाव पड़ रहा हैं। अगर विभाग के उच्च अधिकारियों द्वारा क्षेत्र में जीपीएस और अपनी विभागीय तकनीकी द्वारा जांच की जाएं तो क्षेत्रीय वन विभाग के खिलाफ काफी बड़ा खुलासा होगा। हो रहे अवैध कटान पर उच्च अधिकारी किया संज्ञान लेते हैं यह एक जांच का विषय हैं। अब तो यही कहावत हो रही है।




**अंधेर नगरी चौपट राजा टाके शेर भाजी टाके शेर खाजा,सरकारी योजनाओं को क्षेत्रीय वन अधिकारी लगा रहे पलीता**

देश में पर्यावरण को सुधारने व संतुलित बनाए रखने के लिए देश भर में पांच जून को पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। इस मौके पर आम जन के साथ ही सरकारी विभागों द्वारा सैकड़ों की संख्या में पौधरोपण किया जाता है। इसके लिए सरकार की ओर से करोड़ों रुपये खर्च हो जाते है, लेकिन इसके बाद भी कुछ लोग विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत के चलते बिना किसी रोक के हरे पेड़ों का कटान कर रहे है।जिसको लेकर आने वाले समय में प्रदूषण और वायु को लेकर खामियाजा आम जनता को भुगतान होगा।

डिबाई रेंज में अवैध कटान की सूचना पर टीम को भेजा गया जहां सभी लकड़ी काटने वाले मौके से फरार हो गए। चार आम के पेड़ काट लिए गए थे अन्य के गुद्दे ही काटे गए थे। जिस पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। डिबाई तहसील के पीछे और बदरपुर गांव में अवैध कटान की सूचना मिली जिसपर जांच के बाद कार्रवाई की जाएंगी।

**प्रियंका शर्मा उप प्रभागीय वन अधिकारी बुलंदशहर**

## मोदी सरकार में देश उन्नति की ओर तेजी से अग्रसर : मनोज

# नव नियुक्त केन्द्रीय राज्यमंत्री व सांसदों को नेता मनोज वाल्मीकि ने बधाई दी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य मनोज वाल्मीकि ने नई दिल्ली में




नवनियुक्त केंद्रीय केंद्रीय राज्य मंत्री व नव निर्वाचित भाजपा सांसदों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। यूपी सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य मनोज वाल्मीकि ने कहा कि भारत देश के इतिहास में दूसरी बार अवसर है,जब लगातार तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी एवं एनडीए की सरकार बनी है। तीसरी बार बने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और दुनिया ने उनके काम कार्यों की सराहना की है,उनके और उनकी सरकार के द्वारा लिए गए देश हित में मजबूत निर्णय,जिससे आज भारत देश की पहचान दुनिया में एक मजबूत देश के रूप में हो रही है। उन्होंने कहा कि भारत देश का नागरिक दुनिया में आज कहीं भी खड़े होकर कहता है,मैं भारतीय हूं,उसे अपने ऊपर गर्व महसूस होता है। नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा सबका साथ,सबका विकास,सबका विश्वास को एक साथ लेकर चल रहे हैं,जिससे आज देश आगे बढ़ रहा है।

नेता मनोज वाल्मीकि ने केन्द्रीय उपभोक्ता मामले,खाद एवं सार्वजनिक वितरण राज्यमंत्री बीएम वर्मा,केन्द्र ग्रामीण विकास राज्यमंत्र कमलेश पासवान,केन्द्रीय सड़क परिवहन राज्यमंत्री अजय टम्टा,नई दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से सांसद बांसुरी स्वराज,अमरोहा लोकसभा क्षेत्र से सांसद कंवर सिंह तंवर आदि को महर्षि वाल्मीकि का चित्र भेंटकर,फूलों का बूका देकर व मिठाई खिलाकर बधाई व शुभकामनाएं दी।

# बकरीद पर प्रतिबंधित पशुओं की कुबार्नी नहीं करनी चाहिए: कारी सलीम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** जनपद की सदर तहसील क्षेत्र के गांव गौंदी स्थित हमजा मस्जिद के इमाम कारी सलीम आजम ने कहा कि भारत में प्रतिबंधित पशु व उसकी नस्ल की कुबार्नी पर प्रतिबंध लगा रखा है। इसे ध्यानार्थ रखते हुए बकरीद पर प्रतिबंधित पशु व उसके वंशजों की कुबार्नी करने से बचना चाहिए। इसके अलावा बकरा भैंस दुमबा आदि जानवरों की कुबार्नी करनी चाहिए।

- **कुबार्नी सड़क,रास्ते व सार्वजनिक स्थल पर नहीं करें**
- **कुबार्नी करते समय दूसरे धर्म के लोगों के जज्बातों को भी ध्यान में रखना चाहिए**



कुबार्नी करते समय दूसरे धर्म के लोगों के जज्बातों को भी ध्यान में रखना चाहिए।

बुधवार को कारी सलीम आजम गांव गौंदी स्थित हमजा मस्जिद में फजर की नमाज के उपरांत नमाजियों के समक्ष तकरीर कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारे नबी स0 का कहना है कि जिस आदमी पर कुबार्नी वाजिब है,और वह कुबार्नी नहीं करता है,तो वह हमारी ईदगाह के करीब भी नहीं आए कुबार्नी 3 दिन तक की जाती है। चांद की 10, 11, 12, तारीख को लेकिन पहले दिन कुबार्नी करना अफजल है।

उन्होंने कहा कि जिस शख्स पर कुबार्नी वाजिब है उसे स्वयं कुबार्नी वाले जानवर की कुबार्नी करनी चाहिए अगर खुद नहीं कर सके तो वहां मौजूद रहना चाहिए जहां कुबार्नी की जा रही है। हिंदुस्तान में एक धर्म के लोग गाय और उसके वंशजों से बहुत प्यार करते हैं,इसलिए हमें उनके जज्बातों को ध्यान में रखते हुए गाय की कुबार्नी करने से बचना चाहिए।

उन्होंने तकरीर के माध्यम से मुस्लिम समाज के लोगों से अपील करते हुए कहा कि कुबार्नी सड़क रास्ते व सार्वजनिक स्थल पर नहीं करें। अपने अपने घरों पर या पर्दे के अंदर करें और उसकी गंदगी को आबादी से दूर महफूज जगह पर दफन कर दिया जाए।

# ईद उल अजहा पर कैसे करें कुर्बानी, रखे विशेष ध्यान: मुफ्ती खालिद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** नाजिम मदरसा इस्हाकिया फारूकिया सराय बसारत अली के इमाम मुफ्ती मौलाना खालिद कासमी ने तकरीर के माध्यम से मुस्लिम समाज को जागरूक किया,कि ईद उल अजहा पर कुबार्नी कैसे करें,सार्वजनिक स्थान व मार्गो पर कुबार्नी नहीं करें। प्रतिबंधित पशुओं की कुबार्नी नहीं करें।

- **साढ़े 52 तोला चांदी वाले व्यक्ति पर कुबार्नी वाजिब**
- **ईद उल अजहा के दिन रोजा रखना हराम**

मुफ्ती खालिद कासमी ने लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि अल्लाह को कुबार्नी बहुत पसंद है। जिस पर कुबार्नी वाजिब हो उसको कुबार्नी करनी चाहिए। क्योंकि रसूलल ला सला. ने फरमाया, कि जो शख्स गुंजाईश के बावजूद कुबार्नी न करें, तो वह ईदगाह के करीब भी नहीं जायें।

उन्होंने कहा कि जिस शख्स के पास साढ़े 52 तोला चांदी या उसकी कीमत हो,या इतनी कीमत का सोना हो,या इतनी कीमत का सामान या कोई और चीज जरूरत से ज्यादा हो तो,उस पर कुबार्नी करना वाजिब है।



मुफ्ती कासमी ने कहा कि बहुत से लोग पूरे घर की ओर से एक ही बकरे की कुबार्नी करते है। ऐसा करने से कुबार्नी सही नहीं होगी। अगर किसी व्यक्ति पर कुबार्नी वाजिब हो तो,वो अपनी ओर से करें। अगर किसी व्यक्ति पर कर्ज हो,और उसके पास माल भी हो तो कर्ज की रकम अलग निकालने के बाद जो माल बचता है। अगर वो साढ़े 52 तोले चांदी की कीमत है,तो कुबार्नी वाजिब होगी,अन्यथा नहीं। उन्होंने कहा कि बहुत से लोग समझते है। कि बकरा ईद के दिन जब तक कुबार्नी न हो, उस वक्त तक रोजे से रहें, जबकि ईद वाले दिन रोजा रखना हराम है। बकरीद के दिन कुबार्नी से पहले कुछ भी नहीं खाये,बल्कि खाने की शुरूआत कुबार्नी के गोश्त से करें। ऐसा करने से सवाब मिलता है।

मुफ्ती खालिद ने बताया कि ईद के दिन ये कार्य करें,सुबह सवेरे जागना,फज्र की नमाज अदा करना, मिस्वाक करना, गुस्ल करना, स्वच्छ कपड़े पहनना, खुशबू लगाना, ईदगाह पैदल चलकर जाना, ईदगाह एक रास्ते से जाना और दूसरे रास्ते से आना चाहिए।

## अवैध प्लाटिंग ध्वस्तीकरण के बाद पुन:कालोनी विकसित करने वाले लोग भूमाफिया घोषित होंगे

# एचपीडीए अधिकारियों ने बुलडोजर से 10 स्थानों पर अवैध प्लाटिंग कराई ध्वस्त: सचिव

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** पिलखुवा विकास प्राधिकरण का बुलडोजर आदर्श आचार संहिता खत्म होने के बाद से गरजने लगा है। सिंभावली विकास क्षेत्र 10 स्थानों पर विकसित की जा रही अवैध कालोनी में बुलडोजर से प्लाटिंग को बुलडोजर से ध्वस्त कराया। प्राधिकरण की इस कार्यवाही से अवैध निर्माण कर्ताओं व कालोनाइजरों में हड़कंप मच गया है। ध्वस्तीकरण के बाद कालोनी को पुन:विकसित करने वाले लोगों को भूमाफिया घोषित किया जायेगा।

- **आचार संहिता खत्म होने के बाद से गरजने लगा एचपीडीए के बुलडोजर**
- **जनता से अपील,मानचित्र स्वीकृत कराकर निर्माण कार्य करें**
- **जनमानस से अपील,अवैध कालोनी में प्लाट क्रय नहीं करें**




अवैध कालोनी में प्लाटिंग को ध्वस्त करता एचपीडीए का बुलडोजर व प्रदीप कुमार सिंह

हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण के सचिव प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि सिंभावली विकास क्षेत्र के सिखेड़ा में वेद प्रकाश द्वारा 6000 वर्ग मीटर,ग्राम सिखेड़ा बिजेन्द्र कुमार, सोमवीर सागर व मुकेश शर्मा द्वारा 4500 वर्ग मीटर, ग्राम वैट महमूद खां,चमन व इन्साफ द्वारा 4000 वर्ग मीटर,ग्राम वैट असलम द्वारा 3000 वर्ग मीटर,ग्राम वैट फुरकान द्वारा 5000 वर्ग मीटर,गंगाधर बक्सर में तययूब द्वारा 2500 वर्ग मीटर,ग्राम बक्सर में भगत सिंह द्वारा 2000 वर्ग मीटर,ग्राम खुडलिया में मौहम्मद मेहराज द्वारा 3000 वर्ग मीटर,ग्राम खुडलिया राजू द्वारा 6000 वर्ग मीटर व ग्राम रतुपुरा सिंभावली में मौहम्मद महबूब द्वारा 8000 वर्ग मीटर में अवैध रूप से विकसित की जा रही कालोनी में बुलडोजर से प्लाटिंग को ध्वस्त कराया गया।

उन्होंने अवैध निर्माणकताओं व कालोनाइजरों से दो टूक कहा कि अवैध निर्माण व प्लाटिंग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अवैध निमार्णों को तत्काल रोक कर प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराकर,ही निर्माण करे,अन्यथा कार्रवाई होगी। प्राधिकरण के अधिकारी कर्मचारी अवैध प्लाटिंग,कालोनी व निमार्णों को चिन्हित करने में जुटे है। जिसके बाद उन पर सीलिंग व ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जायेगी।

सचिव ने बताया कि ध्वस्तीकरण के बाद पुनःकालोनी को विकसित करने वाले लोगों को भूमाफिया घोषित किया जायेगा। उन्होंने जनता से भी अपील की ह कि वह अवैध कालोनी में प्लाट क्रय नहीं करें। इस अवसर पर प्रवर्तन प्रभारी भवान सिंह बिष्ट,अवर अभियंता देशपाल सिंह,पीयूष जैन व प्राधिकरण का सचल दस्ता मौजूद रहा।

# राहुल की हत्या में संलिप्त 01 हत्यारोपी आलाकत्ल सहित गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सिकंदराबाद ।** वादी प्रदीप कुमार पुत्र चतर पाल निवासी ग्राम सरायघासी थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर द्वारा थाना सिकन्द्राबाद पर सूचना दी गयी कि दिनांक 06/07.06.2024 की रात्रि में उसके भाई राहुल की घर के पीछे गांव के ही संदीप उर्फ अंकुर ने आपसी कहासुनी/झगड़े के कारण हत्या कर दी है। इस सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना सिकन्द्राबाद पर मुअसं-408/24 धारा 302 भादवि पंजीकृत किया गया0उक्त घटना के क्रम मेथाना सिकन्द्राबाद पुलिस द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर कैंची का पुल सरायघासी रोड़ के पास बम्बा हाईवे से गिरफ्तार किया। अभियुक्त की निशादेही पर आलाकत्ल नल का हत्था ग्राम चन्द्रावली में एक ज्वार के खेत से बरामद किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना सिकन्द्राबाद पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।




अभियुक्त ने पूछताछ पर बताया गया कि दिनांक 06/07.06 .2024 की रात्रि में अभियुक्त संदीप उर्फ अंकुर व मृतक राहुल व अन्य दोस्त गांव के बाहर बम्बे की पुलिया पर बैठे थे तभी किसी बात को लेकर अभियुक्त संदीप उर्फ अंकुर व मृतक राहुल के मध्य झगड़ा/मारपीट हो गयी। इसके बाद अभियुक्त संदीप उर्फ अंकुर, राहुल के घर के पीछे वाले गेट के पास छिप गया जहां से अक्सर रात्रि में राहुल घर में प्रवेश करता था। अभियुक्त संदीप उर्फ अंकुर ने पास के नल का हत्था भी निकाल लिया तथा रात्रि में जब राहुल अपने घर के पीछे वाले गेट की तरफ आया तभी अभियुक्त संदीप उर्फ अंकुर ने नल के हत्थे से वार कर राहुल की हत्या कर दी और वहां से फरार हो गया।

**सम्बन्ध विच्छेद**

मैं अपनी पुत्री अंकिता को उसके चाल चलन व आचरण के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हुए अपने व परिवार के अन्य सदस्यों के सम्बन्ध विच्छेद करती हूँ। अंकिता द्वारा किये गये कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगी।

**प्रार्थनी**
**नीलम शर्मा पत्नी केशव कुमार शर्मा**
**नि.534, देवलोक, बस्ती नई शिवपुरी, थाना हापुड़ नगर, जिला हापुड़**

## सम्पादकीय


# तीसरे कार्यकाल में शासन की निरंतरता बनी रहे



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

नरेंद्र मोदी ने बतौर प्रधानमंत्री अपने तीसरे कार्यकाल में शासन की निरंतरता जारी रखी है। केंद्र सरकार के सभी अहम मंत्रालयों में पुराने मंत्रियों की वापसी हुई है। राजनाथ सिंह प्रतिरक्षा संभालते रहेंगे तो देश की आंतरिक सुरक्षा का जिम्मा अमित शाह के पास ही रहेगा। अगर वे अपना दूसरा कार्यकाल पूरा करते हैं तो यह एक रिकॉर्ड होगा क्योंकि देश में आज तक कोई भी नेता 10 साल तक गृह मंत्री नहीं रहा है। अर्थ नीति और विदेश नीति का जिम्मा क्रमशः निर्मला सीतारमण और एस जयशंकर के पास ही है और सड़क परिवहन व राजमार्ग का जिम्मा नितिन गडकरी के पास है। शिक्षा के क्षेत्र में जो कुछ हो रहा है उसे चलाए रखने की जिम्मेदारी फिर से धर्मेंद्र प्रधान के ऊपर डाली गई है। कुल मिला कर देश की आर्थिक, सामरिक, सामाजिक नीतियों में कम से कम मंत्रियों के जरिए निरंतरता का संदेश दिया गया है। पहले ऐसा लग रहा था कि लोकसभा के आंकड़े बदलने और नई राजनीतिक स्थितियां पैदा होने से सरकारी की संरचना में बदलाव आएगा। प्रधानमंत्री मोदी के लिए निरंतरता बनाए रखने में मुश्किल होगी। लेकिन उन्होंने नई स्थितियों में भी शासन का पुराना ढांचा बनाए रखा है। अपने अपने विभागों में पुराने मंत्रियों की वापसी से यह संदेश गया है कि भाजपा ने अपने चुनाव घोषणापत्र में नीतियों की जिस निरंतरता का वादा किया था उसमें कोई बदलाव नहीं आने वाला है। ध्यान रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार कहते रहे हैं कि उन्होंने अपने कार्यकाल के पहले 10 साल में जो काम किया है वह 'ट्रेलरइ है पूरी फिल्म बाकी है। चुनाव प्रचार में उन्होंने एक रूपक का इस्तेमाल किया और कहा कि उनका अब तक का कामकाज 'स्टार्टर है, मेनकोर्स अभी बाकी हैइ। अगर त्रिशंकु लोकसभा की वजह से सरकार की संरचना में बदलाव होता तो निश्चित रूप से उसका असर सरकार के कामकाज पर होता। उसकी नीतिगत और प्रशासनिक निरंतरता प्रभावित होती। कह सकते हैं कि नई राजनीतिक स्थितियां उभरने के बाद भी प्रधानमंत्री मोदी ने पहली बाधा पार कर ली है। परंतु सवाल है कि क्या यह स्थिति स्थायी रहने वाली है या गठबंधन की मजबूरियां सरकार के कामकाज पर असर डालेंगी? यह सवाल इसलिए है क्योंकि सहयोगी पार्टियों को उनकी संसदीय ताकत के हिसाब से कम मंत्री पद देने और अपेक्षाकृत कम महत्व के मंत्रालय देने का विरोध हुआ है। यह विरोध बहुत उग्र नहीं है फिर भी कई पार्टियों ने आपत्ति की है और दबी जुबान में ही सही विरोध प्रकट किया है। तभी उनके समर्थन और उनकी चुप्पी को सरकार फॉर गारंटेड नहीं ले सकती है। भले वे सरकार की स्थिरता के लिए खतरा पैदा नहीं करें लेकिन नीतिगत मसले पर सरकार को कठघरे में खड़ा कर सकते हैं और अगर विपक्षी पार्टियां किसी मसले पर मजबूत विरोध दर्ज कराती हैं तो सहयोगी भी इस मौके का इस्तेमाल सरकार पर दबाव बनाने के लिए कर सकते हैं। यह स्थिति स्थायी रहने वाली है। विपक्षी पार्टियां भी सत्तारूढ़ गठबंधन की इस फॉल्टलाइन का इस्तेमाल करने का प्रयास करेंगी। यह सही है कि सरकार को संख्या के लिहाज से खतरा नहीं है लेकिन वह सहयोगी पार्टियों को एक सीमा से ज्यादा पीछे धकेलने की जोखिम नहीं ले सकती है। अगर सहयोगी पार्टियां जोर देकर कोई बात कहती हैं तो प्रधानमंत्री को उस पर ध्यान देना होगा। जैसे कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने अपने मंत्रालय का कामकाज संभालते हुए कहा कि समान नागरिक संहिता का कानून सरकार के एजेंडे का हिस्सा है वैसे ही जनता दल यू के महासचिव केसी त्यागी ने कहा कि एजेंडा है लेकिन इस पर सबकी सहमति से ही आगे बढ़ना है। सो, इस तरह के नीतिगत मसलों पर भाजपा की सहयोगी पार्टियों की बारीक नजर रहेगी। वैसे भारत की राजनीति में यह कोई नई बात नहीं है। 1989 से लेकर 2014 तक यानी ढाई दशक देश में गठबंधन की सरकार चली और उन सरकारों में जो भी प्रधानमंत्री बना उसने अपने कामकाज की शैली राजनीतिक स्थितियों के अनुरूप ही रखी। प्रधानमंत्री देश हित, क्षेत्रीय आकांक्षा और राजनीतिक मजबूरियों के बीच बारीक संतुलन साध कर चलते रहे। यह अलग बात है कि महज 145 सांसद होने के बावजूद तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने जुलाई 2008 में अमेरिका के साथ परमाणु संधि जैसे विवादित नीतिगत मसले को मंजूरी दिलाई।

# जिले में चार आदिवासी विधायक और एक सांसद होने के बावजूद, मूलभूत सुविधाओं वंचित है मुंबई से सटा आदिवासी जिला पालघर



अशोक भाटिया

पालघर एक आदिवासी जिला होने के कारण लोगों को उम्मीद थी कि इस जिले में केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की बाढ़ आ जाएगी। लेकिन दस उन्ती साल में इन विकास योजनाओं का लाभ आम लोगों तक नहीं पहुंचा। जो नींव रखी जानी चाहिए, जिसका प्रबंधन किया जाना चाहिए, विकास योजना को लागू करते समय प्रभावी योजना, सख्त कार्यान्वयन और स्वतंत्र मूल्यांकन के त्रय का उपयोग करना है। परिवहन और संचार में किसी भी जिले की प्रगति को देखते हुए, किसी भी जिले की प्रगति को देखते हुए, परिवहन और संचार सुविधाएं, शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी और रोजगार मुख्य पैरामीटर हैं। इन मानदंडों को देखते हुए पालघर जिला काफी पीछे रह गया।

जिले को अस्तित्व में आए आज दस साल पूरे हो गए। 1 अगस्त 2014 को, तत्कालीन गठबंधन सरकार ने ठाणे जिले को विभाजित किया और एक नया आदिवासी पालघर जिला बनाया। ठाणे जिले के विशाल क्षेत्र और प्रशासनिक कार्यों पर प्रतिकूल प्रभाव के कारण, जिले के निवासी पिछले कई वर्षों से नए जिले की मांग कर रहे हैं।

985 से लगातार मांगों के बावजूद, कांग्रेस, गठबंधन और उसके बाद की गठबंधन सरकारों ने लोगों की इस मांग का कभी जवाब नहीं दिया। जिले का पश्चिमी भाग कुपोषण, पानी की कमी, खराब खाद्य आपूर्ति, खराब स्वास्थ्य और शिक्षा प्रणाली जैसी विभिन्न समस्याओं के कारण जीर्ण-शीर्ण हो गया था। इसने जिले के विकास और ग्रामीण क्षेत्रों में मानव जीवन को प्रभावित किया। इससे हजारों आदिवासी बच्चे इस दौरान भूख और कुपोषण के शिकार हुए। इस अवधि के दौरान, मोखदा तालुका के वावर-वंगानी गांव में सैकड़ों आदिवासी बच्चों की मौत हो गई। लेकिन तब भी सरकार ने बंटवारे के मुद्दे को गंभीरता से नहीं लिया। अथर्व विश्व गरीबी, कुपोषण, बेरोजगारी ना, प्रकृति पर निर्भर कृषि से स्थानीय भूमिपुत्र में काफी आक्रोश है। उन्होंने इस नाराजगी का इंतजार 2014 में किया था। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की हार हुई और राज्य में गठबंधन सरकार एक कठोर जागृति के साथ जाग गई और तुरंत जिलों को विभाजित करने का फैसला किया।

इस नए जिले में, वसई को छोड़कर, अन्य सात तालुका आदिवासी तालुका हैं। गठबंधन सरकार ने बिना किसी योजना के बहुत जल्दबाजी में एक नया जिला बनाने का फैसला किया। यह निर्णय इस डर से लिया गया है कि आगामी विधानसभा चुनाव में जिलेवासियों की नाराजगी प्रभावित होगी। लेकिन ऐसा फैसला लेने के बाद भी गठबंधन को सत्ता से हटना पड़ा. दरअसल, ठाणे जिले को विभाजित करते समय इसे पहाड़ी, तटीय और शहरी में विभाजित करना आवश्यक था। लेकिन सरकार ने इसे नजरअंदाज कर दिया। वसई तालुका को ठाणे जिले में ही होना चाहिए था। लेकिन सरकारी नीति के कारण, आदिवासी पालघर जिले का गठन किया गया, जिसमें सात तालुका आदिवासी थे और एक तालुका सामान्य था।

इस जिले को भले ही दस साल पूरे हो गए हों, लेकिन जिले ने अभी तक विकास को जन्म नहीं दिया है। पार्टी की ताकत को देखते हुए ग्रामीण इलाकों में आदिवासियों की स्थिति अभी भी "जैसी" है. विधायक हितेंद्र ठाकुर के बहुजन विकास आघाडी, राकांपा, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी और शिवसेना के एक-एक विधायक हैं, इसके पहले सांसद शिवसेना का था अब भाजपा का हैं। जिले में चार आदिवासी विधायक और एक सांसद होने के बावजूद जिले में आदिवासी समुदाय के जीवन स्तर में कोई बदलाव नहीं आया है। यह भी बेहद खेद की बात है कि जनप्रतिनिधियों और प्रशासन की अक्षमता के कारण पिछले आठ वर्षों में सात सौ करोड़ से अधिक विकास निधि बिना खर्च किए वापस चली गई है। हालांकि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए बड़ी राशि उपलब्ध है, लेकिन कई योजनाएं भ्रष्टाचार और अनियमितताओं से त्रस्त हैं। कार्य योजना तैयार करने के साथ-साथ वास्तविक कार्य की निगरानी के लिए आवश्यक जनशक्ति की कमी के कारण कार्य की गुणवत्ता को बनाए नहीं रखा जाता है। इसलिए करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद भी आठ वर्षों के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया।

स्थानीय लोगों के विरोध पर विकास के नाम पर कुछ राष्ट्रीय परियोजनाएं जिलेवासियों के सिर पर थोपी जा रही हैं। हालांकि, नागरिकों द्वारा अपेक्षित सतत विकास को प्राप्त करने के लिए, मूल्यवर्धन कृषि परियोजनाओं, उद्योगों और सेवा क्षेत्र के लिए संयुक्त उद्यमों के लिए अनुकूल वातावरण नहीं बनाया गया है। 2300 मिमी की औसत वर्षा प्राप्त करने वाले जिले में, पानी को रिचार्ज करने और समुद्र में बहने वाले पानी को रोकने के लिए कोई नया प्रस्तावित छोटा बांध और सिंचाई परियोजनाएं नहीं हैं। एक ओर जहां हरित पट्टी को नष्ट करते हुए कंक्रीट की इमारतों के माध्यम से शहरीकरण की प्यास बुझाने के लिए जल नियोजन की उपेक्षा की गई है। इस तथ्य के बावजूद कि जिले के पश्चिमी तटीय क्षेत्रों के साथ-साथ पहाड़ी आदिवासी क्षेत्रों में पीने के पानी का सूखा प्रशासन इस पर कोई कदम नहीं उठा रहा है।

इस क्षेत्र से मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना, मुंबई-वडोदरा एक्सप्रेसवे, विरार-अलीबाग एलिवेटेड रोड, मुंबई-अहमदाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग का आठ लेन विस्तार, विरार-दहानू रोड रेलवे चार लेन विस्तार की योजना बनाई जा रही है। परियोजना निमार्णाधीन है . नए विकासशील शहरों की 'कनेक्टिविटी' स्थापित करने के लिए समुद्री क्षेत्र से बहने वाली छोटी और बड़ी खाड़ियों और नदियों पर पुलों के निर्माण का कार्य भी निष्क्रिय पड़ा हुआ है। कृषि जिले में कृषि उपज के प्रसंस्करण और उपज के निर्यात के लिए सरकार ने कोई योजना नहीं बनाई है। ऐसा नहीं देखा जाता है कि जिले के शहरी क्षेत्रों में कृषि उपज, दुग्ध उत्पादन की बिक्री (विपणन) के लिए कोई विशेष योजना लागू की गई है। कृषि के साथ-साथ मत्स्य पालन, पर्यटन और औद्योगिक क्षेत्र भी कई समस्याओं से ग्रस्त हैं और प्रशासन में निरंतरता और दूरदर्शिता की कमी के कारण ग्रामीण जिलों में लागू हल्दी और मोगरा वृक्षारोपण की पायलट योजनाएं एक साल बाद अप्रभावी हो गईं।

जिले में सरकारी चिकित्सा सुविधाओं की कमी के कारण, नागरिकों को इलाज के लिए गुजरात राज्य और आसपास के केंद्र शासित प्रदेश या मुंबई-ठाणे में शरण लेनी पड़ती है। पालघर में नव प्रस्तावित जिला सामान्य अस्पताल के साथ-साथ जवाहर में राजकीय मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की महत्वपूर्ण मांगें लंबित हैं। यदि जिले में निजी चिकित्सा अस्पताल स्थापित करने के इच्छुक तीन-चार संगठनों को मंजूरी मिल जाती है तो जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत किया जा सकता है। धन की कमी के कारण, रेंगाले मनोर में ट्रामा केयर सेंटर को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने की आवश्यकता है। आदिवासियों की आजीविका के साथ-साथ प्रवास को रोकने के साथ-साथ आदिवासियों द्वारा उत्पादित विभिन्न पारंपरिक वस्तुओं, वारली पेंटिंग के लिए बिक्री हॉल स्थापित करने के लिए ठोस कार्यक्रमों की योजना बनाने की आवश्यकता है। जिले के विकास के लिए 'मास्टर प्लान' तैयार करना और विकास के लिए जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर के स्तर को ऊपर उठाना जरूरी है। जिले के निर्माण के बाद से आठ वर्षों में रोजगार की कमी और यहां के आदिवासियों के हर साल पलायन में कोई बदलाव नहीं आया है। जिले में कुछ हद तक वसई, पालघर, दहानू, वाडा तालुकाओं का औद्योगीकरण किया गया है। लेकिन यहां रोजगार के अवसर स्थानीय लोगों के लिए कम और विदेशियों के लिए ज्यादा हैं। पिछले 2 साल तक कोरोना महामारी के कारण कई लोगों की नौकरी चली गई है। बुनियादी सुविधाओं की कमी, बिजली की समस्या, महिलाओं को पानी के लिए पाइप ढोने की समस्या अभी भी उनमें निहित है।

लेकिन न तो सरकार और न ही जिले के जनप्रतिनिधि इस ओर ध्यान देते हैं, इसलिए यहां के आदिवासियों के पास रोजगार के लिए हर साल मुंबई, ठाणे, कल्याण जैसे शहरी क्षेत्रों में पलायन करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। इन आठ वर्षों में कृषि क्षेत्र पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया गया है। जिले में कृषि मुख्य रूप से वर्षा जल पर की जाती है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में लगातार बारिश में कमी से ग्रामीण क्षेत्रों के किसान चिंतित हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि कृषि सिंचाई के अन्य विकल्प खोजने के लिए जनप्रतिनिधियों और सरकारी अधिकारियों दोनों की मानसिकता की कमी के कारण भविष्य में कृषि जिले के रूप में जिले की पहचान मिट जाएगी। जिला प्रशासन की ओर से अभी तक रोजगार सृजन के लिए कोई प्रयास नहीं किया गया है। यह जिला पत्थर खदानों, बालू खनन, ईंट भट्ठों, भूमि खरीद-बिक्री के लेन-देन से कठिन धन प्राप्त करने के एकमात्र उद्देश्य से आगे बढ़ता रहा, इसलिए लोगों की स्थिति 'भीख मत मांगो, लेकिन कुत्तों' जैसी हो गई है।

## चिरागों तुम सूरज बन जाना

गर्दिश में संग न छोड़ देना,
या खुदा मेरी राहें मोड़ देना।

ढेरों तुम फेखो,मुझे आता है,
पत्थरों को भी निचोड़ देना।

ऐ चिरागों कभी सूरज बन कर,
आंधियों को भी झिंझोड़ देना,

जुल्म की इन्तहां है,ये भी तो,
कलियो के खिलते ही,उन्हें तोड़ देना।

आह भी नहीं,कत्ल संगीन भी हुआ,
हादसे को तुम, हसीन सा मोड़ देना।

जब कहानी मेरी,सुनाना उन्हें,
कत्ल का मेरे,जिक्र छोड़ देना।

एतबार के टुकड़े गिरे,इधर उधर,
संजीव तुम,इन्हें एहसासों से जोड़ देना।



संजीव ठाकुर

अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।
bulandsandesh@ gmail.Com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# फिर आतंकी हमलें,कायम हो शांति का उजाला



ललित गर्ग

यह आशंका सच साबित हो रही है कि भाजपा को पूर्ण बहुमत न मिलने पर कश्मीर में आतंकी घटनाएं बढ़ेंगी एवं पाकिस्तान पोषित आतंकवाद फिर से फन उठाने लगेगा। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 की समाप्ति के बाद हुए पहले लोकसभा चुनाव में रिकॉर्ड मतदान से पाकिस्तान बौखलाया है। इसी का परिणाम है लगातार हो रहे आतंकी हमलें। इन हमलों ने आंतरिक सुरक्षा के लिये नये सिरे से चुनौती पैदा की है। जम्मू में रियासी, कठुआ और डोडा में चार दिनों में चार आतंकी हमले चिन्ता का बड़ा कारण बने है। रविवार को रियासी में श्रद्धालुओं से भरी बस के चालक पर हुए हमले के बाद बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई थी। जिसमें नौ श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। फिर कठुआ व डोडा में हुए आतंकी हमलों में एक जवान और दो आतंकवादी मारे गए हैं। लम्बे समय की शांति, अमन-चैन एवं खुशहाली के बाद एक बार फिर कश्मीर में अशांति एवं आतंक के बादल मंडराये हैं। धरती के स्वर्ग की आभा पर लगे ग्रहण के बादल छंटने लगे थे कि एक बार फिर कश्मीर को अशांत करने की कोशिशें तीव्र होते हुए दिख रही है। केन्द्र में गठबंधन वाली मोदी सरकार के सामने यह एक बड़ी चुनौती है।

इन आतंकी घटनाओं को केन्द्र सरकार ने गंभीरता से लिया है। कुछ गिरफ्तारियां भी हुई और हथियार भी बरामद हुए हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए गुरुवार को प्रधानमंत्री ने गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल व सुरक्षा एजेंसियों के साथ बैठक की है। इसमें आतंकवाद की नई चुनौती से मुकाबले की रणनीति पर विचार हुआ है। दरअसल, नई सरकार बनने की प्रक्रिया के दौरान हुए इन हमलों में पाक की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता। लेकिन पाकिस्तान यह बड़ी भूल कर रहा है, क्योंकि मोदी सरकार की दृढ़ता एवं साहस को चुनौती देना इतना आसान नहीं है। फिर भी लगातार हुए आतंकी हमले चिंता तो बढ़ा ही रहे हैं। एलओसी से लगते जम्मू के इलाके में आतंकवादी घटनाओं का बढ़ना गंभीर हैं, चिन्ताजनक है। मारे गये दो आतंकवादियों के पास से पाकिस्तानी हथियार व सामान की बरामदगी बताती है कि पाकिस्तान सत्ता प्रतिष्ठानों की मदद से यह आतंक का खेल फिर शुरू कर रहा है। कहीं न कहीं दिल्ली में बनी गठबंधन सरकार को यह संदेश देने की कोशिश की जा रही है कि पाक पोषित आतंकवादी जम्मू-कश्मीर में शांति एवं अमन को कायम नहीं रहने देंगे। मैंने चुनाव से पूर्व अपनी एक सप्ताह की कश्मीर यात्रा में देखा कि केन्द्र सरकार ने कश्मीर में विकास कार्यों को तीव्रता से साकार किया है, न केवल विकास की बहुआयामी योजनाएं वहां चल रही है, बल्कि पिछले 10 सालों में कश्मीर में आतंकमुक्त करने में भी बड़ी सफलता मिली है। बीते साढ़े तीन दशक के दौरान कश्मीर का लोकतंत्र कुछ तथाकथित नेताओं का बंधुआ बनकर गया था, जिन्होंने अपने राजनीतिक स्वार्थों



के लिये जो कश्मीर देश के माथे का ऐसा मुकुट था, जिसे सभी प्यार करते थे, उसे डर, हिंसा, आतंक एवं दहशत का मैदान बना दिया। लेकिन वहां विकास एवं शांति स्थापना का ही परिणाम रहा कि चुनाव में लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेकर लोकतंत्र में अपना विश्वास व्यक्त किया। कहा जा सकता है कि राज्य में लोकतंत्र को मजबूत होते देख बौखलाहट में ये आतंकवादी हमले किये जा रहे हैं। दरअसल, केंद्रशासित प्रदेश का शांति-सुकून की तरफ बढ़ना आतंकवादियों की हताशा को ही बढ़ाता है। हाल के दिनों में रिकॉर्ड संख्या में पर्यटकों का घाटी में आना और लोकसभा चुनाव में बंपर मतदान सीमा पार बैठे आतंकियों के आकाओं को रास नहीं आया है।

जम्मू के इलाके में आतंकी घटनाओं में वृद्धि शासन-प्रशासन के लिये गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए। इन हमलों में पाकिस्तान की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता। उल्लेखनीय है कि रविवार को हुए हमले की जिम्मेदारी जहां लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी गुट टीआरएफ ने ली तो डोडा में हुए हमले की जिम्मेदारी पाक पोषित जैश-ए-मोहम्मद के एक गुट कश्मीर टाइगर्स नामक आतंकी संगठन ने ली है। बहरहाल, भारतीय सेना व सुरक्षा बल आतंकवादियों को भरपूर जवाब दे रहे हैं। लेकिन इस माह के अंत में शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा का निर्बाध आयोजन सुरक्षा बलों के लिये बड़ी चुनौती होगी।

## सोमवार का राशिफल

**मेष** — व्यवसाय में पार्टनर से परेशानी बढ़ेगी, स्त्री घरेलू हिंसा से प्रताड़ित हो सकती है, स्वास्थ्य सम्बन्धित दवा शुरू करनी पड़ेगी, ट्रैवल, खेती, डेयरी व्यवसाय चलेगा। भाग्य प्रतिशत-51

**वृषभ** — रिश्तेदार बीमार हो सकता है, खेल क्षेत्र में संघर्ष बढ़ेगा, यात्रा होगी, किसी केस में धन खर्च या उधार देना पड़ सकता, व्यवसाय में सरकारी कार्य से परेशानी होगी। भाग्य प्रतिशत-50

**मिथुन** — संतान के सेटलमेंट में परेशानी आ सकती है, पैतृक सम्पति की प्राप्ति में भी विलंब होगा, हार्मोन रोग, आंखों का ऑपरेशन सम्भव है, अध्यापन, खुदरा, प्रिंटिंग प्रेस व्यवसाय चलेगा। भाग्य प्रतिशत-59

**कर्क** — घर में किसी बात पर क्लेश सम्भव है, विचार टकरा सकते है, यात्रा में ध्यान रखना होगा, अपने मन की बात किसी से करेंगे, खनन, तेल, जड़ी-बूटी, रेत व्यवसाय में उन्नति होगी। भाग्य प्रतिशत-69

**सिंह** — किसी कार्य को चलाने या पद पाने के लिए काफी संघर्ष बढ़ेगा, विवाद होने पर थोड़ा अग्रेसिव हो सकते है, बड़ी उम्र का जीवन साथी से विवाह तय सम्भव है। भाग्य प्रतिशत-51

**कन्या** — तीर्थ आदि पर दान खर्च कर सकते है, गले में टॉन्सिल, आंख, दांत तकलीफ, शिशु को बुखार सम्भव है, कम्पनी कार्य से विदेश यात्रा होगी,वायदा करने से पहले विचार करें। भाग्य प्रतिशत-53

**तुला** — सरकारी नौकरी में जांच सम्भव है, क्म्प्यूटर कोचिंग में बच्चे घटेंगे, हर्निया,पाइल्स,पेरालेसीस रोग समस्या देगा, फाइनेंस, मैन्युफैक्करिंग व्यवसाय में समस्या रहेगी। भाग्य प्रतिशत-51

**वृश्चिक** — राजनीति में यात्रा जनसभा करेंगे, जीवन साथी का ध्यान रखेंगे फिर भी नाराजगी रहेगी, बैंक बैलेन्स बढ़ने में दिक्कत आयेगी, व्यवसाय में खर्चा बढ़ेगा लाभ कम होगा। भाग्य प्रतिशत-54

**धनु** — खर्चा बढ़ सकता है, पिता की सेहत प्रभावित रहेगी, क्रोध उत्तेजना में निर्णय लेने से बचें, संतान प्लान कर रहे है भारी वजन लापरवाही ना बरतें। भाग्य प्रतिशत-66

**मकर** — प्रसिद्धी प्रभाव तो बढ़ेगा लेकिन धन कमाने में समस्या होगी, एक्टिंग, मीडिया, सेना के क्षेत्र में उन्नति करेंगे, किसी के पख्याल में खोए रहेंगे। भाग्य प्रतिशत-62

**कुंभ** — राजनीति, अर्थशास्त्र, मेकेनिकल, सॉफ्टवेयर के क्षेत्र में उन्नति करेंगे, पिता की ओर चिंता बढ़ेगी, अटकलों के साथ कोई कार्य बन जाएगा। भाग्य प्रतिशत-60

**मीन** — शरीर में अंदरुनी समस्या रहेगी, ससुराल पक्ष के फैसले विवाद का रूप ले सकते है, रिश्वत लेने से बचें, स्वर्ण, बायोटेक, जमीन, खरीद-बेच में अटकल के साथ मध्यम प्रगति होगी । भाग्य प्रतिशत- 54



अशनिका शर्मा
ज्योतिष।

हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# फादर्स डे: कई रूपों में करता है औलाद का मार्गदर्शन

पिता परिवार के लिए प्यार, उम्मीद, हिम्मत व विश्वास का दूसरा नाम है। पिता का महत्व शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। पिता भले ही ऊपर से सख्त दिखते हो लेकिन अंदर से अपने बच्चों के प्रति नरम ही होते हैं। पिता हमारा भविष्य बनाने के लिए अपने सपनों तक को भी भूल जाते हैं और अपनी संतान के लिए सब कुछ करने को तैयार होते हैं। मां की तरह ही पिता का भी बच्चों के जीवन में खास महत्व होता है। अपने पिता के प्रति प्रेम आदर और

> ▶▶ **पिता के त्याग व बलिदान से ही पैदा होती है आदर्श संतान**
>
> ▶▶ **पिता प्यार है, उम्मीद है, विश्वास है, हैप्पी फादर्स डे**

सम्मान प्रकट करते हुए इस दिन को सेलिब्रेट करें।

बुलंद संदेश यूरो

शिकारपुर।( अशोक पाठक) प्रत्येक वर्ष जून महीने के तीसरे रविवार को यानी पिता दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन प्रत्येक व्यक्ति के लिए महत्वपूर्ण है। प्रत्येक संतान का फर्ज बनता है कि वह अपने पिता के प्रति हमेशा सम्मान का भाव रखें जिससे कि आने वाली पीढियों में भी ऐसे ही संस्कारों में सम्मानों का प्रभाव बना रहे। जब कभी हमसे कोई गलती हो जाती है तो हमारे पिता अक्सर हम डांटे हैं पीते हैं हमें गलत कार्य करने से रोकते हैं। उसे समय देखा जाए तो कुछ पल के लिए हमारे सामने उनकी छवि एक हिटलर की भांति प्रतीत होती है। लेकिन जैसे जैसे-जैसे वक्त गुजरता है और हम बड़े होते जाते हैं तब हमें समझ आता है कि हमारे पिता का हमारे प्रति जो कठोर व्यवहार था उसके पीछे उनका प्रेम भाव ही छुपा था। हमारे बचपन से ही एक पिता खुद को थोड़ा सख्त बनाकर रखना है ताकि वह हमें कठिनाइयों से लड़ना सीखा सके। हमें खुशी देने के लिए वह अपनी खुशियों दुखों में दर्द तक को भी ठुकरा देते हैं।

एक पिता जो एक मां के रूप में , एक शिक्षक के रूप में , तो कभी एक दोस्त के रूप में हमेशा अपना फर्ज निभाते हैं वह हमें अच्छे बुरे का ज्ञान करते हैं पिता अपनी संतान के लिए एक कवच होते हैं जिसकी छत्रछाया में रहते हुए हम अपने आपको हमेशा सुरक्षित महसूस करते हैं और अपने जीवन को एक सही दिशा देने का प्रयास करते हैं हम अपनी छोटी-छोटी ख्वाहिशों को हमेशा अपने पिता के सामने रखते हैं और वह उनका पूरा भी करते हैं। उसे समय हम यह नहीं सोचते कि हमारे पिता ने कैसे कहां से व्यवस्था की होगी? लेकिन जब हम जिंदगी में एक पिता का पद प्राप्त करते हैं तब हमें इसको वास्तविक




ज्ञान होता है। अपनी जिंदगी में लाख तकलीफों को झेलने के बाद भी एक पिता के चेहरे पर कभी सिकन नहीं आती । हर परिस्थिति में उनके चेहरे पर एक प्यारी सी मुस्कान हमेशा बनी रहती है जो हमें खुशी और सुख का एहसास कराती है।

वैसे तो तमाम उम्र भी उनके त्याग और बलिदान को चुकाया नहीं जा सकता लेकिन कम से कम साल में एक दिन पिता दिवस के रूप में मनाकर उनके प्रति कृतक बने रहे। आधुनिक संस्कृति ने हमें फादर्स डे के रूप में यह सुनहरा अवसर दिया है तो हम अपनी भावनाओं को जो हम चाह कर भी कभी अपने पिता को का नहीं पाते इस अवसर पर कह सकते हैं। उन्हें वह अपनापन महसूस कर सकते हैं जिससे वह तमाम अपने पिता होने पर गर्भ महसूस कर सकें। हम आज अपनी जिंदगी में जो कुछ भी बन पाए हैं वह आपके बिना संभव नहीं था। एक संतान अपने पिता को अगर अपनी शुभकामनाएं दे तो इससे बढ़कर खुशी का पाल उसके लिए और कोई नहीं हो सकता। आज हम अपनी जिंदगी में जितनी भी सफल व्यक्तियों को देखते हैं उनमें से अधिकांश की सफलता के पीछे उनके पिता का हाथ नजर आएगा। उन्होंने अपने पिता से प्रेरणा ली उनको अपना आदर्श माना और जीवन में कामयाबी हासिल की।

जैसे-जैसे समय बदलता है तो एक बदलाव का आना भी स्वाभाविक ही होता है। बदलते जमाने और रोजगार की जरूरत के चलते आज हम अपनो से दूर होते जा रहे हैं। हम अपने बुजुर्ग माता-पिता को चाह कर भी समय और सहारा नहीं दे पा रहे हैं उनका अकेलापन दूर नहीं कर पा रहे हैं। कहीं ना कहीं यह बात हमारे अंदर एक टीस पैदा करती है जिसके चलते हम हमेशा एक बेचैनी सी महसूस करते हैं। आज के समय में प्रत्येक संतान का फर्ज है कि वह विभिन्न अफसर त्योहार पर उनके साथ समय बताएं उनके सुख-दुख में हिस्सेदार बने और अपना संतान होने का कर्तव्य निभाएं फिर चाहे वह अफसर हुए त्यौहार फादर्स डे ही क्यों ना हो। आज बदलते जमाने के साथ संस्कारों का जो रूप बदल रहा है उसे सुधारने का प्रजनन करता है प्रत्येक संतान में एक जागृति पैदा करना और अपने पिता के प्रति अपना दायित्व निर्भय करना ही सही मायने में फादर्स डे की सार्थकता कहीं जाएगी।

# एसडीएम ने किया राशन की दुकान का औचक निरीक्षण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**




**डिबाई (केपीसिंह चौहान)।** ग्रामीणों की शिकायत पर तहसील क्षेत्र के गांव धरमपुर में राशन की दुकान का एसडीएम दीपक कुमार पाल ने औचक निरीक्षण किया। जिसमें राशन डीलर की दुकान पर मिली खामियां का विवरण इस प्रकार है स्टॉक रजिस्टर, वितरण रजिस्टर, न्यू इपोस मशीन,दुकान पर किसी प्रकार का पोस्टर नहीं लगा हुआ था। जिस पर एसडीएम ने दानपुर सप्लाई इंस्पेक्टर को रिपोर्ट बनाकर देने के लिए कहा गया है जिससे राशन डीलर के खिलाफ कार्यवाही की जा सकें।

# लड़की ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर दूसरे प्रेमी की हत्याकर फांसी पर लटकाया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** प्यार में धोखा देने की अनेक मामले सामने आए हैं ऐसा ही एक मामला खुर्जा नगर क्षेत्र में देखने को मिला है जहां एक प्रेमिका ने

- **खुर्जा नगर थाने में तहरीर देने पर पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज करने के 01 महीने बाद भी आरोपी की नहीं हुई गिरफ्तारी**
- **पीड़ित ने क्षेत्राधिकारी खुर्जा के कार्यालय पहुंचकर लगाई न्याय की गुहार**

अपने प्रेमी को दूसरे प्रेमी के साथ मिलकर मारपीट कर हत्या कर दिया और उसे पेड़ पर फंदा डालकर फांसी पर लटका दिया। लड़के के भाई ने थाने में दी तहरीर, लड़की के प्रेमी के विरुद्ध हुआ मुकदमा दर्ज। परंतु एक माह बीतने के बाद भी आरोपी को पुलिस नहीं कर सकी गिरफ्तार। मृत्यु युवक के परिवारजन थाना चौकी के लगा रहे चक्कर जिन्होंने क्षेत्राधिकारी खुर्जा के यहां पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार करने की लगाई न्याय की गुहार। जिससे मिल सके उन्हें न्याय।

बता दें कि थाना खुर्जा नगर क्षेत्र के गांव आसफपुर नागलिया में टिंकू नाम के व्यक्ति के साथ मिलकर लड़की शीतल पर दुष्यंत को मारपीट कर पेड पर फंदे से लटका कर हत्या करने का दुष्यंत के परिवारजन ने लगाया आरोप,दोनों प्रेमी एक ही लड़की से करते थे प्रेम, एक लड़के को रास्ते से हटाने के लिए दोनों ने घटना को दिया गया अंजाम, टिंकू ने अन्य लोगों के साथ मिलकर कुछ दिन पूर्व दुष्यंत को लड़की से मिलने पर जान से मारने की दी थी धमकी जिसके चार दिन बाद दुष्यंत की पेड़ पर लटकी मिली लाश। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा कर किया मुकदमा दर्ज।



टिंकू के परिवार जिन्होंने एक बार फिर दुष्यंत के परिवार जनों को मुकदमा वापस लेने का बनाया दबाव मुकदमा वापस नहीं लेने पर दी जान से मारने की धमकी। दुष्यंत के परिवारजन क्षेत्राधिकारी खुर्जा के कार्यालय पहुंचकर लगाई न्याय की गुहार शिकायत करते हुए आरोपी को गिरफ्तार करने की रखी मांग। पुलिस ने शीघ्र आरोपी को गिरफ्तार करने का दिया आश्वासन। शीघ्र होगी गिरफ्तारी। नहीं होने देंगे अन्याय।

अब देखना यह होगा कि आरोपी को पुलिस गिरफ्तार करती है या नहीं या दुष्यंत के परिवारजन इसी तरह पुलिस थाने और चौकी का लगाते रहेंगे चक्कर सोचने का विषय? क्षेत्राधिकारी खुर्जा के यहां शिकायत करने महाराज सिंह के साथ अनेक लोग पहुंचे।

# बकरीद को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क, नोएडा में धारा 144 लागू

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**




**नईदिल्ली/नोएडा।** बकरीद के त्योहार को लेकर देशभर में तैयारियां चल रही हैं. इस बीच बाजारों में भीड़ बढ़ गई है. इसी के साथ कुबार्नी के लिए पशु मंडियों में भी बकरों की जमकर खरीददारी हो रही है. बकरीद को देखते हुए पुलिस प्रशासन भी सतर्क हो गया है. बता दें कि बकरीद को ईद-उल-अजहा के नाम से भी जाना जाता है. जो मुस्लिम धर्म के सबसे बड़े त्योहारों में से एक है. बकरीद के त्योहार को देखते हुए देशभर में सुरक्षा व्यवस्थान बढ़ा दी गई है. इसके साथ ही प्रशासन ने जानवरों की कुबार्नी के लिए भी नियम बनाए हैं. साथ ही चिन्हित जगहों पर ही कुबार्नी करने की इजाजत दी गई है. बकरीद को देखते हुए पुलिस संवेदनशील इलाकों में गश्त कर रही है.

बता दें कि बकरीद के चलते उत्तर प्रदेश में सुरक्षा बढ़ा दी गई है. राजधानी लखनऊ समेत राज्य के सभी प्रमुख शहरों में पुलिस को तैनात कर दिया गया है. लखनऊ में भारी पुलिस बल के साथ अधिकारी गश्त कर रहे हैं इसके साथ ही शहर के संवेदनशील इलाकों पर भी नजर बनाए हुए हैं. इस दौरान पुलिस टीम को घंटाघर इलाके में गश्त करते हुए देखा गया. पुराने लखनऊ के संवेदनशील इलाकों में पुलिस की टीमों ने हालात का जायजा लिया. बकरीद के मौके पर पुलिस किसी भी सूरत में माहौल को खराब होना नहीं देना चाहती।बकरीद के मद्देनजर उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्धनगर में धारा 144 लागू कर दी गई है. बकरीद और ज्येष्ठ गंगा दशहरा के चलते गौतमबुद्धनगर में रविवार से बुधवार तक अपराध प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू रहेगी. पुलिस के आदेश के मुताबिक, बिना विशेष अनुमित के सार्वजनिक स्थानों पर सार्वजनिक प्रार्थना, पूजा, जुलूस और अन्य धार्मिक आयोजनों पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा. अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून और व्यवस्था) हिरदेश कठेरिया के मुताबिक, असामाजिक तत्वों से लोक व्यवस्था को संभावित खतरा को देखते हुए इस संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है कि ऐसे लोग शांति भंग कर सकते हैं। वहीं बकरीद के चलते यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी सतर्क हैं. सीएम योगी ने दोनों त्योहारों के मौके पर कानून व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए अधिकारियों संग बैठक की. इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि 16 जून को गंगा दशहरा, 17 जून को बकरीद, 18 जून को ज्येष्ठ माह का मंगल का पर्व और 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस है. वहीं जुलाई में मोहर्रम और कांवड़ यात्रा का कार्यक्रम होने हैं. इसलिये ये समय कानून-व्यवस्था की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील है. सीएम योगी ने शासन-प्रशासन को 24 घंटे एक्टिव मोड में रहने के निर्देश दिए हैं। इस के साथ ही सीएम योगी ने कहा है कि बकरीद पर कुबार्नी के लिए पहले से स्थान तय होना चाहिए. इसके अलावा विवादित या संवेदनशील स्थलों पर भी कुबार्नी नहीं की जानी चाहिए. साथ ही हर हाल में ये सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि प्रतिबंधित पशुओं की कुबार्नी नहीं हो. सीएम योगी ने कहा कि नमाज परंपरानुसार एक निर्धारित स्थल पर ही हो. सड़कों पर नमाज नहीं होनी चाहिए. आस्था का सम्मान करें, लेकिन किसी नई परंपरा को प्रोत्साहन न दें. यदि कोई भी कानून हाथ में लेने की कोशिश करेगा तो उसके खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

# एसडीएम ने पुलिस बल के साथ ईदगाह का किया निरीक्षण, कमेटी के पदाधिकारी को दिया आवश्यक निर्देश

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**छतारी ( बुलंदशहर)।** रविवार को शिकारपुर एसडीएम प्रियंका गोयल ने छतारी थाना प्रभारी निरीक्षक भूपेंद्र सिंह के पुलिस बल के साथ ईदगाह निरीक्षण किया। इस दौरान ईदगाह और अन्य कमेटी के पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। छतारी के पहासू रोड़ पर ईदगाह स्थित है। रविवार को शिकारपुर एसडीएम प्रियंका गोयल ने छतारी थाना प्रभारी भूपेंद्र सिंह के साथ ईदगाह का निरीक्षण किया है। एसडीएम ने नगर पंचायत के कर्मचारियों को साफ सफाई व्यवस्था बनाए रखने के आवश्यक निर्देश दिए हैं। थाना प्रभारी भूपेंद्र सिंह ने ईद उल अजहा के संबंध में मौलवियों तथा ईदगाह की कमेटी के पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि ईद के त्योहार पर शासन के नियमों का पालन करें। खुले में कुबार्नी, सड़क पर नमाज न पढ़ने के निर्देश दिए हैं। इस मौके पर एसआई अशोक कुमार, भूपेंद्र सिंह सहित मौलाना और इमाम मौजूद रहे।

# मोदी सरकार तृतीय सत्र के शुभारंभ पर पूर्व विधायिका ने सहयोगियों संग किया शिव रुद्राभिषेक व गंगा पूजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**डिबाई (केपीसिंह चौहान)।** भारतीय गणतंत्र में मोदी सरकार के तीसरे चरण के कार्यभार ग्रहण के शुभारंभ पर डॉ अनीता लोधी पूर्व विधायक डिबाई ने रामघाट के वनखंडेश्वर मंदिर में रुद्राभिषेक और नरवर घाट नरौरा पर गंगा पूजन कर केंद्र सरकार के सफल कार्यकाल हेतु मंगल कामना की।

डिबाई क्षेत्र के दर्जनों भाजपा कार्यकर्ताओ और अपने सहयोगियों सहित डॉ अनीता लोधी ने गंगा दशहरा की पूर्व संध्या तपोभूमि रामघाट प्राचीन वनखंडेश्वर शिव मंदिर में स्थानीय आचार्यों के सहयोग से रुद्राभिषेक कार्यक्रम का आयोजन किया। प्राचीन मान्यता के अनुसार गंगा दशहरा पर रुद्राभिषेक पूजा का विशेष महत्व होता है। रुद्राभिषेक के उपरांत डॉ अनीता लोधी ने नरवर घाट नरौरा पर गंगा मैया का पूजन कर दूध अर्पण कर माँ गंगा से क्षेत्र की खुशहाली और शांति के लिये प्रार्थना की। इस अवसर पर उनके साथ मुकेश प्रधान सोरला,महेश मीणा ढोला नगला,मोहित शर्मा, शिवम शर्मा राजघाट, लक्ष्मण सिंह फौजी डिबाई, गोविंद सिंह रंधौरा, चेतराम सिंह रूपसपुर, सुरेंद्र कुमार वर्मा डायरेक्टर डीसीडीएफ, हेमराज सिंह डायरेक्टर सहकारी क्रय विक्रय समिति, टीटू भीमपुर, अवनीश कुमार, गुरुबचन सिंह, जय प्रकाश लोधी, राजेंद्र कुमार, पी.पी. सिंह,ज्ञान सिंह शहदवां सहित अनेक क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

# डीएम और एसएसपी में ईदगाह का किया निरीक्षण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलन्दशहर ।** आगमी ईद के पर्व के मौके पर कानून व्यवस्था को बनाए रखने के दृष्टिगत जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार द्वारा ईदगाह शहर व ईदगाह सिकन्दराबाद का निरीक्षण करते हुए की जा रही व्यवस्था का जायजा लिया व निर्देश दिया कि ईदगाह पर नमाज अदायगी के मौके पर व्यवस्था को बनाए रखने के लिए वॉलिंटियर लगाए जाए एवं पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती भी की जाए। खुले में नमाज किसी भी दशा में नहीं अदा की जायेगी। इसके लिए पहले से ही ईदगाह पर सूचित कर वॉलिंटियर बनवाए जाने की व्यवस्था कर ली जाए।

## कार्यालय नगर पंचायत औरंगाबाद
## जनपद बुलन्दशहर

पत्रांक 932 (3)/न0पं0औ0/2024-25 दिनांक 14.06.2024

### अति अल्पकालीन कुटेशन सूचना/विज्ञप्ति

नगर पंचायत औरंगाबाद द्वारा समस्त ठेकेदारों/फर्मो को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत औरंगाबाद, जनपद बुलन्दशहर में वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य वित्त आयोग की प्राप्त धनराशि से एम0आर0एफ0 सेन्टर में मशीनों के अधिष्ठापन, वायरिंग व रिपेयर/मरम्मत का कार्य कराये जाने के लिये सीलबन्द लिफाफे में दिनांक 18.06.2024 से 22.06.2024 तक कुटेशन आमंत्रित की जाती है। कुटेशन प्रातः 10:00 बजे से सांय 5:00 बजे तक बंद लिफाफे में कार्यालय नगर पंचायत औरंगाबाद में रखे कुटेशन बोक्स में डाल सकते है। प्राप्त कुटेशनों को दिनांक 24.06.2024 को प्रातः 11:00 बजे अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी महोदय के समक्ष खोला जायेगा। कुटेशनदाता कुटेशन खोलते समय उपस्थित रह सकते है। निम्न दर की कुटेशन को स्वीकृति प्रदान कर कार्यदेश निर्गत किया जायेगा एंव कार्य के सम्पादन के उपरान्त सन्तोषजनक स्थिति में भुगतान प्रार्थना पत्र के साथ प्रस्तुत बिल का नियमानुसार भुगतान किया जायेगा। कुटेशन से सम्बन्धित जानकारी के लिये प्रातः 10:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय नगर पंचायत औरंगाबाद से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | कार्य अवधि |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | ट्रोमल मशीन, कनवेयर मशीन, फटका मशीन आर्गेनिक वेस्ट मशीन, सरेन्डर मशीन, प्रेस मशीन आदि के अधिष्ठापन, वायरिंग व मरम्मत/रिपेयर का कार्य | 15 दिन |

**शर्तेः-**

1. सशर्त व अपूर्ण कुटेशन मान्य नही होगी ओर स्वतः ही निरस्त समझी जायेगी।
2. किसी भी कुटेशन को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को होगा।
3. कुटेशनदाता को कुटेशन के साथ पेनकार्ड की छायाप्रति, जी0एस0टी0 नम्बर की छायाप्रति स्वप्रमाणित मोहर लगाकर संलग्न करना अनिवार्य होगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत औरंगाबाद
जनपद बुलन्दशहर

अध्यक्ष
नगर पंचायत औरंगाबाद
जनपद बुलन्दशहर

## कार्यालय नगर पंचायत औरंगाबाद
## जनपद बुलन्दशहर

पत्रांक 933 (3)/न0पं0औ0/2024-25 दिनांक 15.06.2024

### अति अल्पकालीन कुटेशन सूचना/विज्ञप्ति

नगर पंचायत औरंगाबाद द्वारा समस्त ठेकेदारों/फर्मो को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत औरंगाबाद, जनपद बुलन्दशहर में वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य वित्त आयोग की प्राप्त धनराशि से जनहित में विभिन्न वार्डो में नाली, इण्टरलॉकिंग सडक व सी0सी0 रोड का निर्माण कार्य व रिपेयर/मरम्मत का कार्य कराये जाने के लिये सीलबन्द लिफाफे में दिनांक 18.06.2024 से 22.06.2024 तक कुटेशन आमंत्रित की जाती है। कुटेशन प्रातः 10:00 बजे से सांय 5:00 बजे तक बंद लिफाफे में कार्यालय नगर पंचायत औरंगाबाद में रखे कुटेशन बोक्स में डाल सकते है। प्राप्त कुटेशनों को दिनांक 24.06.2024 को प्रातः 11:00 बजे अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी महोदय के समक्ष खोला जायेगा। कुटेशनदाता कुटेशन खोलते समय उपस्थित रह सकते है। निम्न दर की कुटेशन को स्वीकृति प्रदान कर कार्यदेश निर्गत किया जायेगा एंव कार्य के सम्पादन के उपरान्त सन्तोषजनक स्थिति में भुगतान प्रार्थना पत्र के साथ प्रस्तुत बिल का नियमानुसार भुगतान किया जायेगा। कुटेशन से सम्बन्धित जानकारी के लिये प्रातः 10:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय नगर पंचायत औरंगाबाद से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | वार्ड नम्बर 13 में रेवती बाबा के मकान से भोपाल के मकान तक व ब्रजेश के मकान तक नाली मरम्मत का कार्य | 98883 | 15 दिन |
| 2 | नगर पंचायत औरंगाबाद में बीज गोदाम के सामने इन्टरलॉकिंग का कार्य | 70889 | 15 दिन |
| 3 | नगर पंचायत कार्यालय के सामने कार्यालय के गेट से पप्पी के मकान तक नाली का निर्माण कार्य | 86446 | 15 दिन |
| 4 | नगर पंचायत कार्यालय के सामने कार्यालय के गेट से पप्पी के मकान तक सडक इन्टरलॉकिंग का निर्माण कार्य | 97527 | 15 दिन |
| 5 | नगर पंचायत कार्यालय औरंगाबाद में नाली का कार्य (पार्ट 01) | 72072 | 15 दिन |
| 6 | नगर पंचायत कार्यालय औरंगाबाद में नाली का कार्य (पार्ट 02) | 57658 | 15 दिन |

**शर्तेः-**

1. सशर्त व अपूर्ण कुटेशन मान्य नही होगी ओर स्वतः ही निरस्त समझी जायेगी।
2. किसी भी कुटेशन को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को होगा।
3. कुटेशनदाता को कुटेशन के साथ पेनकार्ड की छायाप्रति, जी0एस0टी0 नम्बर, हैसियत प्रमाण-पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, श्रम विभाग प्रमाण-पत्र की छायाप्रति स्वप्रमाणित मोहर लगाकर संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. स्वीकृत कुटेशनदाता को निर्धारित धनराशि 100 रू0 के स्टाम्प पर अनुबन्ध करना अनिवार्य होगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत औरंगाबाद
जनपद बुलन्दशहर

अध्यक्ष
नगर पंचायत औरंगाबाद
जनपद बुलन्दशहर

# जन समस्याओं को उजागर कर समाज हित में कार्य करें पत्रकार: ओमवीर बिश्नोई

बुलन्द संदेश ब्यूरो


**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** प्रेस क्लब कांठ की रविवार को आयोजित बैठक में पत्रकारों की विभिन्न समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया ' क्लब के संरक्षक ओमवीर सिंह बिश्नोई ने कहा कि नागरिकों की जन समस्याओं को प्रकाशित कर समाज की सेवा करें ' उन्होंने कहा कि पत्रकारों का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा'बैठक का आयोजन डॉक्टर शब्बीर मोमीन के नया गांव स्थित आवास पर किया गया जिसमें विगत कार्यवाही पर विचार किया गया और समाज सेवा के लिए किए जाने वाले कार्यों को लेकर चर्चा की गई 'बताया गया कि जरूरतमंदों की तलाश कर प्रेस क्लब उनकी मदद करने का काम करेगा इस दौरान अन्य कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में संरक्षक ओमवीर सिंह बिश्नोई, अध्यक्ष राजेंद्र सिंह कश्यप, कोषाध्यक्ष डॉक्टर शब्बीर मोमीन, गौहर हुसैन, तनबीर आलम, मोहित सिंह चंदेल, हाफिज मोहम्मद साबिर, शैलेंद्र चौहान आदि मौजूद रहे अध्यक्षता राजेंद्र सिंह कश्यप और संचालन डॉक्टर शब्बीर मोमीन ने किया।



# खेत में दवा का छिड़काव करते समय किसान की हुई मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई)।** अपने खेत में दवा का छिड़काव करते समय किसान की हालत बिगड़ गई। उसे परिवार के लोगों ने आनन फानन में अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान दो दिन बाद किसान की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है' गांव रसूलपुर गुर्जर के रहने वाले किसान अमित उर्फ विक्की (48) पुत्र चुन्नू सिंह 13 जून की दोपहर अपने खेत में दवा का छिड़काव कर रहे थे। अचानक उनकी तबियत बिगड़ गई और वह बेहोश हो गए थे। परिवार के लोग उन्हें आनन - फानन में इलाज के लिए मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में ले गए और यहां भर्ती करा दिया था। जहां इलाज के दौरान शनिवार की सुबह करीब 10 बजे किसान अमित ने दम तोड़ दिया।इसकी जानकारी पुलिस को दी गई, जिस पर पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। बताया जा रहा है कि जिस दवाई को अमित खेत में छिड़क रहे थे, उसकी की वजह से उनकी हालत बिगड़ी थी। किसान अमित अपने दो भाइयों में बड़े थे। उनकी मौत से पत्नी सुमन, बेटे शिवांग, सिद्धार्थ, मां राजरानी सहित सभी परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।



# गंगा दशहरा पर जगह-जगह हुआ भंडारे का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** रविवार को मुरादाबाद रोड स्थित बाई पास नर्मदेश्वर मंदिर समिति द्वारा गंगा दशहरा पर भंडारे का आयोजन किया गया जहां भंडारे के साथ साथ शरबत,जलजीरे का वितरण भी किया गया जिसमे हजारो की संख्या में भक्तो ने तेज गर्मी के इस मौसम मे ठंडक का एहसास लिए इस मौके पर आने जाने वाले सभी राहगीरों को शरबत वितरण किया इस दौरान मुख्य रूप से मौजूद रहे। दीनानाथ, राजीब कुमार, राजकुमार, मुकेश गोयल, राजीव, मुकुल मिश्रा, राहुल कश्यप उर्फ पाशा आदि।



# साप्ताहिक योग शिविर में बच्चों ने भी किया योगाभ्यास

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** नगर के आवास विकास स्थित संत तुकाराम पार्क में जायंट्स ग्रुप ऑफ चन्दौसी सखी सहेली के तत्वाधान में साप्ताहिक योग शिविर का आयोजन 15 जून से किया गया। जहां बड़ी संख्या में पहुंचकर महिला-पुरुष तथा बच्चों ने योगाभ्यास किया । योग करने से तन-मन स्वस्थ रहता है` योग प्रशिक्षिका देवकली गुप्ता व अध्यक्ष रीता बुदियाल ने सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर जायंट्स प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया योग प्रशिक्षिका देवकली गुप्ता ने योग प्राणायाम व ध्यान का अभ्यास कराया एवं विभिन्न प्रकार के आसन करना सिखाया उन्होंने बताया कि योग का प्रभाव हर किसी के शरीर पर अलग अलग होता है जिसकी जैसी मनोभावना ,ऊर्जा एवं रेगुलरटी होती है वैसा ही उसके शरीर पर योग का प्रभाव होता है योग गुरु ने बताया कि प्राणायाम करते समय स्वास देर तक अंदर रखने से ऊर्जा का संचार होता है । कार्यक्रम की अध्यक्षता रीता बुदियाल ने की । इस दौरान कार्यक्रम उपस्थिति रही। देवकली गुप्ता, ब्रांच ऑफि स अंजू राजपूत, अध्यक्ष रीता बुदियाल, सविता भटनागर, मीनू सिंह रेखा सक्सेना, शारदा गोयल, अलका वाष्णैय ,हंसमुखी ,यशी सक्सेना, एस सी वर्मा, अरविंद मिश्रा, मुकेश बाबू वाष्णेय,विजेन्द सिंह पाठक आदि उपस्थित रहे।

# सीआरपी का चिन्हीकरण में महिलाओं को सम्मिलित किया जाना है: डूडा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलन्दशहर।** शासन/सूडा लखनऊ डूडा के अन्तर्गत डे-एनयूएलएम के घटक सामजिक गतिशीलता एवं संस्थागत विकास के अन्तर्गत गठित एस0एच0जी0 एवं उनके फेडरेशन के सदस्यों को योजनान्तर्गत भविष्य में एसएचजी समूहों का गठन एवं हैण्डहोल्डिंग सपोर्ट आदि का कार्य सीआरपी के माध्यम से किया जाना है, जिस हेतु पर्याप्त संख्या में सीआरपी का चिन्हीकरण किया जाना है। इसमें उन महिलाओं को सम्मिलित किया जाना है, जिनका समूहों की सदस्यता का पर्याप्त अनुभव हो, सशक्तिकरण हेतु स्वयं सहायता समूह एक बेहतर तरीका है के सिद्धान्त पर विश्वास हो, स्वयं सहायता समहों को संचालन का लगभग 1वर्ष का अनुभव हो, जिसमें लीडरशिप एस0एच0जी0 की बैठकों में प्रतिभागिता रही हो। सी0आर0पी0 बनने की इच्छुक हो, व्यवहार में कुशल एवं संवाद में दक्ष हो, मिशन के सिद्धान्तों मे विश्वास हो, पंचसूत्र के पालन के प्रति प्रतिबद्धता, 20 से 45 वर्ष की आयु, सी0आर0पी0 कार्य हेतु समय का होना। एस0एच0जी0 में किसी भी प्रकार की डिफाल्टर न हो, सी0आर0पी0 जिस समूह से सम्बद्ध हो उस समूह को एएलएफ से सम्बद्धता अपरिहार्य होगी। सीएलएफ गठन होने की स्थिति में सीएलएफ से भी सम्बद्ध किया जाना अनिवार्य होगा। सी0आर0पी0 चयनित होने के उपरान्त उक्त सदस्य स्वयं सहायता समूह/एएलएफ की पदाधिकारी नहीं होगी। न्यूनतम योग्यता हाईस्कूल, मोबाइल एप चलाने में निपुणता, डिजिटल साक्षरता की सामान्य जानकारी। इच्छुक एवं अनुभवी एसएचजी समूह के सदस्य सीआरपी के रूप में कार्य करने हेतु अपना आवेदन पत्र आवश्यक प्रपत्रों सहित 03 दिवस के अन्दर शहर मिशन प्रबन्धन-इकाई/डूडा कार्यालय बुलन्दशहर में उपलब्ध करा सकते है।

**सीएलएफ गठन होने की स्थिति में सीएलएफ से भी सम्बद्ध किया जाना अनिवार्य होगा**

# एसपी देहात ने चौकीदारों के संग की मीटिंग

बुलन्द संदेश ब्यूरो


**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)।** रविवार को कुन्दरकी थाना परिसर मे एसपी देहात संदीप कुमार मीना ने चौकीदारों के संग मीटिंग की । एसपी देहात संदीप कुमार मीना ने चौकीदारों की समस्याओ को विस्तार पूर्वक सुना । और चौकीदारों को उनके दायित्वों के संबंध मे समझाया। और दायित्व का निर्वहन करने को कहा साथ ही एस पी देहात संदीप कुमार मीना ने कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने मे पुलिस का सहयोग करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान सीओ बिलारी राजेश कुमार, प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पांचाल, चौकी इंचार्ज अनिल कुमार, उपनिरीक्षक राजकुमार त्यागी, उपनिरीक्षक अशोक कुमार आदि पुलिस स्टाफ मौजूद रहा ।



# कल मनाई जाएगी निर्जला एकादशी: आचार्य ऋतुपर्ण शर्मा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी ।** निर्जला एकादशी का व्रत 17 जून को रखना है या 18 जून को? सवाल इसलिए है क्योंकि निर्जला एकादशी के लिए आवश्यक ज्येष्ठ शुक्ल एकादशी तिथि 17 और 18 जून यानी दोनों दिन है. ऐसे में कैसे तय करें कि निर्जला एकादशी का व्रत कब है. मान्यताओं के अनुसार, जिस दिन एकादशी तिथि में सूर्योदय होगा, उस दिन ही व्रत रखा जाएगा. लेकिन इस बार दोनों ही दिन एकादशी तिथि में सूर्य का उदय हो रहा है. दोनों ही दिन उदयातिथि प्राप्त हो जा रही है.इस विषय में श्रीमद् भागवत प्रवक्ता आचार्य ऋतुपर्ण शर्मा ने बताया कि पंचांग के अनुसार देखा जाए तो इस बार ज्येष्ठ शुक्ल एकादशी की तिथि 17 जून सोमवार को प्रातः 04 बजकर 43 मिनट पर ही शुरू हो रही है और उस दिन सूर्योदय 05:23 ए एम पर हो रहा है. वहीं ज्येष्ठ शुक्ल एकादशी तिथि का समापन 18 जून मंगलवार को 07:24 ए एम पर होगा. उस दिन भी सूर्योदय 05:23 ए एम पर हो रहा है. ऐसे में दोनों ही दिन ज्येष्ठ शुक्ल एकादशी तिथि है.यदि इस तरह की स्थिति पैदा होती है तो खासकर एकादशी व्रत में द्वादशी तिथि के समापन का विचार करते हैं क्योंकि व्रत का पारण द्वादशी के समापन से पूर्व होता है. कहने का अर्थ यह है कि हरि वासर के समय में एकादशी का पारण वर्जित है. द्वादशी तिथि के प्रथम चरण के बीतने के बाद ही पारण होता है.अब द्वादशी तिथि 18 जून को 07:24 ए एम से शुरू होकर 19 जून को 07:28 ए एम पर खत्म होगी. ऐसे में निर्जला एकादशी का व्रत 18 जून को रखना सही होगा और इसका पारण 19 जून को द्वादशी तिथि के समापन समय 07:28 ए एम से पूर्व कर लेना होगा.निर्जला एकादशी पर भगवान विष्णु की पूजा आप सूर्योदय के बाद से कर सकते हैं क्योंकि उस समय शिव योग और स्वाति नक्षत्र है. 18 जून को लाभ-उन्नति मुहूर्त 10:38 प्रातः से 12:22 सायं तक और चर-सामान्य 08:53 प्रातः से 10:38 प्रातः तक है.निर्जला एकादशी व्रत का पारण 19 जून बुधवार को सुबह 05:24 ए एम से 07:28 प्रातः के बीच कर लेना चाहिए.निर्जला एकादशी व्रत का महत्व बताते हुए कहा कि जो लोग 18 जून को निर्जला एकादशी व्रत रखेंगे, वे जान लें कि इस व्रत को करने से सभी पाप मिट जाते हैं. व्यक्ति को जीवन के अंत में मोक्ष की प्राप्ति होती है. यह एक मात्र ऐसा व्रत है, जिसे भीमसेन ने भी किया था, जिसकी वजह से निर्जला एकादशी को भीमसेनी एकादशी भी कहते हैं।



# इदारा हाशमी द्वारा मक्के से सफर की याद में सालाना जुलूस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल।** शहीदे कर्बला हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की याद में आजाना नवाब हसन मरहूम स्टेशन रोड से इदारा हाशमी की जानिब से बरामद हुए जुलूस मक्के से सफर की याद में मुहिब्बाने अहलेबैत ने रंजो गम के साथ जुलूस को कर्बला मोहल्ला शरकी तक पहुंचाया जुलूस से पहले मजलिस में असद राजा उनके हमनवा ने मर्सिया खानी की। मजलिस को मौलाना सैयद मुनव्वर राजा नकवी ने खिताब किया। मौलाना ने कहा कि अगर सारी दुनिया के लोग हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की बातों पर अमल करें तो यह दुनिया अमन का गहवारा बन सकती है मौलाना ने कहा कि इमामे हुसैन हर जमाने के लिए एक चिराग है जो लोगों को इंसानियत की राह दिखाती रहेगी। मौलाना ने कहा कि इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम यजीद के बैयत के मुतालबे पर मदीने से अजीजो अकरोबा को लेकर मक्के मोअज्जम काबे मोहतरम इसलिए आए थे कि अमन मिलेगी। लेकिन यजीद ने अपने साथियों को हाजियों के लिबास में इसलिए भेज दिया की नवासा ए रसूल को कत्ल कर दें।

काबे के तकद्दुस को बचाने के लिए हज को उम्रे में बदल इमाम ने फरमाया कि मैं अपने अहलो अयाल को कर्बला की कुर्बान गाह तक ले जा रहा हूं ताकि दीन को बचा सकूं।

यह जुलूस शाह राहों से गुजरता हुआ कर्बला मोहल्ला शरकी पर खत्म हुआ जहां मौलाना मीसम अब्बास मुजफ्फर नगरी ने तकरीर की।



# वार्ष्णेय महिला उत्थान समिति द्वारा किया गया शरबत वितरण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** रविवार को वार्ष्णेय महिला उत्थान समिति द्वारा शरबत का वितरण किया गया। जयेष्ठ माह की तपती गर्मी में राहगीरों को शरबत वितरित किया गया। वार्ष्णेय महिला उत्थान समिति हमेशा सामाजिक कार्यों में अग्रणी रहती है, समिति का कार्य हमेशा गरीब, बेसहारों की मदद करते आए है आज भी इस तपती गर्मी से राहत दिलाने के लिए शरबत का वितरण किया गया समिति के प्रत्येक सदस्यों ने इसमें बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रदेश अध्यक्ष वीनेश वार्ष्णेय, प्रदेश महासचिव प्रतिभा चौधरी, प्रदेश कोषाध्यक्ष डॉ सोनल वार्ष्णेय उपाध्यक्ष मोनिका टनाटन, रीना चौधरी, मोनिका चौधरी, अर्पिता वार्ष्णेय, प्रियांशी, सविता, गीता चौधरी, खुशी, रचना, मीनाक्षी, अनुराधा, वर्षा, भावना, बीना, मोनिका,चंचल, रश्मि, दीपमाला, चांदनी, महिमा, रागिनी, रितु, सीमा आदि का विशेष सहयोग रहा।



## साइबर ठग ने युवक के साथ की हजारों की ठगी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** साइबर क्राइम देश भर में तेजी से पैर पसारता जा रहा है। साइबर अपराधी दिन-प्रतिदिन लोगों को नये-नये तरीके से अपने झांसे में लेकर उन्हें ठगी का शिकार बना रहे हैं। जिसकी वजह से लाखों की संख्या में लोग इसका शिकार हो रहे हैं। इसके अलावा ट्रेडिंग ऐप्स, नौकरी घोटाले और डिजिटल वॉलेट से संबंधित मामले भी सामने आ रहे हैं। ऐसा ही एक मामला संभल जिले की चन्दौसी तहसील का सामने आया हैं। जहां नगर के कैथल गेट के रहने वाले भूपेन्द्र कुमार के साथ ऑनलाइन क्रेडिट कार्ड के माध्यम से 98,8,21 रुपयों की धोखाधड़ी की गई है। यहां बताते चले कि भूपेन्द्र कुमार नगर के एक स्कूल में शिक्षक के पद पर कार्यरत है उन्होंने बताया की 14जून को उनके मोबाइल फोन पर लगभग 7 बजे करीब एक कॉल आया और उसने एसबीआई क्रेडिट कार्ड कॉस्ट्यूमर केयर बताकर उनके क्रेडिट कार्ड एक्टिव और सर्विस चार्ज हटाने की बात कहकर एक लिंक के माध्यम से उनके क्रेडिट कार्ड से 98821 रू की ठगी की गई है जैसे ही उन्हें अपने साथ ठगी का पता चला तो उन्होंने बिना देरी किए इसकी शिकायत साइबर क्राइम थाने में की है।



# जनकल्याण सेवा समिति ने कराया शरबत वितरण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** रविवार को नगर के माल गोदाम रोड स्थित मोहन नक्षत्र के आवास पर गंगा दशहरा के पावन पर्व पर जनकल्याण सेवा समिति द्वारा राहगीरों को शरबत वितरण का किया गया। जिसका शुभारंभ नगरपालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय द्वारा किया गया।

गर्मी का कहर लगातार जारी है। दोपहर में पारा 45 डिग्री तक पहुंच रहा है। ऐसे में अपने काम से निकले राहगीरों को गर्मी की तपन तो झेलनी पड़ती ही है, इसी के साथ गर्मी से जनमानस का हलक भी सूख जाता है। ऐसे में तबियत बिगड़ने का अधिक खतरा बना रहता है। जिसको देखते हुए जन कल्याण सेवा समिति ने शरबत वितरण करने का निर्णय लिया। समिति की अध्यक्ष कल्पना वार्ष्णेय ने कहा कि गर्मी में इस तरह शरबत वितरण किया जाते रहना चाहिए इससे लोगों को काफी लाभ मिलता है।मोहन नक्षत्र ने गंगा दशहरा के पर्व के महत्व को बताते हुए कहा की इस दिन किए गए दान का पुण्य फल कभी समाप्त नहीं होता है । गंगा दशहरा हमारे दशों पापों का नाश करने वाला है । सचिव भावना गुप्ता ने कहा कि गर्मी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए समिति द्वारा 17 तारीख से लगातार 15 दिन तक शीतल जल की प्याऊ की सेवा श्री मोहन नक्षत्र की देखरेख में रहेगी। उपाध्यक्ष रेखा रस्तोगी ने कहा कि इस समय में सभी को शरबत, शीतल जल वितरण करके पुण्य कमाना चाहिए क्यूंकि प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य माना गया है। कोषाध्यक्ष आशा गोस्वामी ने कहा कि जन कल्याण सेवा समिति हमेशा जनहित के कार्य करने के लिए तत्पर रहती है, इसी के क्रम में शरबत वितरण कराया गया । इस दौरान कार्यक्रम को सफल बनाने ग्रुप के सभी लोगों का भरपूर सहयोग रहा।




समाधान दिवस | फरियादी हुए निराश

# संपूर्ण तहसील समाधान दिवस में मौके पर मात्र दो शिकायतों का हुआ निस्तारण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** चुनाव आचार संहिता हटने के बाद संपूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन हुआ अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनका त्वरित निस्तारण किए जाने के निर्देश दिए । इस दौरान दर्ज विभिन्न विभागों की 108 शिकायतों में से दो का ही मौके पर निस्तारण किया गया है। शनिवार को कांठ तहसील में माह के प्रथम संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता करते हुए एडीएम वित्त एवं राजस्व सत्यम मिश्रा ने फरियादियों की शिकायतों और समस्याओं को सुना। इस दौरान बिजली, राजस्व, पुलिस, आपूर्ति, विकास आदि विभागों से संबंधित 108 मामलों को दर्ज किया गया। जिनमें राजस्व विभाग से संबंधित दो का मौके पर ही निस्तारण किया गया। शेष 106 मामलों को जल्द से जल्द प्राथमिक के साथ निस्तारित किए जाने के निर्देश दिए हैं। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान सबसे अधिक मामले बिजली और राजस्व विभाग के रहे। दूसरी और तहसील क्षेत्र के गांवों में रियल टाइम खतौनियों बनाते समय भूमि अंश निर्धारण में हुई त्रुटियों की तेजी से बढ़ रही शिकायतों का संज्ञान लेते हुए एसडीएम विनय कुमार सिंह ने विशेष अभियान चलाकर त्रुटियां दूर करने के निर्देश दिए हैं, उन्होंने क्षेत्र के 35 गांवों में 20 से 28 जून तक अभियान चलाने के लिए रोस्टर जारी कर दिया है।

शनिवार को एसडीएम द्वारा अंशु निर्धारण की त्रुटियों को दूर करने के लिए जारी किए गए रोस्टर के अनुसार 20 जून को गांव खलीलपुर अमरू में लेखपाल सौरभ चौधरी, छजलैट में संजीव सागर, फूलपुर मिठनपुर में अभिषेक चौहान, रसूलपुर गुर्जर ध्यान सिंह में सैफियान अहमद, सीकरी में निशांत त्यागी, 21 जून को गांव दुल्हेपुर निकट चंगेरी में लेखपाल विजय शर्मा, जेबड़ा में करूणापति सक्सेना, मधपुरी इनायतपुरी में नाजिम अली, कुचावली सुरेंद्र सिंह, फलैदा ईशापुर में सचिन कुमार खतौनियों में भूमि अंश त्रुटियों को विशेष अभियान चलाकर दूर करेंगे।



# गंगा दशहरा पर्व पर पुलिस अधीक्षक ने किया राजघाट बबराला का निरीक्षण



बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी (मयंक सक्सेना)।** रविवार को पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कुलदीप सिंह गुनावत द्वारा गंगा दशहरा पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत बबराला राजघाट का निरीक्षण किया गया एवं तैयारियों को लेकर उनका जायजा लिया गया तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल व जल पुलिस को ब्रीफ कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

# जेठ के दशहरा पर धौलाना में विभिन्न स्थानों पर किया गया मीठा जल वितरण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)।** पड़ रही भयानक गर्मी और जेठ दशहरा के पावन पर्व पर धार्मिक और सामाजिक लोगो ने मीठा ठंडा जल वितरण किया । धौलाना तहसील गेट पर धौलाना पंजीकृत बार के अध्यक्ष विनोद शिशोदिया और पूर्व बार अध्यक्ष अनिल शर्मा के नेतृत्व में मीठा जल वितरण कर लोगो को गर्मी से राहत दिलाई । एसडीएम धौलाना संतोष कुमार उपाध्याय ने कहा की धौलाना के अधिवक्ताओं द्वारा ये पुनीत कार्य किया है । इस गर्मी में लोगो को राहत दिलाना धार्मिक कर्तव्य है । इस दौरान पूर्व बार अध्यक्ष जसवीर सिंह उर्फ सोनू राणा, अमरपाल सिंह राणा, रामप्रकाश राणा, सचिन शर्मा, योगेश शिसोदिया, अनुज तोमर, सौरभ तोमर, संजीव राघव, राजपाल सिंह, राहुल राणा, सतीश राणा, आदि का विशेष सहयोग रहा । वही कस्बे के वशिष्ठ चौक पर परशुराम भगवान सेवादल के अध्यक्ष आदित्य वशिष्ठ के नेतृत्व में राहगीरों को ठंडा मीठा जल पिलाया । इस मौके पर चौराहा होने के कारण मीठा जल पीने के लिए लोग उमड़ पड़े । इस दौरान लोगो ने परशुराम सेवा दल के भक्तो की सराहना की । जल वितरण के दौरान भास्कर पंडित, जुनैद, संजीव मोटा, भूरा पंडित, राधे पंडित, राजकुमार प्रजापति, देव , कार्तिक, सोमेश्वर वशिष्ठ, अभिमन्यु वशिष्ठ , शोभित कुमार, आदि का विशेष सहयोग रहा, उधर कस्बे के बाद स्टेंड पर भी लोगो ने जल वितरण किया। वही बड़ी संख्या में लोगो का जत्था गंगा मैया के जयकारे बोलते हुए गंगा स्नान के लिए रवाना हुआ ।



# आर्किटेक्चर ग्लोबल रीकनेक्ट समिट का हुआ सफल आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली/चंडीगढ़ (राजू बोहरा)।** चंडीगढ़ में दूसरीबार आर्किटेक्चर रीकनेक्ट शिखर सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया जिसमे चंडीगढ़, पंजाब और हरियाणा के जानेमाने आर्किटेक्चर ने हिस्सा लिया और सम्मेलन में वह आज के दौर की नयी तकनीक से रू-ब-रू हुए। घर अच्छा बने, मजबूत बने इसके साथ ही जरूरी है कि इसमें आज के दौर की सभी आधुनिक तकनीक भी शामिल हो और साथ ही भूकंप रोधक तकनीक का भी उसमे उपयोग हो। इन्ही नयी तकनीक से रू-ब-रू कराने के लिए आज हुए इस आर्किटेक्चर रीकनेक्ट शिखर सम्मेलन मे बड़ी संख्या में चंड़ीगढ़ और आसपास के अन्य शहरो के आर्किटेक्टो ने शिरकत की। सम्मेलन में आर्किटेक्चर सेगमेंट के हर पहलू को कवर करने वाली तीन इंटरेक्टिव पैनल चचाएं हुईं जिसमे करीब एक दर्जन जानेमाने आर्किटेक्टो ने अपने विचार साझा किये और आज के दौर की नई नई तकनीक की जानकारी भी एक दूसरे से साझा की।

इस शिखर सम्मेलन में सरब मारवाह, आदेश जोशी, परविंदर कौर, ध्रुव सर्वेश्वर लाल, राहुल बम्बा, कंवलजीत कौर बरारा, कमलजीत सिंह, रेणुका खन्ना, राजिंदर सिंह संधू, बचित्तर सिंह, परमिंदर सिंह चावला, पल्लव मुखर्जी, सवनीत कौर, गौरव जैन, प्रितपाल अहलूवालिया, कनव खोसला, शिल्पा दास, जितेश मलिक, मधु गर्ग, मनमोहन खन्ना, राकेश मोहन आर्य, भारत वर्मा जैसे जानेमाने आर्किटेक्चरो ने पार्टिसिपेंट्स किया।

इस कार्यक्रम के आयोजक अरमान खान ने बताया कि यह हमारा 26 वा आर्किटेक्चर सम्मेलन है और चंड़ीगढ़ में दूसरी बार हुआ है। इससे पूर्व अब तक नई दिल्ली में दो बार, मुंबई,अहमदबाद, कोलकता, हैदराबाद, बैंगलोर, चेन्नई, कोच्चि, चंडीगढ़, लुधियाना, गोहाटी, इंदौर, रांची, जम्मू कश्मीर सहित 20 राज्यो में हो चुका है और इसके बाद लखनऊ, फिर से कोलकता, और नेपाल में होने जा रहा है। आयोजक श्री अरमान खान के अनुसार इस कार्यक्रम को सफलता बनाने में उनके सहयोगी आशीष शर्मा, फरहा, नैन्सी, अंकित गुप्ता, अंकुश, दुर्गेश शर्मा, कोमल कुमारी, स्नेहा कुमारी, राजू बोहरा आदि ने की कड़ी मेहनत के साथ अहम भूमिका निभाई है।




# डॉ. सालिम शुजाह अंसारी की पुस्तक "फिहाजा अली मौला" का अलीगढ़ मुशायरे में सफलतापूर्वक उद्घाटन किया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** अजर लिटरेरी सोसायटी और बज्मे उर्दू हसनपुर ने संयुक्त रूप से मुशेरा सह दीक्षा समारोह का आयोजन पटवारी नगला अलीगढ़ में किया।

डॉ. शुजाह अंसारी की पुस्तक "फि हाजा अली मौला" का अलीगढ़ मुशायरे में सफलतापूर्वक उद्घाटन किया गया। डॉ. सालिम शुजाह अंसारी की यह 9 वीं पुस्तक है। सभी ने डॉ. सालिम शुजाह अंसारी की लेखन कला की सराहना की। इस कार्यक्रम में "रईस उद्दीन रईस" पुरस्कार से सज्जाद गेहसुपुरी को 11000/- नकद राशि देकर सम्मानित किया गया, कार्यक्रम की अध्यक्षता हाफि ज मोहम्मद साबिर ने की, मुख्य अतिथि डॉ. जावेद अख्तर, विशिष्ट अतिथि प्रो. महताब नकवी थे। अन्य अतिथि खुर्शीद खान, डॉ. सालिम शुजाह अंसारी हरीश बेताब, ओवैस जमाल शम्सी, डॉ. एस.यू.खान थे। सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन डॉ.मुजीब शेजर ने किया। प्रमुख शायर थे मुशर्रफ मेहजर, डॉ. इरफान अंसारी, मोहम्मद हुसैन दिलकश, डॉ. बसीरुल हसन वफा नकवी, जॉनी फोस्टर, डॉ. एम. वसी बेग "बिलाल" अलीग, नसीम नूरी, दानिश मारेहरवी, आकिफ शुजा अंसारी, फराज मुजीब, सुखराज सिंह सनम, नसीर नादान। कार्यक्रम के संयोजक खालिद अंसारी एवं समन्वयक डॉ. कमाल अहमद थे।



# इंडियन ऑइल के अधिकारियों की तानाशाही व मनमानी पर वरिष्ठ अधिवक्ता देवेश गौतम ने लगवाया उपभोक्ता आयोग अलीगढ की न्यायालय से अंकुश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ।** उपभोक्ता आयोग न्यायालय में नरेंद्र सिंह मैनेजर इंडियन ऑयल लिमिटेड व स्टेट बैंक के खिलाफ कासगंज महारानी इंडियन गैस एजंसी की संचालिका पूनम रानी ने अपने अधिवक्ता देवेश गौतम के माध्यम से दिनाँक 11 जून 2024 को बाद प्रस्तुत किया गया तथा न्यायालय द्वारा उक्त बाद को दर्ज. करते हुए विपक्षिगणों के खिलाफ नोटिस जारी करते हुए दिनाँक 14.6.2024 नियत कर दी गई दिनाँक 14/6/24 को इंडियन ऑयल के अधिकारी को महारानी इंडियन गैस एजेंसी सिदपूरा काशगंज की संचालिका पूनम रानी को निलम्बित करने तथा 15/6/ 2024 को बर्खास्तगी का नोटिस के संबंध में न्यायालय में उपस्थित होने के लिए सूचना दी गई परंतु कोई भी उपस्थित नहीं हुआ और अधिवक्ता देवेश गौतम ने कहा कि यदि महारानी इंडियन गैस एजेंसी सिरपूरा कासगंज की संचालिका पूनम रानी को स्टे दिया जाना न्याय हित में अति आवश्यक है गैस गोदाम को खोलकर जानता को गैस की आपूर्ति दिया जाना बहुल जरूरी हैं यदि ऐसा नही हुआ तो जनता इंडियन ऑइल कॉरपोरशन के अधिकारियों की गलती के कारण भुखमरी के कगार पर पहुंच जाएगी और कोई भी अप्रिय घटना कर जनता उग रूप धारण कर सकती है उपभोक्ता प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष हुशनेंन जी व सदस्य आलोक कुमार जी इंडियन ऑइल के मनमानी व तानाशाही पर अंकुश लगाते हुए स्टे पारित कर दिया गया है कि वह गैस सिलिंडरों को जनता तक सुचारू रूप से उप्लब्ध कराए जा सके।



# लखनऊ में 20 यूपी एनसीसी गर्ल्स बटालियन में "स्वयं और समाज के लिए योग" थीम के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुरूआत हुई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** 15 जून 2024 को लखनऊ में 20 यूपी एनसीसी गर्ल्स बटालियन में "स्वयं और समाज के लिए योग" थीम के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का एक सप्ताह तक चलने वाला समारोह शुरू हुआ।

अपर महानिदेशक एनसीसी यूपी निदेशालय मेजर जनरल विक्रम कुमार के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस- "स्वयं और समाज के लिए योग" थीम के तहत समुदाय के सभी वर्ग के साथ सप्ताह भर चलने वाला समारोह 15 जून 24 को शुरू हो गया । इस योग कार्यक्रम में 20 यूपी एनसीसी गर्ल्स बटालियन लखनऊ के अंतर्गत आने वाली विभिन्न इकाइयों और संस्थानों के कैडेट शामिल हुए। इस दौरान अभ्यासकताओं के लिए उपयुक्त विभिन्न शैलियों और तकनीकों को शामिल करते हुए कार्यक्रमों और योग सत्रों की एक श्रृंखला पूरे सप्ताह आयोजित की जाएगी। यह कार्यक्रम व्यक्तिगत समग्र विकास को बढ़ाने और सामाजिक एकजुटता को बढ़ावा देने में योग की दोहरी भूमिका पर प्रकाश डालता है।

सप्ताह भर चलने वाले उत्सव का समापन 21 जून, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर, प्रमुख अधिकारियों की सौम्य उपस्थिति में सुरम्य गोमती रिवर फ्रंट, लखनऊ में एक भव्य कार्यक्रम के साथ होगा। समापन दिवस पर विशिष्ट रूप से तैयार किए गए सामूहिक योग सत्र, विशेषज्ञ वार्ता आदि आयोजित होगी, जिसका उद्देश्य समुदाय को योग के सामूहिक अभ्यास में एकजुट करना है जो उस सद्भाव और शांति का प्रतीक है ।



# राष्ट्रीय ख्यातीनाम कवयित्री वीणा अग्रवाल को मिला श्री खुशहाल सिंह पायल स्मृति सम्मान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय ख्यातिनाम कवयित्री एवम राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक मंच की संरक्षक वीणा अग्रवाल, गुरुग्राम को उनके काव्य संग्रह "पतझड से बसंत तक "के लिए श्रीमती एवम श्री खुशहाल सिंह पायल स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया।

राजधानी के हिंदी सभा भवन सभागार में आयोजित साहित्यिक संस्था प्रणेता साहित्य न्यास (ट्रस्ट) के सप्तम वार्षिकोत्सव पर आयोजित सम्मान समारोह में वरिष्ठ साहित्यकार वीणा अग्रवाल को उत्कृष्ठ साहित्य सृजन एवम राष्ट्र भाषा हिंदी के संवर्धन व विकास में उल्लेखनीय योगदान के लिए श्री एवम श्रीमति खुशहाल सिंह पायल स्मृति सम्मान से विभूषित किया गया। वीणा अग्रवाल को सम्मान स्वरूप स्मृति चिन्ह,माला और ग्यारह सौ रुपए की नगद राशि प्रदान की गई। इस भव्य और शानदार समारोह की अध्यक्षता शिक्षाविद हरीश गुलाटी ने की।मुख्य अतिथि प्रसिद्ध उद्योगपति और समाज सेवी डॉ राम अचल सिंह, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीयवादी चिंतक, साहित्यकार डॉ सविता चड्ढा , नारायणी संस्था की प्रेरक श्रीमती अंजू क्वात्रा, एवम राष्ट्रपति से सम्मानित ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष एस.जी. एस सिसोदिया उपस्थित रहे। समारोह का शानदार संयोजन व संचालन साहित्यकार शकुंतला मित्तल ने किया।उल्लेखनीय है कि वीणा अग्रवाल की राष्ट्रीय कवि सम्मेलनों में सक्रिय भागीदारी रहती है और आकाशवाणी और दूरदर्शन पर अनेकों बार कविता पाठ कर चुकी है। इनके एकल और सांझा संग्रह प्रकाशित हो चुके है। वरिष्ठ साहित्यकार,लेखिका होने के साथ सामाजिक सरोकारों में भी महती भूमिका रखती है।श्रीमति अग्रवाल को साहित्य एवम सामाजिक सरोकारों के लिए मातृ शक्ति सम्मान ,भारत गौरव सम्मान, हिंदी रत्न सम्मान ,शब्द शक्ति सम्मान, अग्नि शिखा अवार्ड ,साहित्य श्री ,नारी शक्ति सम्मान सहित अनेक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय अवार्ड और उपाधिया से अलंकृत किया जा चुका है।




# संसद में नजर आएगी पति-पत्नी की जोड़ी, शपथ ग्रहण होते ही बनेगा इतिहास

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव में नए कीर्तिमान बनाने वाली समाजवादी पार्टी को एक अनूठी उपलब्धि मिली है।सपा मुखिया अखिलेश यादव और उनकी पत्नी डिंपल यादव संसद में एक साथ सांसद पहुंचने वाले पहले पति-पत्नी होंगे।लोकसभा चुनाव में कन्नौज से अखिलेश यादव और मैनपुरी से डिंपल यादव ने जीत दर्ज की है।अखिलेश यादव के विधानसभा इस्तीफे के बाद देश की संसदीय सियासत में नया इतिहास बन गया है।पति-पत्नी की इकलौती जोड़ी के रूप में डिंपल और अखिलेश संसद में नजर आएंगे।बरहाल इससे पहले भी संसद में पति-पत्नी की जोड़ी पहुंची।इस बार लोकसभा के चुनाव में सैफई परिवार ने ये कारनामा किया है। लोकसभा के आगामी सत्र में सांसदों की शपथ के साथ ही अखिलेश और डिंपल के नाम ये रिकार्ड दर्ज हो जाएगा।यूपी से एक साथ लोकसभा पहुंचने वाले दंपती के परिवार के तीन अन्य सदस्य भी सांसद निर्वाचित हुए हैं।2019 के लोकसभा चुनाव में अखिलेश यादव आजमगढ़ से चुनाव जीते थे,लेकिन डिंपल यादव कन्नौज से चुनाव हार गई थीं।इस बार मैनपुरी से बड़ी जीत दर्ज कर संसद पहुंची डिंपल यादव और अखिलेश की जोड़ी सदन की कार्रवाई के दौरान चर्चा का केंद्र रहेगी।

संसदीय इतिहास में इससे पहले भी पति-पत्नी सदन में रहे हैं। बिहार के सांसद पप्पू यादव और उनकी पत्नी 2004 और 2014 में एक साथ जीत दर्ज कर लोकसभा पहुंचे थे।इस बार भी पप्पू यादव चुनाव जीते है। उनकी पत्नी कांग्रेस की राज्यसभा सांसद हैं। फिल्म अभिनेता धर्मेंद्र और हेमा मालिनी भी एक ही कार्यकाल में अलग-अलग सदनों के सदस्य रह चुके हैं।



# बकरीद पर खुले स्थान पर कुर्बानी नहीं होगी: एसडीएम संतोष उपाध्याय

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)।** एसडीएम संतोष कुमार उपाध्याय ने कहा कि बकरीद पर्व पर कोई व्यक्ति खुले में पशुओं की कुर्बानी नहीं करेंगा। इसके अलावा सड़क पर अवशेष न डाले जाए।

एसडीएम यहा तहसील परिसर में बकरीद तथा अन्य त्योहारों को लेकर बैठक कर रहे थे। एसडीएम संतोष कुमार उपाध्याय ने स्थानीय सभी विभागों को दिशा निर्देश जारी करते हुए बकरीद पर खुले में कुबार्नी न होने तथा रास्ते में नमाज न पढ़े जाने को लेकर पूर्व में ही लोगों के साथ वार्ता किए जाने को कहा है। उन्होंने ने कहा कि नमाज के वक्त ईदगाह व मस्जिद की साफ-सफाई हेतु नगरी क्षेत्र में अधिशासी अधिकारी तथा ग्रामीण क्षेत्र में खंड विकास अधिकारी एवं पंचायती राज अधिकारी साफ सफाई सुनिश्चित कराएंगे। पुलिस क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारी रूट पर ध्यान देंगे तथा मार्ग में पड़ने वाले पेड़ व आवारा जानवरों को दूर रखने हेतु बेहतर उपाय करेंगे। उन्होंने कहा कि कुबार्नी स्थल परंपरागत रहे किसी नये व खुले स्थानों पर कुबार्नी ना दी जाए। उसके उपरांत अवशेष को खुले में ना रखें उसको सही प्रकार से डिस्पोज किया जाए और उसके आसपास आवारा कुत्ते ना घूमे। उन्होंने मिश्रित आबादी में खास तौर से ध्यान रखने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए और कहा कि प्रतिबंधित पशु की कुबार्नी ना दी जाए। उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत निर्देश दिए कि इन त्योहारों पर विद्युत की आपूर्ति निर्बाध रूप से बनी रहे।



धौलाना एसडीएम संतोष कुमार उपाध्याय

# पुलिस ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद सम्भल में कानून व्यवस्था, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेत चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना चन्दौसी पुलिस द्वारा आईटी एक्ट व 15 पोक्सो एक्ट थाना बनियाठेर में




वांछित अभियुक्त देवेन्द्र पुत्र अमरपाल निवासी ग्राम मऊ अस्सु थाना बनियाठेर जनपद सम्भल को जीरो प्वाईंट व सम्भल तिराहे से गिरफ्तार किया गया। इस दौरान गिरफ्तार करने वाली टीम में 30नि0 सुधीर कुमार,का0 आशीष कुमार, का0 अंकुश कुमार ।

# कुन्दरकी ईदगाह पर ईदुल अजहा की नमाज आज सुबह साढ़े सात बजे होगी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )।** सोमवार को (आज) कुन्दरकी ईदगाह पर सुबह साढ़े सात बजे ईदुल अजा (बकरा ईद)की नमाज अदा होगी।

काजी सुहैल अहमद ने जानकारी देते हुए बताया कि भीषण गर्मी के चलते ईदगाह पर नमाज सुबह साढ़े सात बजे होगी। सोमवार को ईदगाह पर नगर की काजी वाली मस्जिद के पैश इमाम कारी अनीस रजा अजहरी नमाज अदा करायेंगे। ईदुल अजा की नमाज के बाद कुबार्नी का सिलसिला शुरू होगा जो कि सोमवार, मंगलवार और बुधवार तक चलेगा । सुन्नत ए इब्राहिमी अदा होगी। कुबार्नी का फोटो किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर नहीं डालें क्योंकि कुबार्नी दिखावा नहीं है । आपसी सौहार्द बनाए रखें ।



**कामयाबी** | जिस विभाग में था क्लर्क, उसी विभाग का बना सिरमौर

# बिना कोचिंग के नितिश सेलपाड़ बना एक्साइज एंड टैक्सेशन ऑफिसर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

- हरियाणा सिविल सर्विस (एचसीएस) परीक्षा में नीतीश सेलपाड़ ने प्रदेश में पाया छट्टा स्थान
- आईएएस बना है लक्ष्य, बोला यह पडाव है, जल्द मिलेगी मंजिल
- नीतीश सेलपाड़ का तलवंडी राणा गांव करेगा सामूहिक स्वागत

**हिसार (राजेश सलूजा) ।** कौन कहता है कि आसमां में सुराख नहीं हो सकता, एक पत्थर तो तबियत से उछालो यारों...! इस कहावत को चरितार्थ कर दिखाया है गांव तलवंडी राणा निवासी नितिश सेलपाड़ ने। शुक्रवार देर रात जारी हरियाणा सिविल सर्विस (एचसीएस) की परीक्षा में नीतीश सेलपाड़ ने प्रदेश में छट्टा स्थान प्राप्त किया है। इसी कामयाबी के साथ नीतीश सेलपाड़ कल तक जिस विभाग में क्लर्क था, आज वो उसी विभाग का सिरमौर बन गया है। हालांकि नीतीश का मानना है कि एचसीएस की परीक्षा पास करके एक्साइज एंड टैक्सेशन ऑफिसर बनना उसकी जिन्दगी का एक पड़ाव है, उसकी मंजिल आईएएस बनना है। समाजसेवी नरेश सेलपाड़ का बेटा अब तक हिसार मुख्यालय पर एक्साइज एंड टैक्सेशन विभाग में बतौर क्लर्क कार्यरत था। नितिश आरंभ से ही हरियाणा सिविल सर्विस (एचसीएस) की परीक्षा को पास करना चाहता था। इसके लिए वह लंबे समय से तैयारी भी कर रहा था। गांव तलवंडी राणा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से दसवीं, लक्ष्य पब्लिक स्कूल धांसू से 11वीं व आरोही मॉडल स्कूल भिवानी रोहिल्ला से 12वीं व दयानंद महाविद्यालय (डीएन कॉलेज) से बीएससी नॉन मेडिकल एवं डिस्टेंस एजुकेशन से मास्टर डिग्री करके नीतीश लंबे समय से हरियाणा सिविल सर्विस की परीक्षा पास करने की तैयारी में जुटा था। यहां बता दे कि बरवाला विधानसभा क्षेत्र में नीतीश सेलपाड़ एकमात्र ऐसा युवा है, जिसने इस बार हरियाणा सिविल सर्विस (एचसीएस) परीक्षा में नीतिश सेलपाड़ ने यह मुकाम पाया है। नीतीश की इस उपलब्धि पर गांव तलवंडी राणा में जश्न का माहौल है और सोमवार को पूरा गांव एक सामूहिक स्वागत समारोह का आयोजन करेगा।



**बिना कोचिंग के पाया मुकाम:-**

एचसीएस की परीक्षा में बी.सी.ए वर्ग की श्रेणी में प्रदेश स्तर पर छट्टा स्थान प्राप्त करने वाले नीतीश सेलपाड़ ने यह मुकाम बिना किसी कोचिंग के पाया है। नीतीश के परिवार ने उसके लिए एक मार्डन रीडिंग रुम बनवा दिया। इसी प्रकार अपने पिता नरेश सेलपाड़ के सपने को साकार करने के लिए नीतीश ने सोशल मीडिया से दूरी बनाए रखी। इसके अलावा उसके पारिवारिक कार्यक्रमों से भी दूरी बनाए रखी।

**हर रोज करता था आठ घंटे पढ़ाई**

नव चयनित एक्साइज एंड टैक्सेशन ऑफिसर नीतीश सेलपाड़ के अनुसार उसने यह मुकाम हासिल करने के लिए औसतन हर रोज आठ घंटे पढ़ाई की है। इस दौरान उनके पिता नरेश सेलपाड़, लक्ष्य पब्लिक स्कूल धांसू के निदेशक रामनिवास वर्मा का मार्ग-दर्शन व सानिध्य सदैव मिला।

# गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय की स्थापना होने पर बिश्नोई समाज ने मुख्यमंत्री से भेंट कर जताया आभार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** विधान परिषद सदस्य एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सलिल बिश्नोई के नेतृत्व में बिश्नोई समाज के प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिल कर उन्हें जनपद मुरादाबाद में बनने वाले

**बिश्नोई समाज के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कहा कि मुरादाबाद में गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय बनने से लाखों विद्यार्थियों का भविष्य उज्जवल हो गया है'**

राज्य विश्वविद्यालय का नाम गुरु जम्भेश्वर भगवान के नाम पर किए जाने के प्रस्ताव को यूपी कैबिनेट से पास किए जाने पर धन्यवाद ज्ञापित किया । भेटवार्ता के दौरान मुख्यमंत्री को



अंगवस्त्र से सम्मानित कर अभिनंदन पत्र एवं गुरु जंभेश्वर महाराज की फोटो तथा बिश्नोई साहित्य भेंट किया गया, जिसके विषय में बताया कि बिश्नोई साहित्य में तो हमारे गुरु श्री गोरखनाथ जी की कही गई बातों का बहुत उल्लेख है ।इसके साथ ही मुख्यमंत्री आवास में लगाने हेतु बिश्नोई बलिदान का प्रतीक पवित्र खेजड़ली वृक्ष का पौधा भेंट किया गया जिसको मुख्यमंत्री जी ने मुख्यमंत्री आवास में लगाये जाने के निर्देश दिये । मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि इस विश्वविद्यालय में गुरुजी के प्रतीक स्थल एवं स्मृति संबंधी कार्य भी किए जाएँगे ।प्रतिनिधिमंडल में सलिल बिश्नोई, शिखर बिश्नोई ,प्रोफेसर डॉ,रश्मि बिश्नोई (राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय लखनऊ), डॉ ऋषि बिश्नोई, संस्थापक सुप्रसिद्ध बिश्नोई केमिस्ट्री क्लासेज लखनऊ, रवींद्र पाल सिंह बिश्नोई (अध्यक्ष बिश्नोई पर्यावरण समिति उत्तर प्रदेश), आदि सम्मिलित रहे । बिश्नोई समाज के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कहा कि मुरादाबाद में गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय बनने से लाखों विद्यार्थियों का भविष्य उज्जवल हो गया है' बिश्नोई पर्यावरण समिति के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र पाल बिश्नोई ने गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय की स्थापना करके योगी सरकार ने बिश्नोई समाज का दिल जीत लिया है।

# कुन्दरकी थाने का एसपी ग्रामीण ने किया वार्षिक निरीक्षण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)।** एस पी ग्रामीण ने थाने का निरीक्षण



किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ग्रामीण संदीप कुमार मीना ने थाना कार्यालय, परिसर, भोजनालय, बैरिक, मालखाना, महिला हेल्प डेस्क, अभिलेखों का रखरखाव, विवेचनाओं का निस्तारण, व साफ-सफाई, थाने मे निर्माणाधीन स्टोरी, का निरीक्षण किया और संबंधित को दिशा-निर्देश भी दिये। एसपी ग्रामीण संदीप कुमार मीना ने चौकीदारों की समस्याओ को भी जाना। थाने के वार्षिक मुआयने के दौरान सीओ बिलारी राजेश कुमार, प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पांचाल, चौकी इंचार्ज अनिल कुमार, उप निरीक्षक गण,आरक्षीगण, चौकीदारगण आदि मौजूद रहे ।

# पर्यावरण एवं समाज हित में सिंगल यूज प्लास्टिक का बहिष्कार करें : सुदेश बिश्नोई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )** । भारत विकास परिषद, रुहेलखंड पश्चिम( विकास रत्न ) प्रांत, एनसी आर-1 के प्रांतीय संयोजक( पर्यावरण जल संरक्षण) सुदेश बिश्नोई ने देश, पर्यावरण एवं समाज हित में खाने पीने में प्लास्टिक के बर्तनों का बहिष्कार करने का आह्वान किया है ' उन्होंने गंगा दशहरा पर भीषण गर्मी में भारत विकास परिषद द्वारा को शरबत वितरण कार्यक्रम में सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाने पर लोगों को धन्यवाद दिया तथा भविष्य में स्टील के गिलास का प्रयोग करने की अपील की । भारत विकास परिषद का यह प्रयास समाज में लोगो को जागरूक करने में निर्णायक साबित होगा।'भारत विकास परिषद शाखा कांठ के तत्वाधान में प्रांतीय आह्वान पर 16 जून को विश्नोई मंदिर बिशनपुरा पुलिस चौकी के सामने शरबत वितरण का कार्यक्रम आयोजित हुआ। पर्यावरण को ध्यान रखते हुए प्लास्टिक एवं



कागज के गिलास का प्रयोग न करने की अपील की गई । गंगा दशहरा के शुभ अवसर एवं भीषण गर्मी के दृष्टिगत पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रान्त के विभिन्न स्थानों पर नागरिकों एवं यात्रियों को शीतल पेयजल पिलाने वालों की सराहना की गई हैं। गर्मी में शीतल पेयजल पिलाना पुण्य का काम है इसके लिए पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रान्त की सभी शाखाएं बधाई की पात्र हैं 'पुण्य के काम के साथ साथ यह भी ध्यान रखा जाए कि पर्यावरण को किसी प्रकार की क्षति न हो। इसके लिए जरूरी है कि पेय पदार्थ वितरण में प्लास्टिक एवं कागज के गिलास का प्रयोग न किया जाए। पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रान्त की सभी शाखाओं से अपील हैं कि जो भी शाखाएं शीतल पेय वितरित करे वह आवश्यक रूप से स्टील के गिलास का प्रयोग करें।प्लास्टिक एवं कागज के गिलास सेहत और पर्यावरण दोनों के लिए घातक हैं। कागज का निर्माण भी हमारे पेड़ों से ही होता है। इसके निर्माण में पानी का प्रयोग भी किया जाता है। कागज के गिलास प्रयोग करने से हमारे वनों का विनाश हो रहा है साथ साथ पानी की भी बबार्दी हो रही है। भारत विकास परिषद के जिम्मेदार कार्यकर्ताओ से आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि सभी स्टील के गिलास का प्रयोग कर पर्यावरण की रक्षा करेंगे। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने पर्यावरण एवं देश हित में करीब 2 वर्ष पूर्व सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगा दिया था लेकिन प्रतिबंध के बाद भी बाजार में इसकी जमकर बिक्री हो रही है।

# जून की भीषण गर्मी में ठन्डे पानी की सबील लगाकर लोगों को राहत पहुंचाई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**भोजपुर धारक नगला (एम.के.भारती सैफी)।** मैन रोड़ पर आशिकाने रसूल की दीनी तहरीक दावते इस्लामी इन्डिया के डिपार्टमेंट जी एन आर एफ गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन की जानिब से उमस भरी गर्मी में ठन्डे पानी की सबील लगाकर लोगों को राहत पहूंचाई गई।

इस अवसर पर फाउंडेशन के सदस्य सद्दाम अत्तारी ने बताया गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन हर परेशानी के मौके पर लोगों की खिदमत के लिए हर समय तैय्यार है और जल्द ही जी एन आर एफ की जानिब से पौधे लगाए जाएंगे। यानी प्लांटेशन किया जाएगा। ताकि लोग उससे फायदा उठा सकें।

इस अवसर पर मुख्य रूप से तेहसीन रजा, मुहम्मद सरताज, डॉक्टर मुहम्मद युसूफ,




अतिकुर्रहमान, शादाब, फकरे आलम, शादाज, मुहम्मद आसिफ, आदि मौजूद रहे।

# कुर्बानी का जानवर खरीदने के लिए रकम भी बे ऐब होनी चाहिए : कादरी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)।** नगर के खतीबे अहले सुन्नत मदरसा इस्लामियां बाबुल इल्म के मोहतमिम बानी सैय्यद जुनैद मियाँ कादरी ने ईद उज जुहा की मुबारकबाद देते हुए दिया बड़ा

- **अल्लाह की रजा के लिए करे कुर्बानी: सैय्यद जुनैद मियाँ**
- **सोशल मीडिया पर कुर्बानी का दिखावा न करें**

बयान। उन्होंने कहा कि अल्लाह की रजा के लिए मुसलमान करे कुर्बानी जो हर आकिल बालिग वुसअत रखने वाले हर मोमिन को कुर्बानी करना बेहद जरूरी हैं। और आगे कहा कि कुबार्नी का



जानवर बे ऐब देखने का हुक्म है उससे पहले जिस रकम का जानवर ले रहे हो वो रकम भी बे ऐब यानी हराम नही होनी चाहिए। जो लोग कुर्बानी के जानवर की वीडियो बना कर फोटो खींच कर लोगो को शेयर करते है उनके लिये नसीहत देते हुए कहा कि जो काम अल्लाह की रजा के लिए हो उस में दुनियावी दिखावा बिल्कुल नहीं होना चाहिए। लिहाजा कोई भी हजरात ये दुनियावी दिखावा न कर के अल्लाह की रजा के लिये करे कुर्बानी।

# कांठ में धूमधाम से मनाया गया महेश नवमी का पर्व

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** माहेश्वरी मंडल कांठ द्वारा महेश नवमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। ज्येष्ठ शुक्ल नवमी को राजस्थान के लोहगर्ल नामक स्थान पर भगवान शिव जी ने राजपूत सरदारों के हथियार गला कर माहेश्वरी समाज की उत्पति की थी , तभी से माहेश्वरी समाज सम्पूर्ण विश्व में महेश नवमी का आयोजन भगवान शिव जी की पूजा अर्चना कर मानता है।

5157 वी महेश नवमी एवं माहेश्वरी वंश उत्पत्ति दिवस पर श्री माहेश्वरी शिव मंदिर पट्टी वाला कांठ में माहेश्वरी समाज द्वारा भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया गया । हरिद्वार से पधारे पंडित





अनुज दिक्षित जी ने रुद्राभिषेक संपन्न कराया रुद्राभिषेक में मुख्य यजमान मुकेश माहेश्वरी एवं श्रीमती मनीषा माहेश्वरी रहे ,तत्पश्चात सभी ने मिलकर भगवान शिव की आरती की एवम प्रसाद वितरण किया दोपहर को सब्जी मंडी कांठ में मोहित माहेश्वरी (अध्यक्ष वैश्य सभा कांठ )के प्रतिष्ठान पर समाज द्वारा महेश नवमी के उपलक्ष में राहागिरो को शरबत वितरण किया गया इस अवसर पर मोहित माहेश्वरी , राकेश माहेश्वरी, अवधेश चंद्र महेश्वरी , प्रदीप महेश्वरी , विपिन माहेश्वरी , सुधीर महेश्वरी श्रीमती मनीषा म माहेश्वरी ,श्रीमती रीना माहेश्वरी, श्रीमती प्रीति माहेश्वरी ,श्रीमती मोहिनी माहेश्वरी ,श्रीमती वंदना माहेश्वरी आदि उपस्थित रहे' आगंतुकों का आभार मुकेश माहेश्वरी ने व्यक्त किया।

# गर्मी ने तोड़े सभी रिकॉर्ड: "अमीर लोग ठंडे स्थानों की सैर पर" गरीब बच्चों ने सरकारी नल को बनाया "स्विमिंग पूल"

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** तपते सूरज और चलती लू के बीच आज करीब 44 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ इस सीजन का सबसे गर्म दिन बताया जा रहा है रविवार को तापमान अधिक होने से लोगों में बेचैनी देखी गई गर्मी से बचने के लिए धनवान लोग तो शिमला, नैनीताल और मंसूरी की सैर कर रहे हैं लेकिन गरीब लोग गर्मी से बचने के लिए घरों में कैद हैं उनके बच्चों को भीषण गर्मी से बचने के लिए तालाब एवं इंडिया मार्क नल पर स्नान करते हुए देखा जा सकता है नगर में गरीब परिवारों के बच्चों ने एक इंडिया मार्ग का नल को ही स्विमिंग पूल के रूप में तब्दील कर दिया । जानकारी के अनुसार न्यूनतम तापमान भी 29 डिग्री सेल्सियस होने से रात में भी गर्मी से राहत नहीं मिली थी। न्यूनतम



तापमान में वृद्धि होने से राहत में उमस बढ़ गई है। सुबह छ बजे से ही तेज हवा चल रही थी। दोपहर 12 बजे लू चलने से लोग अपने चेहरे पर गमछा, दुपट्टे आदि से ढककर निकलने को मजबूर हैं। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार प्री मानसून 24 जून से आ जाएगा, जिससे आने वाले दिनों में तापमान में कमी आएगी । हालांकि पूरी तरह मानसून की दस्तक 28 से 30 जून तक होने की संभावना है। तापमान अधिक होने से रात को घर में उमस के कारण पंखे की हवा में भी चैन से नींद नहीं आ रही है। हीट स्ट्रोक की संभावना बढ़ने लगी है । बेचैनी, सिर में दर्द, धूप से बदन पसीना पसीना हो गया है। पेयजल पदार्थ भी राहत नहीं दे रहे हैं। बिना एसी के घरों में भी रहना भी मुश्किल हो गया है। कांठ में बाजारों में सन्नाटा नजर आ रहा है। 17 जून को ईद उल फितर का पर्व है जिसकी वजह से साप्ताहिक बाजार आज रविवार को लगा' नगर के मोहल्ला फकीरगंज में गरीब परिवार वालों के बच्चों ने सरकारी नल को ही स्विमिंग पूल के रूप में तब्दील कर दिया और गर्मी से बचने के लिए स्नान करके आनंद लिया।

# पर्यावरण में बिश्नोई सभा के योगदान की डीएम ने की सराहना

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** बिश्नोई सभा मेरठ के अध्यक्ष हरिओम बिश्नोई ने विशिष्ट अतिथि के रूप में डीएम दीपक मीणा का स्वागत किया।उनके




हाथ से शमी का पौधा लगवाया तथा रूद्राक्ष का पोधा उन्हे भेंट किया।श्री मीणा शास्त्रीनगर के एच ब्लॉक स्थित टैगोर पार्क में वर्टिकल विंड मिल के शुभारंभ पर आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थे। उन्होंने पर्यावरण में बिश्नोई सभा मेरठ व क्लब-60 के योगदान की सराहना करते हुए सभी से अधिक से अधिक पेड़ लगाने की अपील की। क्लब-60 के संयोजक हरि विश्नोई ने बताया कि हरित ऊर्जा संवर्धन हेतु आधुनिकतम तकनीक पर आधारित विंड मिल पूरे प्रदेश में पहली इकाई है जो परम्परागत पवन चक्की की तुलना में कम हवा से धूम कर बिना शोर किए बिजली बनाती है। इससे पक्षियों के आहत होने की संभावना भी नहीं रहती। कार्यक्रम की अध्यक्षता ज्ञानेन्द्र अग्रवाल ने की। इस अवसर पर दीपक गोयल, हरिओम बिश्नोई,प्रांजल बिश्नोई,भावना बिश्नोई, आभा बिश्नोई,सविता बिश्नोई व शिवानी बिश्नोई आदि उपस्थित रहे। अतिथि गणों का आभार हरिओम बिश्नोई ने व्यक्त किया।

# कुंडली भाग्य फेम अंजुम फकीह करेंगी अनिल कपूर के शो में एंट्री ? खतरों के खिलाड़ी 13 में आ चुकी हैं नजर



शो बिग बॉस ओटीटी 3 में जाने वाले कंटेस्टेंट के नाम लगातार सामने आ रहे हैं। मेकर्स लगातार एक से बढ़कर एक सेलेब्स को इस शो के लिए अप्रोच कर रहे हैं। बिग बॉस ओटीटी 3 जियो सिनेमा पर 21 जून से शुरू होगा। इस शो को अभी से ही फैंस का खूब प्यार मिल रहा है। बिग बॉस ओटीटी अभी शुरू नहीं हुआ है लेकिन अभी से ही चर्चा में है। शो का प्रोमो रिलीज हो चुका है और लोग इसे लेकर बेहद एक्साइड हैं। इस शो में एंट्री करने वालों में मीका सिंह, हर्षद चोपड़ा, भव्या गांधी, साई केतन राव, शीजान खान, तनुश्री दत्ता, अहाना देओल, त्रिशाला दत्त, सना सुल्तान, अरहान बहल, शहजादा धामी, प्रतीक्षा होनमुखे और कई सेलेब्स के नाम सामने आ रहे हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस अंजुम फकीह जिन्हें आखिरी बार कुंडली भाग्य में सृष्टि अरोड़ा के किरदार में देखा गया था, उन्हें लेकर अफवाह है कि शो में जाने के लिए एक्ट्रेस का नाम फाइनल हो गया है। रिपोर्ट्स की मानें तो अंजुम ने प्रोजेक्ट साइन कर लिया है और 21 जून को बिग बॉस ओटीटी 3 के घर में एंट्री करेंगी। हालांकि अभी तक अंजुम ने रियलिटी शो में जाने को लेकर कोई पुष्टि नहीं की है।

# गंगा दशहरा पर्व पर वैश्य बिश्नोई सभा ने शरबत का किया वितरण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** वैश्य बिश्नोई सभा कांठ की ओर से रविवार को गंगा दशहरा पर्व पर शिविर लगाकर शरबत का वितरण किया गया ' नगर में मुख्य बाजार गुजरने वाले राहगीरों और दुकानदारों को शर्बत वितरण किया 'तेज गर्मी में शीतल शर्बत पाकर राहगीरों ने राहत महसूस की' इस अवसर पर वैश्य विश्नोई सभा के कार्यवाहक अध्यक्ष अनिल विश्नोई, कोषाध्यक्ष- प्रमोद विश्नोई, अभय विश्नोई,



स्थित वैश्य विश्नोई शिव मन्दिर पर शर्बत वितरण किया गया । सभा के कार्यकताओं ने शर्बत का स्टॉल लगाकर बाजार से मा० बृजेन्द्र विश्नोई, मनोज विश्नोई, हिमांशु विश्नोई, लक्ष्य विश्नोई, पार्थ विश्नोई, अंकुर विश्नोई, अनुज विश्नोई, आदि मौजूद रहे।

**संकल्प**

## भारत विकास परिषद ने गंगा दशहरा पर शिविर लगाकर हजारों लोगों को शरबत का किया वितरण

# समाज सेवा और पर्यावरण की रक्षा का लिया संकल्प

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** भारत विकास परिषद की स्थानीय शाखा ने आज गंगा दशहरा पर शिविर लगाकर हजारों लोगों को भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए शरबत का वितरण किया' इस मौके पर परिषद के लोगों ने संस्कार, सेवा,समर्पण के साथ समाज की सेवा एवं पर्यावरण की रक्षा करने का संकल्प लिया' भारत विकास परिषद के तत्वावधान में रविवार को नगर में पुलिस चौकी के सामने शिविर लगाकर हजारों लोगों को शरबत का वितरण किया गया' इस अवसर पर अपने संबोधन में परिषद के अध्यक्ष सचिन चौहान उर्फ बंटी, वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश माहेश्वरी, कुंवर सुरेंद्र सिंह बिश्नोई, एडवोकेट दीपक बिश्नोई,




आदि ने कहा कि समाज की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है इन लोगों ने पर्यावरण की रक्षा के लिए लोगों से आगे आने का आह्वान किया' कार्यक्रम को सफल बनाने में स्वामी जगदेवानंद जी, प्रांतीय मीडिया प्रभारी सुदेश बिश्नोई, अध्यक्ष सचिन चौहान, सचिव रजत प्रभाकर, पंकज भदौरिया, राजेश शर्मा, डा० मुकेश चौहान, प्रमोद बिश्नोई, अशोक बिश्नोई, महेश चंद गुप्ता , दीपक चौहान, सुरेश चौहान, राजवीर सिंह बिश्नोई, अभय कुमार बिश्नोई, विशाल बिश्नोई, आदि का सहयोग सराहनीय रहा ' सचिन चौहान ने शिविर में आए लोगों का आभार व्यक्त किया।



तपते सूरज और चलती लू के बीच रविवार को कांठ में करीब 44 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ इस सीजन का सबसे गर्म दिन बताया जा रहा है तापमान अधिक होने से लोगों में बेचैनी देखी गई गर्मी से बचने के लिए लोग घरों में कैद हैं भीषण गर्मी के कारण पशु पक्षी भी बेचैन है गर्मी से बचने के लिए जो दर्जन से ज्यादा कबूतर नगर के मोहल्ला बिशनपुर स्थित बिश्नोई मंदिर की चोटी के ऊपर विश्राम करते हुए देखे गए दिन में करीब 11:30 बजे लोग अपने चेहरे पर गमछा, दुपट्टे आदि से ढककर निकलने को मजबूर हैं। भीषण गर्मी से बचने के लिए जब कबूतर मंदिर की चोटी पर विश्राम कर रहे थे। इस दृश्य को दैनिक "बुलन्द संदेश "के तहसील प्रभारी ने अपने कैमरे में कैद कर लिया।

**फोटो सुदेश बिश्नोई "बुलन्द संदेश"**

# बीजेपी पर मल्लिकार्जुन खडगे का हमला, गलती से बनी सरकार,ज्यादा दिन नहीं चलेगी



**नई दिल्ली ।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि यह सरकार गलती से बनी है और ज्यादा दिन नहीं चलेगी। खरगे ने कहा कि वह कुछ नया नहीं कह रहे हैं। वह बस पीएम मोदी की बातें दोहरा रहे हैं। पीएम मोदी खुद इसे खिचड़ी सरकार कह चुके हैं। अगर स्पष्ट बहुमत नहीं होता है तो सरकार कोई भी फैसला लेने की स्थिति में नहीं होती है। 2024 लोकसभा चुनाव में किसी भी पार्टी को स्पष्ट बहुमत (272 सीट) नहीं मिला है और एनडीए गठबंधन ने सरकार बनाई है। भारतीय जनता पार्टी की अगुआई वाले एनडीए गठबंधन में नीतीश कुमार की जनता दल यूनाइटेड और चंद्रबाबू नायुडू की तेलगू देसम पार्टी का समर्थन बेहद अहम है। हालांकि, एनडीए गठबंधन के नेता साफ कर चुके हैं कि वह मजबूती के साथ पीएम मोदी के साथ खड़े हैं और यह सरकार जनता से किए हुए सभी वादे पूरे करेगी। देश को विकसित भारत की दिशा में आगे ले जाएगी। एनडीए गठबंधन में बीजेपी 240 सीट के साथ सबसे बड़ी पार्टी है। टीडीपी 16 सीट के साथ दूसरी बड़ी पार्टी है। जेडीयू के पास 13 सांसद हैं और चिराग पासवान की एलजेपी (रामविलास) के पास पांच सांसद हैं। शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) और अन्य क्षेत्रीय दलों के समर्थन से एनडीए के पास कुल 293 सांसद हैं। कुल मिलाकर टीडीपी और जेडीयू किंगमेकर की भूमिका में हैं और इन दोनों दलों के समर्थन वापस लेने पर एनडीए सरकार गिरने का खतरा रहेगा। हालांकि, दोनों ही दलों के बड़े नेताओं को पीएम मोदी पर पूरा भरोसा है और दोनों नेता साफ कर चुके हैं कि वह मौजूदा सरकार और एनडीए गठबंधन के साथ मजबूती से खड़े हैं।

# निकाह: अस्पताल में हुई अनोखी शादी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**अस्पताल में निकाह कुबूल कराते बीमार बाप**

**नजीबाबाद।** एक ओर जहां देश फादर्स डे मना रहा है वहीं एक बाप ने ज़िन्दगी और मौत के बीच रहकर भी अपने बाप होने का फर्ज.अंजाम देते हुए अपनी दो कुंवारी बेटियों का निकाह अपनी रहतीं ज़िन्दगी में करने का अहम फैसला लेते हुए अपने परिवार को इस मामले में जल्दी करने और उसके सामने ही निकाह पढ़ाने को राजी कर लिया ताकि उसकी जिंदगी में ही बाप का फरीजा अदा हो सके इसके लिए अस्पताल प्रशासन से अनुमति मांगी गई जिसमें मानवता के नाते अस्पताल प्रशासन राजी हो गया और आईसीयू के अंदर भर्ती बाप मौहम्मद इकबाल के सामने दोनों बेटियों का निकाह मुस्लिम रीति रिवाज से हुआ और दोनो दुल्हा ने आइसीयू में ही निकाह पढ़ा जबकि मानवीय आधार पर अस्पताल के डाक्टर निकाह पढ़ाने वाले मौलाना और परिजन इस अनोखी शादी के गवाह बने और एक बाप जहां अपने फर्ज. से अदा हुएं वहीं आईसीयू में भर्ती बाप के बड़े फैसले और हौसले की तारीफ अस्पताल में मौजूद अन्य लोगों ने की सच्चाई यही है कि बाप जहां भी है जिस हालत में भी है वह सिर्फ बाप ही है और इस अनोखी शादी से फादर्स डे मना रही भावी पीढ़ी को भी सीख है कि केवल मोबाइल पर साल में एक बार मैसेज डाल कर जिम्मेदारी पूरी नहीं होती जबकि अगर हम मां बाप के लिए ईमानदार है तो फिर व्रद्ध आश्रम विधवा आश्रम क्यों बनें हुए हैं ।

## सीएम योगी के नवाचार और शोध पर जोर का दिखने लगा असर

# अब एडवांस एमआरआई से ही स्लीप एपनिया का चलेगा पता

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

- सीबीएमआर शोधकर्ता के अध्ययन में राहत भरे नतीजे मिले
- यह अध्ययन ऑक्सफोर्ड एकेडमिक के स्लीप एडवांस जर्नल के ताजा अंक में प्रकाशित हुआ
- एसजीपीजीआई के प्रोफेसर के सहयोग से किया गया शोध

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार नवाचार और शोध पर जोर दे रहे हैं ताकि आधुनिक टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर प्रदेशवासियों को इसका लाभ दिया जा सके। इसी क्रम में सीबीएमआर शोधकर्ता और एसजीपीजीआई के प्रोफेसर ने एमआरआई तकनीक के जरिये स्लीप एपनिया (नींद के दौरान होने वाली समस्याएं) के एडवांस स्टेज का पता लगाने के लिए एक शोध किया, जो सफल रहा। इससे शोध से अब एडवांस एमआरआई से स्लीप एपनिया के एडवांस स्टेज का पता लगाया जा सकेगा। इसके जरिये मरीज का सही दिशा और सटीक इलाज हो सकेगा।

**शोध में सिर की सूक्ष्म संरचना पर पड़ने वाले प्रभाव का पता लगाया**

सेंटर ऑफ बायोमेडिकल रिसर्च (सीबीएमआर) के शोधकर्ता डॉ. अहमद रजा खान ने एसजीपीजीआई के पल्मोनरी मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर जिया हाशिम और रेडियोडायग्नोसिस विभाग के प्रोफेसर जफर नियाज के सहयोग से किए गए अध्ययन में एमआरआई तकनीक के जरिए ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया (ओएसए) के मस्तिष्क की सूक्ष्म संरचना पर पड़ने वाले प्रभाव का पता लगाया है। इस तकनीक से कुछ माइक्रोन से लेकर 20-30 माइक्रोन तक के ऊतक परिवर्तनों की जांच की जा सकती है, जो पारंपरिक एमआरआई माप से 100 से 1000 गुना अधिक संवेदनशील हो सकते हैं। डॉ. अहमद ने बताया कि डिफ्यूजन एमआरआई ऊतकों में पानी के अणुओं के प्रसार को मापता है, जिससे ऊतक सूक्ष्म संरचना के बारे में जानकारी मिलती है। डिफ्यूजन एमआरआई में प्रगति, जैसे कि डिफ्यूजन कर्टोसिस इमेजिंग (डीकेआई), जटिल ऊतक वातावरण में गैर-गौसियन जल प्रसार व्यवहार की जांच करती है। बायोफिजिकल मॉडलिंग का उपयोग करते हुए, डीकेआई पैरामीटर एक्सोनल जल अंश जैसे श्वेत-पैरामीटर प्रदान कर सकते हैं। एक्सोन न्यूरॉन्स के ट्रंक हैं। इसलिए, ऐसी जानकारी (एक्सोनल जल अंश), मस्तिष्क में सेलुलर स्तर की न्यूरोनल संरचना को दशार्ती है।

**चिकित्सीय रणनीति के विकास में होगा बड़ा योगदान**



एसजीपीजीआई के प्रोफेसर ने बताया कि एमआरआई से ऐसी सेलुलर जानकारी (एक्सोनल जल अंश) की जांच करके, शोधकर्ता न्यूरोनल संरचना की अखंडता और रोग प्रबंधन के विभिन्न समय पर ओएसए से जुड़े संभावित परिवर्तनों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। अध्ययन के निष्कर्ष ओएसए वाले व्यक्तियों में देखी गई संज्ञानात्मक हानि और अन्य न्यूरोलॉजिकल परिणामों के अंतर्निहित न्यूरोबायोलॉजिकल तंत्र पर प्रकाश डालते हैं। इन तंत्रों को समझना ओएसए से संबंधित जटिलताओं के प्रबंधन के लिए बेहतर नैदानिक और चिकित्सीय रणनीतियों के विकास में योगदान दे सकता है।

**यह स्लीप एपनिया**

स्लीप एपनिया एक व्यापक स्थिति है, जो सोते समय व्यक्ति की सांस को बाधित करती है। इसके कारण व्यक्ति केवल सांस लेने के लिए जागता है, जिससे उसकी नींद बाधित होती है और उसे आराम महसूस नहीं होता। समय के साथ, स्लीप एपनिया गंभीर या यहां तक कि घातक जटिलताओं को जन्म दे सकता है, इसलिए शीघ्र निदान और उपचार महत्वपूर्ण है।

# ईद की नमाज ईद गाह के अंदर या मस्जिदों में ही अदा करें: मौलाना सैय्यद फरीद उद्दीन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**गुलावठी। (सैय्यद मजहर)।** ईद उल अजहा के पर्व को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है कोतवाली प्रांगण में मीटिंग आयोजित कर अधिकारियों ने ईद का पर्व प्रेम भाईचारा और शांति से मनाने की अपील की है। नगर के उलेमा भी मुस्लिम समुदाय से ईद का पर्व प्रेम भाईचारा और शांति से मनाने की अपील कर रहे हैं । जामा मस्जिद के शाही इमाम मौलाना सैय्यद फरीदुद्दीन ने भी अपील की है कि ईद की नमाज ईदगाह के अंदर ही अदा करें या अन्य मस्जिदों में भी ईद की नमाज का इंतजाम किया गया है ईद की नमाज वहां भी अदा की जा सकती है इसी के साथ-साथ ऐसे जानवरों की कुबार्नी न करें जिन पर सरकार द्वारा पूरी तरह पाबंदी है अपने इस त्यौहार में सफाई व्यवस्था का पूरा ख्याल रखें और जानवरों के अवशेष सड़कों पर न डालकर नगर पालिका की ट्रॉली में डालें अपने नगर को स्वच्छ रखना हम सब की जिम्मेदारी है।

# वार्ष्णेय सभा के पदाधिकारियों ने रेलवे महाप्रबंधक को, सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना) ।** वार्ष्णेय सभा द्वारा रेलवे मुख्य महाप्रबंधक बडौदा हाउस दिल्ली एवं मंडलीय प्रबंधक रेलवे मुरादाबाद के नाम एक सात सूत्रीय ज्ञापन स्टेशन अधीक्षक पी सी शर्मा को दिया गया उक्त ज्ञापन में कहा गया की बहजोई से लखनऊ के लिए ट्रेन का संचालन हो रेलवे स्टेशन पर रिजर्वेशन काउंटरकी व्यवस्था पुलिस चौकी का निर्माण हो स्टेशन पर यात्रियों के बैठने के लिए उचित सीट एवं उनके ऊपर तीन सेट आदि की व्यवस्था हो यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण हो स्टेशन पर खाली पड़ी भूमि पर पार्क का निर्माण हो जलपान व्यवस्था का नियम अनुसार संचालन किया जाए शुद्ध पेयजल व्यवस्था स्टेशन पर सौंदर्य करण विद्युतीकरण की व्यवस्था हो तथा कोरोना काल से पूर्व बंद पड़ी आगरा कैंट ट्रेन का संचालन शुरू किया जाए इस अवसर पर अध्यक्ष लव मोहन वार्ष्णेय सचिन यस वर्धन वोडाफोन अमित कुमार सराफ आयुष वार्ष्णेय गौरव शंकर गोलू महेंद्र पाल अतुल गुप्ता शरद कुमार सौरभ कुमार प्रवीण कुमार राहुल टाइगर आदि लोग उपस्थित रहे।

# जिले में घर घर लगेंगे स्मार्ट मीटर, इसी माह इसकी शुरूआत बदायूं नगर से होगी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बदायूं ।** जिले में पांच लाख विद्युत उपभोक्ता हैं। स्मार्ट मीटर लगने की शुरूआत बदायूं जिले के नगरीय क्षेत्र से हो रही है, जहां 45000 विद्युत उपभोक्ता हैं। प्रत्येक घर में मध्यांचल विद्युत वितरण निगम अपने खर्चे पर प्री-पेड स्मार्ट मीटर लगवाएगा।

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के स्मार्ट मीटर लगाने के लिए घर-घर सर्वे शुरू हो गया है। बदायूं जिले में निजी कंपनी को सर्वे के साथ मीटर लगाने की जिम्मेदारी मिली है। मीटर लगने के बाद न बिजली चोरी हो सकेगी न ही बिल जमा करने की परेशानी होगी। उपभोक्ता मोबाइल सिम की तरह बिजली के लिए मीटर रीचार्ज करा सकेंगे। निगम को समय पर राजस्व मिल सकेगा। शहर के 45000 उपभोक्ताओं के यहां सबसे पहले स्मार्ट मीटर लगेंगे। शहर में जून के अंत तक मीटर लगने शुरू हो जाएंगे। कंपनी के कर्मचारी एक तरफ सर्वेक्षण के जरिए मीटर लगाने के स्थान को चिह्नित कर रहे हैं तो दूसरी तरफ इसी कंपनी की दूसरी टीम मीटर स्थापित करने की तैयारी में है।

सर्वेक्षण कर रही कंपनी इंटेली स्मार्ट के जिला समन्वयक धीरज यादव ने बताया कि मीटर उपभोक्ताओं साथ विद्युत निगम के अभियंताओं के लिए भी सुविधाजनक है। बिलिंग से लेकर भुगतान तक के झंझट खत्म होंगे। ऑनलाइन भुगतान और रीचार्ज की सुविधा रहेगी। ऑनलाइन शिकायत दर्ज करेंगे तो मीटर संबंधी दिक्कत को दूर करने के लिए कर्मचारी आपके द्वार पर पहुंच जाएंगे।



**जिले में पांच लाख उपभोक्ता सबके मीटर होंगे स्मार्ट**

जिले में पांच लाख उपभोक्ता हैं, इन सभी के मीटर स्मार्ट होने हैं। शुरूआत बदायूं जिले के नगरीय क्षेत्र से हो रही है, जहां 45000 विद्युत उपभोक्ता हैं। प्रत्येक घर में मध्यांचल विद्युत वितरण निगम अपने खर्चे पर प्री-पेड स्मार्ट मीटर लगवाएगा। उपभोक्ता को मीटर के बदले कोई भुगतान नहीं करना है। निगम के उप खंड अधिकारी अतुल कुमार ने बताया कि सर्वेक्षण का काम निजी कंपनी कर रही है। मीटर हाईटेक हैं और इसमें बिलिंग से लेकर खपत तक के आकड़े ऑनलाइन विभाग के अधिकारी देख सकेंगे।

अधीक्षण अभियंता अखिलेश कुमार ने बताया कि बदायूं जिले में करीब पांच लाख उपभोक्ता विभिन्न श्रेणियों के हैं। सभी उपभोक्ताओं के घर स्मार्ट मीटर लगने है। मौजूदा मीटर हटेंगे। इसके लिए सर्वे का काम चल रहा है। सर्वे के बाद मीटर लगाने का काम कंपनी के कर्मचारी शुरू कर देंगे।

**सम्मान** | शालिनी सक्सेना, शुचि वार्ष्णेय, सचिन कुमार, मुनीश कुमार को प्रदेश स्तर पर किया गया सम्मानित

# मिशन शिक्षण संवाद के प्रादेशिक शैक्षिक उन्नयन कार्यशाला में जिले के शिक्षकों ने किया नाम रोशन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल (अंकित )।** बुद्ध की पावन नगरी कुशीनगर में मिशन शिक्षण संवाद की दो दिवसीय प्रादेशिक शैक्षिक उन्नयन विमर्श कार्यशाला पी०एन० इंटरनेशनल स्कूल, फाजिलनगर में आयोजित की गई जिसमें प्रदेश भर के उत्कृष्ट शिक्षकों को शैक्षिक उन्नयन की दिशा में किए जा रहे उनके नवोन्मेषी उत्कृष्ट कार्यों हेतु सम्मानित किया गया। जनपद संभल से चार शिक्षकों को पुरस्कृत किया गया। जनपद एडमिन शालिनी सक्सेना, प्राथमिक विद्यालय तारापुर, शुचि वार्ष्णेय, उच्च प्राथमिक विद्यालय दियौराखास, सचिन कुमार, उच्च प्राथमिक विद्यालय शरीफपुर, मुनीश कुमार उच्च प्राथमिक विद्यालय मिजार्पुर ककरौआ को मिशन शिक्षण संवाद के संस्थापक विमल कुमार एवं जनपद कुशीनगर के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ० राम जियावन मौर्य द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। शिक्षक सचिन कुमार, मुनीश कुमार व शिक्षिका शुचि वार्ष्णेय द्वारा दैनिक श्यामपट्ट कार्य, पढ़ाई से प्रतियोगिता तक अभियान, स्वरांजलि, दर्पण न्यूज व मासिक संवाद पत्रिका में तकनीकी सहयोग दिया जाता है। इसके अतिरिक्त शिक्षिका शुचि वार्ष्णेय द्वारा बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित कक्षा 6 की संस्कृत की वंदना को स्वरांजलि के अंतर्गत स्वरमयी प्रस्तुतिकरण दिया गया।

गौरतलब है मिशन शिक्षण संवाद में पढ़ाई से प्रतियोगिता अभियान एवं टीएम निर्माण में शिक्षिका प्रतिभा शर्मा कंपोजिट विद्यालय फरीदपुर एवं रजनी प्राथमिक विद्यालय रामपुर खादर द्वारा भी सहयोग किया जाता है।




# प्रोपर्टी डीलर सुशील चौधरी की हत्या में शामिल शूटर पुलिस मुठभेड़ में घायल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**बिजनौर।** विगत दिनों शहर के व्यस्ततम चौराहे पर धर जातें समय कुछ बदमाशों ने प्रोपर्टी डीलर सुशील कुमार को सर मैं गोली मारकर हत्या कर दी थी और कुछ बदमाश पकड़े जा चुके हैं एक शूटर पहले भी मुठभेड़ में पकड़ा जा चुका है जबकि दूसरा शूटर फरार चल रहा था आज पुलिस मुठभेड़ के दौरान गंज क्षेत्र में दूसरा शूटर भी घायल हो गया जिसके पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया और घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया घायल शूटर हरियाणा के पलवल का कमल उर्फ केशव निकला।

# पानी की कमी को लेकर सुभाष नगर मोड़ पर चक्का जाम कर किया प्रदर्शन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**




**नई दिल्ली ।** आज पश्चिमी जिला के अंतर्गत सुभाष नगर मोड़ पर पानी की कमी और गन्दे पानी की आपूर्ति को लेकर और दिल्ली की भ्रष्ट केजरीवाल सरकार द्वारा टेंकर माफिया को संरक्षण देने के विरोध में पश्चिमी जिला अध्यक्ष चन्दरपाल बक्शी के नेतृत्व में जोरदार धरना प्रदर्शन कर चक्का जाम कर पानी के खाली मटके फोड़ कर अपने गुस्से का इजहार किया गया इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव बब्बर प्रदेश की और से नेतृत्व करने पहुंचे,इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष सुनीता कांगड़ा, पूर्व मेयर श्याम शर्मा, नरेंद्र कुमार चावला,वरिष्ठ भाजपा नेता सत्यनारायण डंग, पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश खन्ना, हेमंत सेतिया, कर्नल बीके ओबरॉय,महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष स्वाति शर्मा, सहित जिला के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी जैसे जिला उपाध्यक्ष महेश यादव, राधिका सेतिया,रविन्द्र सिंह सोनू, मंत्री चरनजीत सिंह लवली, गगनदीप साहनी, महामंत्री श्वेता सैनी, सन्तोष गुप्ता, मंत्री गगन साहनी,अमित कोहली, वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश सांकला, मीडिया प्रभारी अमरजीत सिंह अमर, निगम पार्षदा उर्मिला चावला,सुमन गंगवाल, सुमन त्यागी, वरिष्ठ नेता आनन्द त्यागी, सहित सभी मंडलों के अध्यक्ष एवं उनकी टीम मोजूद रही, इतनी भयानक गर्मी में इतनी भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताअें का प्रदर्शन में पहुंच कर रोष व्यक्त करना बहुत उनकी पीड़ा दशार्ता है और इससे पता चलता है कि सभी पानी की समस्त से त्रस्त है।

# मुहब्बत, मुरव्वत और मवददत की याद : ईदुल अजहा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** इंसानी तारीख की सबसे मशहूर हस्तियों में शामिल हजरत इब्राहिम अ० और हजरत इस्माइल अ० की मुहब्बत, मुरव्वत और मवददत की यादगार ईदुल अजहा, इस्लाम के अमली किरदार को नुमायां करती है।

दुनिया के खालिक ओ मालिक के लिए अपनी मवददत के पेशे नजर हजरत इब्राहिम अ० ने अपनी पदरी मुहब्बत को दबा कर अपने प्यारे बेटे हजरत इस्माइल अ० को राहे खुदा में कुर्बान करने का इरादा किया और खुदा पर बराबर का भरोसा रखने वाले बेटे ने भी मुरव्वत और मवददत का इजहार किया जिसका नतीजा दुनिया जानती है लेकिन अल्लाह को अमल में नहीं आया हुआ यह अमल इतना पसंद आया कि इस मुहब्बत, मुरव्वत और मवददत को अपने कानून का हिस्सा बनाकर हर साल अपने हैसियतदार बंदों पर इसकी यादगार मनाने को वाजिब करार दिया। लेकिन वक़्त गुजरने के साथ साथ इस शानदार यादगार में मुहब्बत, मुरव्वत ओ मवददत के जज्बे घटते चले गए और खुद पसंदी, मुनाफकत ओ रियाकारी का बाजार गर्म होता चला गया जबकि कुरान में अल्लाह का खुला हुआ हुक्म है कि कुबार्नी का खून या गोश्त अल्लाह तक नहीं पहुंचता है बल्कि कुबार्नी देने वाले की पाक नीयत पहुंचती है इसलिए दिखावे के लिए की गई महंगी कुर्बानियों का अल्लाह की राह में कोई मोल नहीं है।




ईदुल अजहा को कुर्बानी के महंगे जानवरों और अपने घरों के गोश्त से भरे रेफ्रिजरेटर्स के दिन के तौर पर अपनी अगली नस्लों तक मत पहुंचाईये बल्कि उन्हें इस दिन के अस्ल दर्स की रुह महसूस कराईये। उनमें एक दूसरे के लिए मुहब्बत, दूसरों की खुशी के लिए कुछ दर्द सहने की मुरव्वत और सबसे आगे बढ़ कर रजा ए खुदा के लिए मवददत के जज्बे पैदा करने की कोशिश कीजिये। इसलिए हुक्म है कि कुबार्नी का एक तिहाई हिस्सा रिश्तेदारों और एक तिहाई हिस्सा जरुरतमंद इंसानों को पहुंचाना है, उनके आने का इंतजार नहीं करना है। गरीब और लाचार इंसानों के लिए गिजा का ये इंतजाम इंसानी मुआशरे में अमन, सुकून और हम आहंगी पैदा करने का एक तरीका है जो हैसियतदारों को कमजोरों से जुड़ने और उनकी परेशानियों को महसूस करने का मौका फराहम कराता है।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंव एडिटर इन चीफ प्रदीप कुमार अग्रवाल , ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, 9810113170, 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267

# महिला थाना प्रभारी के नेतृत्व में एंटी रोमियों स्क्वायड, बाल श्रम उन्मूलन, यूपी-112, वूमेन पावर लाइन-1090 एवं आत्मरक्षा संबंधी टिप्स

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**बुलन्दशहर (वसीम )।** शासन के निर्देशानुसार महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरुक करने हेतु मिशन शक्ति अभियान के क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा आज बालिकाओं/छात्राओं एवं महिलाओं के साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम एवं अभियान को सफल बनाए जाने हेतु मंदिरों/पंडालों, स्कूल/कॉलेजों में जाकर तथा गांव-गांव में चौपाल लगाकर छात्राओं/बालिकाओं एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर, नारी सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन हेतु सुरक्षा जागरूकता के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां, जैसे विभिन्न हेल्प लाइन नंबर, महिला हेल्प डेस्क, एंटी रोमियों स्क्वायड, बाल श्रम उन्मूलन, यूपी-112, वूमेन पावर लाइन-1090 एवं आत्मरक्षा संबंधी टिप्स, गुड टच, बैड टच आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है तथा उ0प्र0 सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है। महिला सुरक्षा की दृष्टि से बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा सादे कपड़ों में संवैदनशील क्षेत्र का भ्रमण करते हुए अनावश्क रुप से घूम रहे लड़को/व्यक्तियों को चिन्हित करते हुए आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

# गंगा दशहरा पर आरएसएस स्वंयसेवकों ने यातायात व्यवस्था की संभाली कमान, कैम्प लगाकर ठंड़े शरबत से बुझायीं

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**डिबाई (केपीसिंह चौहान)।** विधानसभा क्षेत्र के गांव रामघाट में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड नरौरा के स्वंयसेवकों ने गंगा दशहरा के पर्व पर रामघाट पुलिस के साथ मिलकर यातायात व्यवस्था में पुलिस का सहयोग किया। साथ ही गंगा में गंदगी न फैलाने के लिए श्रद्धालुओं को जागरूक किया और पर्यावरण संरक्षण करने के लिए अपील की। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नरौरा खंड के मंडल रामघाट, जरगवां और बैलोन के स्वंयसेवको ने खंड कार्यवाह अजय कुमार आजाद और खंड संघचालक रामप्रकाश ने सभी स्वंयसेवकों को संपूर्ण गणवेश को साथ लेकर रामघाट गंगा घाट पर साफ सफाई के लिए श्रद्धालुओं को जागरूक किया और पुलिस के साथ मिलकर यातायात व्यवस्था में पुलिस प्रशासन का सहयोग किया। साथ ही भीषण गर्मी से बेहाल श्रद्धालुओं के लिए ठंडा जल और शरबत वितरण किया। मंडल कार्यवाह देवेंद्र,अमित कुमार, राहुल, नेमपाल,पवन, विजय,सोनू सहित तीन दर्जन स्वंयसेवको ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

